27 june pg 1_Document31.qxd 6/26/2024 11:59 PM Page 1








# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 253
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरूवार | 27 जून, 2024


## यूपी में पर्यटन की असीम संभावनाएंः योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का हृदयस्थल उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अनेक संभावनाएं हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि गत वर्ष उत्तर प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे यानी आबादी की लगभग दोगुनी संख्या पर्यटन की दृष्टि से यहां आई थी। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए आए थे। 2023 में काशी में यह संख्या 10 करोड़ से अधिक थी।

मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से अधिक थी। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। औसतन प्रतिदिन डेढ़-दो लाख पर्यटक अयोध्या धाम आ रहे हैं।योगी ने कहा कि यूपी में कई ऐसे साइट्स हैं, जहां पर्यटक आते हैं। लखनऊ के बगल में नैमिषारण्य, चित्रकूट, शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी स्प्रिचुअल टूरिज्म की अनेक संभावना पहले से है। यह संभावनाएं बताती हैं कि यदि स्प्रिचुअल टूरिज्म के लिए स्थान है तो इसका मतलब यह मानव सृष्टि और जीव सृष्टि का उद्गम स्थल है। इसके सबसे बड़े प्रमाण सोनभद्र के फासिल्स पार्क को देखें।




**सीएम योगी- जून में पड़ी गर्मी के लिए हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां जिम्मेदार**

## सत्तापक्ष पर भी हो स्पीकर का अंकुशः अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । नयी दिल्ली

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा के नवविर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला को बधाई दी।अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई कि उनका अंकुश विपक्ष के साथ साथ सत्तापक्ष पर भी रहेगा तथा निष्कासन जैसी कार्रवाई नहीं होगी।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार इस उत्तरदायित्व को संभाल रहे हैं।

### पाकिस्तान के कराची में भीषण गर्मी का कहर

## 36 लोगों की मौत!

जन एक्सप्रेस । कराची

पाकिस्तान के कराची में इस वक्त बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रही है। स्थानीय लोग पिछले दो दिनों से लू से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही गर्मी से मरने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है।

कराची शहर में अज्ञात शव मिल रहे हैं। शवों के मिलने की संख्या बढ़कर अब 36 हो गई है। इससे अधिकारी बहुत ज्यादा चिंतित हो गए हैं। दरअसल न तो किसी ने शवों का दावा किया है और न ही इन अज्ञात मौतों के लिए कोई कारण बताया गया है। सिंध प्रांत की सरकार ने अज्ञात शवों की बरामदगी के बाद कराची में कम से कम 77 हीट वेव राहत केंद्र बनाए हैं। बीते तीन दिनों में भीषण गर्मी में कम से कम 36 लोगों की मौत की खबर है।



**शवगृहों में शव रखने की जगह नहीं बची**

## एक नज़र

### बिरला ने राहुल को विपक्ष के नेता के रूप में दी मान्यता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे दी है।लोकसभा सचिवालय से इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में बुधवार को बताया गया कि श्री गांधी को सदन में विपक्ष के नेता की मान्यता दी गयी है और इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। श्री गांधी को हिंदी को भेजे पत्र में लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि उनका नेता प्रतिपक्ष का दर्जा इस माह नौ जून से प्रभावी रहेगा .

### झमाझम बारिश के बीच योगी ने की गोसेवा

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद बुधवार सुबह झमाझम बारिश के बीच मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने भीगने की परवाह न करते हुए गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया।आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। बुधवार सुबह मानसून की पहली झमाझम बारिश के बावजूद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे .

### अयोध्या में रामजन्मभूमि पथ पर जलभराव

**अयोध्या।** अयोध्या में मानसून की बरसात में श्रीरामजन्मभूमि पथ पर पर्यटकों को जलभराव की समस्या से दोचार होना पड़ा है। बिड़ला धर्मशाला के ठीक सामने रामजन्मभूमि पथ का निर्माण किया गया है। जहां पर आज बीती रात भारी वर्षा होने के कारण वहां पर पानी भर गया है। श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने के लिये पानी से हो करके श्रीरामजन्मभूमि मंदिर जा रहे हैं। पानी भर जाने से श्रद्धालुओं को आने-जाने की दिक्कत तो हो रही है लेकिन इसके बावजूद दर्शन करने के लिये तांता लगा हुआ है।

### जम्मू-कश्मीरः डोडा में मुठभेड़, भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद

## तीन आतंकवादी ढेर

जन एक्सप्रेस । डोडा

जम्मू संभाग के जिला डोडा में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिले के गंदोह इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हो रही है। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। गोलीबारी के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

यह इलाका घने जंगल और पहाड़ से घिरा हुआ है। यहां तेज बारिश हो रही है। इसी बीच ऑपरेशन चल रहा है। डोडा में पिछले कुछ दिनों से लगातार आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी बीच कई बार अलग-अलग जगहों पर संदिग्ध देखे जाने की भी सूचना मिल रही थी, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लग पा रही थी। आज मुठभेड़ स्थल क्षेत्र में फिर संदिग्ध देखे जाने के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हो गई। राजोरी पुलिस थाने और चिंग्स पुलिस चौकी के अतंर्गत आते पिंड नारिया गांव में मंगलवार को एक हैंड ग्रेनेड और पाकिस्तान करंसी का फटा नोट मिला।

**राजोरी के पिंड नारिया में हैंड ग्रेनेड और पाकिस्तानी करंसी बरामद**



### 11 जून को डोडा में हमला कर भाग निकले थे आतंकी

11 जून, देर रात डोडा के भद्रवाह तहसील के छत्रगलां में आतंकियों ने नाका पार्टी पर हमला किया। दहशतगर्दों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हुई, लेकिन अंधेरे का फायदा उठा कर आतंकी भाग निकले थे। इस हमले में सेना के पांच जवान और एक एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) घायल हुए थे। वहीं, 9 जून को आतंकियों ने रियासी जिले में बड़े आतंकी हमले को अंजाम दिया था। रियासी में शिवखोड़ी धाम से कटड़ा जा रही बस पर आतंकियों ने हमला किया। इसमें नौ श्रद्धालु मारे गए और करीब पचास तीर्थयात्री घायल हुए। वहीं, अगले दिन सांबा में आतंकियों ने एक घर पर महला किया। यहां हुई मुठभेड़ दो पाकिस्तानी आतंकी मारे गए।

### ऑपरेशन लागोर जारी

सेना की व्हाइट नाइट कोर ने डोडा मुठभेड़ को लेकर जानकारी साझी की है। सेना ने इसे ऑपरेशन लागोर नाम दिया है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस का संयुक्त अभियान भद्रवाह सेक्टर के गंडोह में शुरू किया गया है। आतंकियों की मौजूदगी का पता चल गया है। दोनों ओर से गोलीबारी जारी है।

## केजरीवाल 3 दिनों की सीबीआई हिरासत में

जन एक्सप्रेस । नयी दिल्ली

आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया।राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने श्री केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद श्री केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ आज उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया।

इससे पहले श्री केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती थी और उन्होंने

## मंदिर की छत से पानी की एक बूंद भी नहीं गिरीः चंपत राय



जन एक्सप्रेस । अयोध्या

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बुधवार को कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में वर्षा काल के दौरान छत से एक बूंद पानी नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है।गौरतलब है कि पिछले दिनो रामलला के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास ने बयान दिया था कि गर्भगृह को छोडकर जहां पर श्रद्धालु दर्शन करते हैं वहां पर पहली बरसात में पानी टपकने लगा था।

इस बयान को खारिज करते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने मंगलवार को कहा था कि मंदिर की छत से पानी नहीं टपक रहा था बल्कि बौछार आने से पानी आ गया था।श्री राय ने इस बारे में बयान जारी कर कहा कि अयोध्या में दो दिन हुए वर्षा के दौरान गर्भगृह जहां भगवान रामलला विराजमान हैं वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है।उन्होंने कहा कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है।

इसे गूढ़मण्डप कहा जाता है। वहाँ मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात (भूतल से लगभग 60 फीट ऊँचा) घुम्मट जुड़ेगा और मण्डप की छत बन्द हो जाएगी। इस मंडप का क्षेत्र 35 फीट व्यास का है, जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढक कर दर्शन कराये जा रहे हैं।

### ध्वनिमत से हुआ फैसला, आसन तक लेकर गए मोदी-राहुल

## ओम बिरला फिर स्पीकर



जन एक्सप्रेस । नयी दिल्ली

लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष के पद पर आसीन होकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करने वाले ओम बिरला अपनी वाकपटुता और सौम्यता के साथ-साथ प्रशासनिक दृढ़ता के लिये जाने जाते हैं। अपने युवा जीवन से ही राजनीतिक यात्रा की शुरूआत करने वाले 61 वर्षीय श्री बिरला राजस्थान की कोटा-बूंदी लोक सभा सीट से लगातार तीन बार निर्वाचित हुये हैं। इससे पहले वह राजस्थान विधानसभा में तीन बार कोटा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

श्री बिरला ऐसे पांचवे जनप्रतिनिधि हैं, जिन्हें लगातार दो बार लोकसभा अध्यक्ष का पद सुशोभित करने का अवसर मिला है। इससे पहले श्री एम ए अयंगार पहली लोकसभा में जी वी मावलंकर के निधन के बाद आठ मार्च 1956 को अध्यक्ष चुने गये और दूसरी लोकसभा के गठन के बाद 16 अप्रैल 1962 को अध्यक्ष निर्वाचित हुये थे। श्री गुरदयाल सिंह ढिल्लों को आठ अगस्त 1969 को नीलम संजीव रेड्डी के इस्तीफे के बाद चौथी लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया।

**ओम बिरला बने 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष**

## जो काम आजादी के बाद नहीं हुए अब होंगेः मोदी

जन एक्सप्रेस । नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला को बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके दूसरे कार्यकाल में संसद देश के नागरिकों को सपनों को पूरा करेगी और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नये नये कदमों से नये कीर्तिमान कायम होंगे। श्री बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने और उन्हें आसन पर आरूढ़ कराये जाने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने भाषण में कहा, यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। आपको मेरी और इस पूरे सदन की तरफ से बहुत शुभकामनाएं।

### पति केजरीवाल की सीबीआई गिरफ्तारी पर बोलीं सुनीता

## कानून नहीं तानाशाही है!

जन एक्सप्रेस । नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि उनके पति जेल से बाहर न आएं और इस बात पर जोर दिया कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि जब केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना थी, तो भाजपा घबरा गई और उन्हें फर्जी मामले‍ में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करवा दिया गया।सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि 20 जून अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत एऊने स्टे लगवा लिया।



अगले ही दिन सीबीआई ने आरोपी बना दिया। और आज गिरफ़्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये कानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और भ्रष्टाचार मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक की पांच दिन की हिरासत मांगी ईडी द्वारा जांच की जा रही उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल 1 अप्रैल से जेल में हैं।

10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत दे दी थी. वह 2 जून को जेल लौट आए। उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा इसके निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद जुलाई 2022 में केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 को वापस ले लिया गया था।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** जो भाजपा नेता पिछले कई वर्षों से अपनी कार पर हूटर लगाकर आराम से घूमते थे, अब उन्हें चौराहों पर रोक कर सरेआम उतारा जा रहा

## यूपी में भाजपा के खराब प्रदर्शन के 'साइड इफेक्ट्स'

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के साइड इफेक्ट्स सामने आने लगे हैं। पार्टी आलाकमान द्वारा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी पर करवाई कब होगी यह तो वक्त बताएगा, छोटे और मझोले नेताओं पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

अभी तक जो भाजपा नेता पिछले कई वर्षों से अपनी कर पर हूटर लगाकर आराम से घूमते थे, अब उन्हें चौराहों पर रोक कर सरेआम उतारा जा रहा है। पहले लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ यह वाकया हुआ, मंगलवार को कानपुर में कानपुर दक्षिण भाजपा उपाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी भी पुलिसिया सख्ती के शिकार हुए।

- पार्टी आलाकमान द्वारा प्रदेश स्तर के पदाधिकारी पर करवाई कब होगी यह तो वक्त बताएगा, छोटे और मझोले नेताओं पर शिकंजा कसना शुरू हो गया
- पहले लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ यह वाकया हुआ, मंगलवार को कानपुर में कानपुर दक्षिण भाजपा उपाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी भी पुलिसिया सख्ती के शिकार हुए

**पुलिस को दिए गए हैं विशेष निर्देश**

हूटर और ब्लैक फिल्म उतारने के नाम पर लगातार भाजपा नेताओं को निशाना बनाए जाने के पीछे बदले की कार्रवाई प्रमुख कारण मानी जा रही है। दरअसल भाजपा के कुछ नेता इस कदर अहंकार में डूबे रहे कि पार्टी के हर उम्मीदवार को चुनाव में कोई नहीं हरा सकता। ऐसे नेता लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं के पास निकले ही नहीं। यह खुद का महिमा मंडन और भोकाल टाइट करने में लगे रहे। ऐसे नेताओं की कारगुजारियों का खामियाजा पार्टी को चुनाव में भुगतना पड़ा। सूत्रों के अनुसार अब योगी सरकार ने ऐसे नेताओं को सबक सिखाने और उनके कद का अहसास कराने के लिए पुलिस को खुली छूट दे दी है। यही कारण है कि सत्ता वाले दल के नेता होने के बाद भी एक के बाद एक ऐसे नेताओं की कार से हूटर और ब्लैक फिल्म उतारे जा रहे हैं।

**सख्ती थी, तो अब तक क्यों नहीं हुई कार्रवाई**

इस कार्रवाई के बीच दावा किया जा रहा है कि भाजपा नेता इस मामले को बेवजह तूल दे रहे हैं। योगी सरकार में यह पुलिस की कार्यशैली का हिस्सा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि प्रदेश में 2017 से योगी सरकार है। फिर अचानक 2024 में कार से हूटर और ब्लैक फिल्म उतारने का निर्णय क्यों लिया गया। जबकि यही नेता इस दौरान आराम से अपनी कार पर हूटर लगाकर घूमते रहे।

**ब्राह्मण नेताओं पर ही सख्ती क्यों!**

हूटर लगाकर चलने वाले भाजपा नेताओं में कार्रवाई के नाम पर ज्यादातर ब्राह्मण नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

अब यह महज इत्तेफाक है कि पुलिस जब-जब अभियान चलाती है तो उस वक्त वहां से कोई ब्राह्मण भाजपा नेता गुजरता हुआ गिरफ्त में आ जाता है या फिर चुन चुन कर ब्राह्मण भाजपा नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। जबकि भाजपा के पदाधिकारी तो दूर प्रधान और पार्षद प्रतिनिधि भी अपनी कार पर हूटर लगाकर घूम रहे हैं।

# एसओजी ने मुठभेड़ में दबोचे तीन शातिर बदमाश फायरिंग के दौरान दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस | उरई



रेंढ़र थाना पुलिस एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। जिसमें लूट व चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुठभेड़ के दौरान फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए।

एसपी डॉ. ईरज राजा के निर्देश पर जिले के बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसीक्रम में मंगलवार देर रात को एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना रेंढर पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा कमसेरा चौराहे पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मुखविर व आने जाने वाले लोगों ने बताया कि कुछ बदमाश कमसेरा अमखेड़ा रोड पर राहगीरों से लूट पाट कर रहे है। सूचना मिलते ही एसओजी प्रभारी सत्येंद्र यादव व थाना प्रभारी नीलम कुमारी की संयुक्त टीम ने बदमाशों की गिरफ़्तारी के लिए दबिश दी। पुलिस बल देखकर बाइक सवार बदमाशों ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी। जिसमे टीम बाल-बाल बची और फिर पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की।

जिसमे दो शातिर बदमाश सुनील कुमार कुशवाह निवासी ग्राम बघावली थाना रामपुरा व अखिलेश पांचाल निवासी मोहल्ला भवानीराम कस्बा जालौन के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गए। जबकि पंकज सिंह राजावत निवासी ग्राम बिरिया थाना माधोगढ़ ने पुलिस के लंगड़ा आपरेशन के भय से खुद को सरेंडर कर दिया। इन सभी के पास से तीन तमंचे, ज़िंदा व खोखा कारतूस और बाइक बरामद हुई। जबकि घायल बदमाश सुनील कुशवाहा और अखिलेश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से भैंसें चरा रहे किसान की झुलसकर मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा थाना क्षेत्र के करमचंदपुर में बारिश के दौरान गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से भैंसें चरा रहे वृद्ध किसान की मौत हो गई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम करमचंदपुर निवासी ठाकुरदीन उर्फ पुतु लाल 60 वर्ष रोज की तरह बुधवार को भैंस चराने खेत के पर गया था। तभी अचानक बारिश के चलते वह पेड़ के नीचे बैठ गया। इसी दौरान गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिससे पेड़ के नीचे बैठा वृद्ध झुलस गया और उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे, और उसके एक पुत्र अमित है। फिलहाल घटना के बाद से उसकी पत्नी रामकुंवर सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 29 तक पूरी करें सहायक अध्यापकों की विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देशों के क्रम में 12460 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अर्ह नवनियुक्त सहायक अध्यापकों के ऑनलाइन विद्यालय आवंटन प्रक्रिया के लिए 27 जून के अपराह्न से 29 जून तक कार्यवाही पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के अनुपालन में अर्ह नवनियुक्त शिक्षकों को आदेशित किया जाता है कि निम्न समय सारिणी के अनुसार 28 जून को ससमय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट शिवरामपुर में उपस्थित होकर तैनाती समिति के समक्ष विद्यालय आवंटन के लिए ऑनलाइन विकल्प पत्र निर्धारित समय सारिणी में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में प्रतिस्थानी स्वीकार नहीं किया जाएगा। अनुपस्थित की दशा में प्रत्यावेदन पर विचार किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि समस्त दिव्यांग महिला व दिव्यांग पुरुष एवं समस्त महिला वर्ग 28 जून को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक एवं समस्त पुरुष वर्ग 28 जून को अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत करें।

# दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 8 वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

कोरोना काल के दौरान हुई दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मृतका के पति को 8 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 8 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि दहेज हत्या के मामले की रिपोर्ट सरधुवा थाने में रैपुरा थाना क्षेत्र के गढवारा गांव के निवासी पुरूषोत्तम ने बीती 5 सितम्बर 2020 को लिखाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बेटी सविता की शादी सरधुवा निवासी अखिलेश के साथ 6 साल पूर्व की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज देने के बावजूद बेटी के ससुराल वाले खुश नहीं थे और 50 हजार रूपए की मांग कर रहे थे। बेटी द्वारा इस चीज की जानकारी दिए जाने पर उसने पैसा न होने के चलते असमर्थता जाहिर कर दी थी। दहेज के लिए उसकी बेटी के साथ ससुरालीजन अक्सर मारपीट करते थे।

इसकी शिकायत भी उसने थाने में की थी। जिसके बाद पुलिस ने सुलह करा दिया था। इसके बावजूद ससुरालीजनों के आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ और बीती 27 मार्च 2020 की रात उसकी बेटी के साथ मारपीट की गयी और मृत्यु होने के बाद घटना छिपाने के उद्देश्य से घर के पास सुखे कुएं में फेंक दिया गया। सबेरे गांव के लोगों द्वारा इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की मौजूदगी में सूखे कुएं से बाहर निकाला गया।

मृतका के पिता ने बताया कि घटना के समय वह मध्य प्रदेश के जबलपुर में मजदूरी करने गया था। मोबाइल पर सूचना मिलने के बाद उसने तत्काल यहां आने का प्रयास किया, किन्तु वैश्विक बीमारी कोरोना के कारण लगे लाकडाउन में वाहन नहीं चल रहे थे। इसके चलते वह सूचना के लगभग 20 दिन बाद पैदल अपने घर पहुंचा था। थाने जाने पर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी इसके चलते उसने न्यायालय में धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। जिसे चित्रकूट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा स्वीकार करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश बीती 30 जुलाई 2020 को दिए गए थे। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी और मामले के मुख्य आरोपी अखिलेश को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी मृतका के पति अखिलेश को 8 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 8 हजार रूपए अर्थदण्ड के लिए दण्डित किया गया।

# डीएम ने सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल परियोजनाओं का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | उरई





जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आरआरसी सेंटर, अमृत सरोवर तालाब, निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खाधान्न स्मार्ट मॉडल शॉप, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने डकोर विकास खंड के ग्राम ऐरी रमपुरा में विकास कार्यों का लोकार्पण किया था। जिसके बाद अब तक विकास कार्यों का निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित कार्यदायी संस्था व अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए। बताते चलें कि विगत वर्षों में मुख्यमंत्री ने ग्राम ऐरी रमपुरा में जनसभा को सम्बोधित किया था। जहां उन्होंने ग्रामीणों को राजकीय हाईस्कूल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दी थी। जिसका लोकार्पण भी मुख्यमंत्री ने किया गया था। गांव में बनने वाले राजकीय हाईस्कूल के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को 20 नवंबर 23 को सौंपा गया था। जिसकी लागत 2.428 करोड़ है।

इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को सौंपी गई थी। जिसकी लागत 2.16 करोड़ है। ग्राम ऐरी रमपुरा पहुंचे जिलाधिकारी ने इन निर्माण कार्यों की पड़ताल की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान एक दीवाल तिरक्षी पाई गई। जिसे जिलाधिकारी ने तुड़वाकर पुनः बनाए जाने के निर्देश दिए। जिसके बाद उन्होंने राजकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य समय रहते गुणवत्तापूर्ण कराए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इसके वाद जिलाधिकारी ने गांव में नहरों से भरे जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अमृत वाटिका बनाए जाने के निर्देश दिए। जिसमें छायादार व औषधीय पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गांव के खाधान्न स्मार्ट मॉडल शॉप, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि साशन की योजनाओं का लाभ जनमानस को पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण खुले में शौच न जाएं घर में निर्मित शौचालय व सामुदायिक शौचलय का ही प्रयोग करें।

## शिकायत के बाद भी नहीं मिला न्याय, पीड़ित ने तहसील परिसर में काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा क्षेत्र में कई बार शिकायत करने के बाद भी न्याय न मिलने पर तलवार लेकर तहसील पहुंचे युवक ने जमकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे किसी तरह समझाकर मामला शांत कराया और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम भैलावली निवासी रिंकू तलवार लेकर तहसील पहुंच गया और जान से मरने की बात कहकर वह चिल्लाने लगा। इस दौरान शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे वकीलों ने उसे किसी तरह शांत कराकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे किसी तरह समझा बुझाकर शांत किया और उससे जानकारी ली। रिंकू ने पुलिस को बताया कि हमारी जमीन व मकान पर परिवार व मुहल्ले के लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है। जिसको लेकर एसडीएम, तहसीलदार व पुलिस को कई बार शिकायत के बाद कोई सुनवाई नहीं की गई है।

# बकरी पालकों को दिया गया प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस | मानिकपुर, चित्रकूट

इब्तिदा सांस्था के महिला आजीविका संवर्धन कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक मानिकपुर के हरिजनपुर, केकरामार, मज गुरदरी, करोहा, ऐल्हा और उमरी गांव की 187 महिला बकरी पालकों को उन्नत बकरी प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आवास व्यवस्था, खान-पान, पौषण, बीमारियों से बचाव और नश्ल सुधार को लेकर जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बकरी के खान-पान के लिए उनको खिलाने के लिए चारा, दाना-पानी की जानकारी दी। बकरियों को स्वस्थ्य रखने के लिए सप्ताह में एक बार आधा चम्मच हल्दी पानी पिलाना, नीम की पत्ती खिलाएं, बकरी की ढाण लोहे की बनवाएं और उसमें काला नमक डाल कर रखें।

बकरियों की देखभाल के लिए बकरियों का आवास साफ-सुथरा हवादार व जंगली जानवरों से सुरक्षा करने वाला होना चाहिए। बकरियों में जू और चिंचडी, फडकिया, खुरपका, मुंहपका और पीपीआर के रोगों से बकरी को बचाने के लिए घरेलू व प्राथमिक उपचार के साथ बीमारी आने से पूर्व टीकाकरण कराने को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर दिनेश कुमार नायक, ब्लाक कॉर्डिनेटर लक्ष्मीनारायण राठी, रामऔतार, फील्ड समन्वयक लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## 2 जुआरी जुआ खेलते हुये गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा मुख्य आरक्षी शशि कुमार, आरक्षी नीतू द्विवेदी, बहोरन सिंह, शिवपूजन यादव द्वारा जुआ खेलते हुये अब्दुल सलीम निवासी द्वारिकापुरी व चन्द्रकान्त सोनी निवासी बस स्टैण्ड को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 5560 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 2850 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

बकरी चराने गई नाबालिक लडकी के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 7 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। इसके अलावा मुख्य आरोपी के माता-पिता को भी 4-4 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला ने बीती 7 जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार बीती 6 जुलाई 2022 को दोपहर एक बजे उसकी 14 वर्षीय बेटी अपनी धान की फसल की रखवाली कर रही थी। साथ ही बकरी भी चरा रही थी। इस दौरान खेत से दूर भाग रही बकरी को पकडने के लिए उसकी बेटी कुछ दूर निकल गई। इस दौरान वहां गुड्डू पहुंच गया और उसकी बेटी को जबरन तालाब के पास घसीटकर ले गया।

जहां उसके साथ दुराचार करने के बाद घर में न बताने की धमकी दी। घर लौटने पर बेटी ने पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद वह उलहना देने के लिए आरोपी के घर गई। जहां गुड्डू के पिता किशोरी व मां विषमतिया ने भी गाली गलौच किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने बुधवार को इस मामले में निर्णय सुनाया।

जिसमें नाबालिक लडकी के साथ दुष्कर्म का दोष सिद्ध होने पर आरोपी रैपुरा थाने के भौरीं गांव के गेटा का पुरवा निवासी गुड्डू को 20 वर्ष कठोर कारावास के साथ 7 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही मुख्य आरोपी के पिता किशोरी लाल व माता विषमतिया को भी 4-4 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# डीएम अभिषेक आनन्द को दी भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा की उपस्थिति में बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की जिला कलेक्टरेट सभागार में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में लगभग 2 साल काम करने का मौका मिला। भगवान श्री राम की पवित्र भूमि पर काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि चैराहा, रामघाट, पर्यटन, तुलसी स्मारक व अन्य कार्य प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि जो कार्य नहीं हुआ उसे सभी लोग पूरा कराए। कहा कि जनपद में सभी का सहयोग मिला। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव, मेले का आयोजन भगवान राम की कृपा व सभी लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि किसी के साथ गलत नहीं किया, सभी लोगों ने उनके साथ कार्य किया, अगर सही से डायरेक्शन दिया जाए तो जनपद आगे बढ सकता है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कलेक्टर और कप्तान की जोडी राम लक्ष्मण की जोडी कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के साथ 6 महीने कार्य करने का अवसर मिला, लेकिन एक दिन भी ऐसा नहीं लगा कि हम लोग नए हैं। उन्होंने कहा कि तीन दशक नौकरी के बाद सीखने को मिला की विषम परिस्थिति में कैसे धैर्य रखा जाए। जनता की बात को सुनना एक अच्छे अधिकारी की पहचान है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों को पावर मिलने के बाद लोग बदल जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए जो आज जिलाधिकारी के पास है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी हवा व पानी जैसा सरल व स्वच्छ साफ छवि के अधिकारी हैं। सफल नेतृत्वकर्ता के बाद इस रोशनी को अन्य जिलों में ले जा रहे हैं, उसके बाद कहीं और ले जाएंगे। वहां पर भी रोशन करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि चित्रकूट में जो भी विकास कार्य हुए उसमें जिलाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि अब कार्य चालू हो गया है, आगे भी चलता रहेगा और जनपद आगे बढता जाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कभी प्रेशर के रूप में कार्य नहीं किया। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी मृदुभाषी के रूप में पहचान है, जो कठिन समस्याओं का समाधान किया।

## युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप, मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर छेड़छाड़ कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। तभी एक युवक पवन कुमार पुत्र छोटे सिंह कुशवाहा उसके घर में घुस गया और उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। तभी शोरगुल सुनकर वह हैडपंप से पानी भरकर मौके पर पहुंच गई। इतना ही नहीं पड़ोस के लोगों के अलावा मोहल्ले के कुछ लोग मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख वह गाली गलौजकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसकी सूचना हमने पुलिस को दी। तब तक वह मौके से भाग चुका था। मामले में थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, और बारीकी से मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# नवागन्तुक डीएम ने ग्रहण किया कार्यभार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



नवागन्तुक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन बुधवार को जिला कोषागार पहुंच कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

नवागंतुक जिलाधिकारी 2015 बैच के आईएएस हैं एवं मूलतः कर्नाटक बैगलोर के निवासी हैं। जिलाधिकारी 2016 में असिस्टेंट कलेक्टर जौनपुर, 2017 ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गाजीपुर, 2019 में सीडीओ देवरिया और 2021 से कानपुर नगर आयुक्त रहे।

नवागंतुक जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस को लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जो आम जनमानस की समस्याएं जनसुनवाई आदि के माध्यम से प्राप्त होगी, उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा।

इसके बाद नवागंतुक जिलाधिकारी ने कलेक्टरेट सभागार, आईजीआरएस कक्ष, भूमि अध्यापति पटल, न्याय सहायक, ईआरके, आयुध सहायक, राजस्व अभिलेखागार, नजारत, कोषागार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय, न्यायिक कार्यालय, नमामि गंगे कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य पटलों का निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा संचालित रहना चाहिए एवं जो नकल जारी होते हैं, उसकी रेट सूची भी चस्पाएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर डंपर में घुसा डंपर, चालक परिचालक घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर आगे जा रहे डम्पर के चालक ने ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे चल रहा डंपर उसमें घुस गया। जिसमें उसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक परिचालक फंसकर घायल हो गए। जनपद एटा के ग्राम बरौली निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र अतवीर सिंह एटा से खाली डंपर लेकर हमीरपुर जा रहा था। जिसके साथ परिचालक निर्मल कुमार पुत्र बबलू सिंह निवासी धरौली थाना जैवरा भी बैठा हुआ था। तभी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर आगे जा रहे डम्पर के चालक ने किमी 203 के पास अचानक ब्रेक लगा दिये। पीछे चल रहे डंपर का चालक ब्रेक नहीं लगा सका और आगे चल रहे डपर में पीछे से घुस गया। जिससे डपर का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें फंसकर चालक व परिचालक घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे की एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से परिचालक निर्मल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना कि सूचना मिलने पर पहुंची मलकपुरा चौकी पुलिस ने डम्पर को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 27.8 (-9.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.6 (-0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 98 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 6.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# के.डी.ए. की सरकारी सीलें टूट चुकी हैं, कैसे चीफ जस्टिस को देंगे जवाब ?


हाईकोर्ट में दाखिल हुई जनहित याचिका, बढ़ सकती हैं के.डी.ए. और अन्य विभागों की मुसी

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। कानपुर विकास प्राधिकरण के वर्तमान उपाध्यक्ष की मुसीबतें बढ़ सकती है कारण यह है कि जब वह यहां पर तैनात नहीं थे तो उनके पीछे प्रवर्तन के जिम्मेदारों ने खूब जमकर गुल खिलाए हैं और अवैध निर्माणों की झड़ी लगा दी है। प्राधिकरण के जोन एक में स्थित सैकड़ों मानक विहीन अवैध निर्माण के संबंध में हाई कोर्ट इलाहाबाद में


PENDING

Case Status - WRIT - PUBLIC INTEREST LITIGATION ( WPIL )-[883/2024]

Generated on : 26-06-2024 at 08:19:56 pm

| | | |
|---|---|---|
| Filing No. | WPIL/90621/2024 | Filing Date : 27-04-2024 |
| CNR | UPHC052412662024 | Date of Registration : 29-04-2024 |

Case Status

| | |
|---|---|
| First Hearing Date | 02nd May 2024 |
| Next Hearing Date | Date Fixed for Date: 10-07-2024 |
| Bench Type | Division Bench |
| Causelist Type | Fresh List |
| State | UTTARPRADESH |
| District | KANPUR NAGAR |

Petitioner/Respondent and their



**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर/प्रयागराज।** कानपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन विभाग के जोन एक में तैनात कोपरगंज एरिया देखने वाले ज़िम्मेदार अधिकारियों में से आने वाले समय में हाईकोर्ट की ओर से होने वाली कार्रवाई का सेहरा किस अधिकारी के सर पर सजेगा यह तो भविष्य के गर्भ में छुपा है, लेकिन याचिका कर्ता और कानूनी जानकारों की माने तो बड़े स्तर के अधिकारियों से लेकर निचले स्तर पर सुपरवाइजर और जेई तक इस कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। साथ ही साथ अग्निशमन विभाग और अन्य कई ऐसे सरकारी विभाग हैं जो इसमें अभी पार्टी नहीं बने हैं ऐसे चौंकाने वाले नाम भी सामने आ सकते हैं जिनपर कार्रवाई होना तय है। कारण यह है कि चीफ जस्टिस प्रयागराज हाईकोर्ट द्वारा एक सामाजिक संस्था की याचिका पर शुरु हुई सुनवाई की अग्रिम तिथि दस जुलाई नजदीक है।

जातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित जिसके प्रवर्तन प्रभारी डॉक्टर रवि प्रताप सिंह हैं। कोपरगंज का एरिया वर्तमान समय में जेई से सहायक अभियंता बने जे एन पांडे देखते हैं। साथ ही साथ इसके ऊपर भी जिम्मेदारी कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव और अपर सचिव की है। इन सभी की अनदेखी के कारण बहुत बड़ी बड़ी अवैध इमारतें तैयार हों गईं। जिनमे बहुत बड़ी बड़ी खामियां हैं। इन तैयार इमारत से जहां आने वाले समय में आम जनमानस की जाने जा सकती हैं वहीं करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति होने के साथ ही नियम कानून को ताक पर रखकर सरकार और प्राधिकरण की साख पर बट्टा भी लगाया गया है।

### ✻ सचिव अपर सचिव स्तर पर हुई है घोर अनदेखी



### जनहित याचिका क्यो हुई दाख़िल

आपको बताते चलें कि सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और आरटीआई कार्यकर्ता रफत महमूद ने 27 अप्रैल 2024 को एक जनहित याचिका दाखिल की जिसमें उनके द्वारा अवैध निर्माण होने और अग्निशमन के मानकों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका को स्वीकार करने की अपील की गई। जिस पर 2 मई को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास की बेंच ने याचिका को सुनवाई योग्य माना और कानपुर विकास प्राधिकरण अग्निशमन विभाग के साथ-साथ राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। 10 मई को कानपुर विकास प्राधिकरण की ओर सरकारी वकील ने सुनवाई कर रही कोर्ट से जवाब लगाने के लिए समय मांगा जिसके बाद सुनवाई कर रही बेंच ने आगामी 10 जुलाई की तारीख नियत कर दी थी। याचिका कर्ता का कहना है कि इन निर्माण में आम जनमानस की जान की सुरक्षा नहीं देखी गई है। और जमकर यहां पर भ्रष्टाचार हुआ है। इसलिए उनके द्वारा यह याचिका दाखिल की गई है।

### कोर्ट को जवाब देने के लिए दर्जनों बिल्डिंगे की गई थीं सील

कानूनी जानकारों की माने तो कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो के अधिकारियों ने याचिका कर्ता के द्वारा की गई याचिका पर कोर्ट को जवाब देने के लिए कोपरगंज के अवैध निर्माणों को दर्जनों की संख्या में सील किया था। लेकिन दूसरे ही दिन अवैध निर्माण कर्ता व्यापारियों ने सील को तोड़ दिया था और अवैध निर्माण अनवरत जारी है। याचिका कर्ता के साथ-साथ कुछ अधिवक्ताओं ने भी जन एक्सप्रेस को बताया है कि जो अखबारों में सील टूटने की खबरें प्रकाशित हुई है और डिजिटल चैनलों पर वीडियो चले हैं उन्हें आधार बनाते हुए कोर्ट के सामने रखा जाएगा।

### जोन दो में हुए अवैध निर्माण और राजस्व की क्षति के मामले में जल्द याचिका दाखिल करेंगे: सिद्वार्थ

सामाजिक संस्था युवा सामाजिक संस्था के पदाधिकारी और कानपुर कचहरी में वकील का कार्य कर रहे अधिवक्ता राकेश सिद्वार्थ ने जन एक्सप्रेस से संपर्क कर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने इस बीच लगातार जन एक्सप्रेस में प्रकाशित जोन एक और जोन दो के अवैध निर्माण और पहुंचाई गई राजस्व की क्षति के मामले में दर्जनों खबरें पढ़ी हैं। वह तैयारी पूरी कर चुके हैं सबसे पहले वह सभी जिम्मेदार अधिकारियों और शासन प्रशासन को पत्राचार करने की तैयारी कर चुके हैं। कुछ जगहों पर पत्र भेज भी जा चुके हैं । जल्द ही जनहित याचिका दाखिल करेंगे।

# प्राधिकरण में शहर के विकास को लेकर वीसी ने की व्यापारियों के साथ बैठक

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा




कानपुर नगर। कानपुर विकास प्राधिकरण सभागार में वीसी की अध्यक्षता में कानपुर के विकास को लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट पर व्यापारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के साथ काफी संख्या में लोगो शामिल हुये। व्यापारियों ने कानपुर के विकास के लिए बताया कि घंटाघर से लेकर टाटमिल तक अत्यंत एक समानांतर पुल की आवश्यकता है जिससे जाम से निजात मिल सके इसके अलावा शहर की सभी व्यस्ततम मार्गों पर समांतर पुल या फ्लाई ओवर की दरकार है तभी शहर का यातायात सामान्य रूप से संचालित होगा। कानपुर महानगर टेक्सटाइल हब है एक मेगा पार्क बनाकर शहर के व्यापारियों को सौगात प्रदान की जाए, जूही पुल में वाटर ड्रेनेज की व्यवस्था होने के बावजूद पानी निकासी संभव नही हो पा रही है उस स्थान से वाटर ड्रेनेज की व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित की जानी चाहिए, शहर के सभी पार्कों के कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि शहर के लोगो को पीने के पानी की समस्या कभी न हो, कानपुर दक्षिण के ट्रांसपोर्टेशन की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि जाम से निजात मिल सके, बिठूर और इस्कॉन को शहर से कनेक्ट करने के लिए शहर के हर प्रमुख चौराहों से ट्रांसपोर्टेशन की कनेक्टिविटी की जानी आवश्यक है ताकि पर्यटन का विकास हो सके इसके अलावा कानपुर कचहरी के लिए मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता है ताकि वीआईपी रोड जाम न हो, शहर भर के चौराहों पर भीषण जाम से निजात दिलाने के यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करें जिससे समय से लोग अपने गंतव्य पर पहुँच सकें। बैठक में नौघड़ा कपड़ा कमेटी अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल अरोड़ा, कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गुप्ता, कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन महामंत्री हिमांशु पाल, संजय त्रिवेदी, बृज बिहारी वर्मा, दिनेश गुप्ता, शीबू गुप्ता, विशाल अग्रवाल, निखिल गुप्ता, पारस अवस्थी, किशोर चुग आदि लोग उपस्थिति रहें।

# पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचा सपाइयों का प्रतिनिधिमंडल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बुधवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में एक प्रतिदिन मंडल ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विगत 24 जून को गोविंद नगर थाना प्रभारी द्वारा दीप सिनेमा चौराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे वाहन चेकिंग के समय भाजपा नेता शैलेंद्र त्रिपाठी उधर से निकले तो पुलिस ने उनका वाहन रोककर चेकिंग करने को कहा तो भाजपा नेता भड़क गए और कहने लगे कि तुम समाजवादी पार्टी के इशारे व अखिलेश यादव के कहने पर हमारी गाड़ी चेक कर रहे हो हम तुमको देख लेंगे और तुम्हारा आज हिसाब करके जाएंगे इस दौरान भाजपा नेता ने पुलिस प्रशासन व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद माननीय अखिलेश यादव जी को भद्दी भद्दी गालियां दी तथा आपत्ति जनक टिप्पणी कर अपमान किया इसकी सपा कटु शब्दों में निंदा करती है यह अपमान कानपुर पुलिस प्रशासन का अपमान है इस कांड से कानपुर शहर की पुलिस की छवि धूमिल हुई है

ज्ञापन के माध्यम से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे बताया कि भाजपा देश व प्रदेश में मिली करारी हार तथा अपने खिसकते जन आधार तथा सपा के बढ़ते जनाधार से बौखला गई है तथा भाजपा ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है लोकसभा चुनाव खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिली करारी हार से का अपना गुस्सा गठबंधन पर निकल रहे हैं या तो वही कहावत हो गई कि खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे चितार्थ हो गई है भाजपा नेताओं को अपना इलाज किसी अच्छे न्यूरो डॉक्टर से करवाना चाहिए महानगर अध्यक्ष ने ज्ञापन पुलिस आयुक्त को सौपा तथा दोषी भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, अनवर अली मिर्जा, नरेंद्र सिंह पिंटू ठाकुर शामिल रहे।

# शोहदों ने युवती संग की जमकर मारपीट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शोहदों द्वारा चलती ट्रेन में युवती के साथ रोजाना फब्तियां कसना और छेड़छाड़ का विरोध करना युवती को भारी पड़ गया।रोज रोज की छेड़छाड़ से आजिज़ जब युवती कल्याणपुर स्टेशन पर उतरी तब युवती ने शोहदों से छेड़छाड़ का विरोध किया तो शोहदों ने उसके साथ मारपीट कर दी। बचाने पर एक युवक को भी जमकर पीटा। मारपीट में युवक युवती घायल हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं अन्य आरोपी भाग निकले। युवती ने कल्याणपुर थाने में शोहदों के खिलाफ तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह हर दिन पढ़ाई करने अपने गांव से शहर ट्रेन से आती जाती है।सफर के दौरान काकूपुर निवासी गुड्डू, बहरमापुर सूरज पाल, बिरेचामऊ आकाश पाल, शिवराजपुर निवासी अवनीश, गुरेनी निवासी आकाश सविता व अन्य लड़के उसके साथ रोज छेड़छाड़ करते हैं। आज जब वह अपने एक साथी के साथ ट्रेन से आ रही थी तो इन लड़कों ने मेरे साथ छींटाकसी की जिसका विरोध मेरे साथी आयुष पाल ने किया तो ये सभी मिलकर आयुष को मारने पीटने लगे मैने जिससे उसे चोट आई है। मैने बीच बचाव किया तो मेरे साथ भी मारपीट की है।

# बारिश की कुछ बंदे गिरते ही नगर निगम की खुल गई पोल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बुधवार को शहर में बारिश की कुछ बूंदे गिरते ही नगर निगम की पोल खुल गई। वही क्षेत्रीय लोगों ने जब पार्षद संजय बाथम को फोन किया तो उन्होंने कहा कि मुझे कोई मतलब नहीं है नगर निगम जाने। जहां एक तरफ योगी सरकार कानपुर नगर को स्मार्ट सिटी बनाने में जुटी हुई है वही बारिश के पहले दिन ही नगर निगम की पोल खुल गई। व्यापारियों की दुकानों में पानी घुसने लगा और व्यापार हो ठप। आपको बता दें कि पूरा मामला कल्याणपुर के बिठूर रोड का है जहां बारिश की कुछ बूंदें गिरते ही दुकानों के आगे जल भराव हो गया इससे दुकानदारों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। कल्याणपुर के बिठूर रोड स्थित रामेश्वरम हनुमान मंदिर के सामने नगर निगम के द्वारा रोड कुछ इस तरीके बनाई गई है जिससे कि पानी के निकासी का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था जिससे क्षेत्रीय जनता का बुरा हाल हो गया।

# विधायक मैथानी ने जिलाधिकारी से कहा, फैक्ट्रियों का जहरीला रसायन ले लेगा गरीबों की जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में बुधवार को गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने, जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा और कहा कि,वार्ड 53 के अन्तर्गत- सरायमीता गांव से लेकर, जमुई गांव और बदुआपुर गांव में, (आई आई टी कानपुर की रिपोर्ट के अनुसार) अमोनिया युक्त भूगर्भ जल, विषैला होने के कारण, उक्त क्षेत्र के लगभग 40 हजार से भी ज्यादा लोगों को, पेयजल के भारी संकट के कारण, जीवन को बचाने के लिए, जूझना पड़ रहा है। विधायक ने, उनको राहत देने के लिए और शुद्ध जल देकर जीवन बचाने के लिए उक्त क्षेत्र को, अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत, शामिल कराने हेतु, जिलाधिकारी से कहा है।

विधायक ने, उक्त स्थलों का निरीक्षण उपरांत जिलाधिकारी को बताया कि, उनकी गोविन्द नगर विधानसभा अन्तर्गत, उक्त वार्ड के तीनों गांव में, पेयजल पूरी तरह से प्रदूषित है। क्योंकि उक्त गांव के आसपास फैक्ट्री एरिया होने से, और तत्कालीन डंकन के नाम से तथा वर्तमान में फर्टिलाइजर के नाम से जैसी, तमाम तरह की फैक्ट्रियां, पिछले 50 से 60 वर्षों से लगातार चल रही है। जिसमें बड़ी मात्रा में रसायन और प्रदूषित जल को, निकास के संसाधन ना होने के कारण से, जमीन में ही जगह-जगह बोर करके, जहरीले पानी को निस्तारण करने की अघोषित एवं अवैध रूप से, गलत व्यवस्था बनी हुई थी। और मानव जीवन के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा था। तमाम सरकारें रही, पर किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। जब यहाँ के भू-गर्भ जल प्रदूषण की IIT कानपुर से वैज्ञानिक जाँच होकर, उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक हुई, तब पता चला कि कानपुर शहर के विभिन्न क्षेत्र की जो रिपोर्ट आई है, उसमें सर्वाधिक उनके क्षेत्र के, उक्त स्थलों में, फर्टिलाइजर की फैक्ट्री के विशेष कारण से तथा और भी फैक्ट्रियों के जहरीले पानी का एवं काफी मात्रा में, जहरीले रसायनों का भी, जमीन के अंदर तक रिसाव हो जाने के कारण से, भूगर्भजल (पेयजल हेतु) पानी, पूरी तरह से अमोनिया युक्त विषैला हो गया है।

परिणामस्वरूप, हमारे उक्त क्षेत्र के गरीब ग्राम वासियों एवं मजबूर जनता का स्वास्थ्य प्रतिदिन खराब होता जा रहा है और यहाँ के लोग अकसर कैंसर जैसी एवं अन्य गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो रहें है। दिव्यांगता के मामले भी संज्ञान में आ रहे हैं। पेयजल दूषित होने के कारण यहाँ के छोटे-छोटे बच्चे, महिलायें, बुजुर्ग, घर से काफी दूर, जो भी पेयजल हेतु, जो भी वैकल्पिक साधन प्राप्त हो जाता है, तो उस पेयजल को एकत्रित करते हैं और कुछ दिन उस पानी का उपयोग करते हैं। अन्यथा ज्यादातर उसी अमोनिया युक्त जहरीला पानी का सेवन मजबूरी में कर रहें है। जिसके कारण यहाँ के निवासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली विभाग की लापरवाही ने निगल ली तीन जिंदगियां

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कल्याणपुर क्षेत्र में बुधवार को बारिश के दौरान बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिजली के खंभे में करंट उतर आया। उधर से गुजर रही एक गाय, बछड़ा व कुत्ता करंट की चपेट में आ गए। जिसके कारण गाय,बछड़ा व कुत्ते मौत हो गई। बताते चलें कि कल्याणपुर में इंदिरा नगर रोड पर आशा देवी मंदिर के पास सड़क पर लगे बिजली के खंबे में बारिश के दौरान करंट उतर आया। जिसके चलते वह से गुजरा रही गाय,बछड़ा व कुत्ता करंट की चपेट में आ गई। गाय,बछड़ा व कुत्ता को छटपटाते हुए देखा आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए बिजली विभाग को सूचना दी। जब बिजली विभाग के कर्मचारी व पुलिस कुछ कर पाते तब तक सभी जानवरों की मौत हो गई थी। मुहल्ले के लोगों ने बिजली विभाग पर नाराज जताते हुए कहां की जानवरों की जगह खेलते खेलते कोई बच्चा भी इसकी चपेट में आ सकता था या फिर कोई राहगीर। मुहल्ले के लोगों ने कहा कि बरसात का मौसम है, अगर बिजली विभाग न चेता तो ऐसे और हादसे हो सकते हैं।



# पंद्रह दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह के सभागार में पंद्रह दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को हुआ जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.वंदना पाठक, प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.रश्मि गोरे द्वारा संयुक्त दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुआ। इस अवसर पर डॉ.वंदना पाठक ने कहा की रंगमंच व्यक्तित्व के विविध आयामों भाषा, अनुशासन, स्मृति, अभिव्यक्ति को पुष्ट करता है। इस प्रकार की कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व को मुखर बनाने के साथ साथ इसको अपनी वृत्ति भी बना सकते है। प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा की मानव में नाट्य प्रतिभा नैसर्गिक रूप से विद्यमान है। इसको निखार कर व्यक्ति व्यक्तिगत जीवन एवम सामाजिक जीवन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

रंगमंच कलाकार रतन राठौर ने कहा कि जीवन की भांति रंगमंच पर रीटेक करने का अवसर नहीं है। उन्होंने कहा कि रंग मंच दर्शक का सम्मान, अनुशासन, आत्मसम्मान, विश्वास जगाता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभा चयन के साथ साथ प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकारों को दूर करना है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संबोधन डॉ रश्मि गोरे ने, मंच संचालन डॉ.रत्नार्तुः मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ऋचा मिश्रा ने दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के अलावा विभिन्न विभागों से आए शिक्षक, डॉ.बद्री नारायण मिश्र, डॉ.शुभम वर्मा, डॉ.शिवांशु सचान, प्रदीप तिवारी मौजूद रहे।

# बेकनगंज पुलिस की लापरवाही से महिला हो गई घायल







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के बेकनगंज थाना क्षेत्र के हिरामन पुरवा में भरभरा कर एक जर्जर मकान का हिस्सा गिर गया। जिसके कारण वहां से गुजर रही एक महिला मलबे के नीचे दब गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को मलबे से निकलकर उपचार के लिए हैलेट अस्पताल में भर्ती करवाया है। घटना 90/4 हीरामन पुरवा थाना बेकनगंज की है। जर्जर मकान फहद नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है महिला मकान के नीचे से गुजर रही थी। इस दौरान मकान गिर गया इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने एकत्रित हो गए लोगों ने महिला को मलबे के नीचे से निकला उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं लोगों ने बताया कि मकान करीब 100 साल पुराना था और जर्जर हो चुका था। वहीं पड़ोसियों ने कई बार पुलिस में शिकायत क की मकान कभी भी गिर सकता है। और कोई बड़ा हादसा हो सकता है। एक मर्तबा लगभग 15 दिन पहले भी कुछ भाग इस मकान का गिरा था। उस समय थाना बेकनगंज पुलिस को शिकायत की गई थी लेकिन थाना बेकनगंज पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जिसके परिणाम स्वरूप कल बुधवार को एक भीखारन महिला इस जर्जर मकान का शिकार हो गई और जिंदगी और मौत से लड़ रही है।

# कृषि उत्पाद निर्यात में उत्तर प्रदेश का देशभर में तीसरा स्थान : शाही

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



दलहन खेती करने पर किसानों को एमएसपी के उपर सरकार 3500 रुपये देगी। प्राकृतिक, गो आधारित एवं आर्गेनिक की मार्केटिंग के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। सभी कृषि विश्वविद्यालयों में आर्गेनिक टेस्टिंग लैब बनाया जाएगा। किसानों के उत्पादों को निर्यात करने में उत्तर प्रदेश देशभर में तीसरे नंबर पर आ गया है।

ऐसा पहली बार हुआ है कि उत्तर प्रदेश से 40 कुंटल आम पहली बार अमेरिका में और गोरखपुर से चने का बेसन सिंगापुर में निर्यात किया गया है। यह बातें कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बतौर मुख्यअतिथि कही। वे आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या एवं देवीपाटन मंडल के तत्वाधान में आयोजित मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मंत्री शाही ने कहा कि हाल में गोरखपुर से चने का बेसन सिंगापुर गया है। उन्होंने सरकार अब प्रदेश के 75 जनपदों में मक्का की खेती तेजी के साथ कार्य कर रही है। बाजरे की खेती में राष्ट्रीय औसत में उप्र को तेजी के साथ काम करना होगा। उन्होंने कृषि विवि को नैक मूल्यांकन में A++ हासिल करने पर जमकर सराहना की। कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध, शिक्षा एवं प्रसार के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में तेजी के साथ आगे बढ़ा है जो सभी के लिए गर्व की बात है। कृषि मंत्री ने कृषि विवि के शैक्षिक प्रक्षेत्र में धान की रोपाई कर उद्घाटन किया। विशिष्ठ अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सरकार ने बिजली कनेक्शन लेने पर किसानों को सब्सिडी देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी बिजली का कनेक्शन लेने पर सरकार किसानों के लिए सब्सिडी देने का काम करेगी। मंत्री औलख ने कहा कि फसल चक्र का अपने आप में अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के किसान फूलों की खेती करें तो वे अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त डा. मनोज सिंह ने कहा कि किसान अगर समय से जमीन को समतल एवं लाइन सोईंग से बोआई करें तो वे अपने उत्पादन को अधिक बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि देश का 20 प्रतिशत अनाज उत्तर प्रदेश पैदा करता है जहां पर 75 प्रतिशत जमीन पर खेती होती है और 85 प्रतिशत जमीन पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य हो रहा है।

इस मौके पर कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि विवि फूलों की खेती के साथ-साथ मशरूम, फल, फूल, सब्जी की नर्सरी तैयार कर रहा है। विवि किसानों को एक लाख पौधे मुफ्त में देगा। उन्होंने नैक में ++ ग्रेड पाने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं उत्तर प्रदेश शासन के अन्य अधिकारियों के सहयोग को जमकर सराहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम कार्य करने वाले अयोध्या के छह प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया।

## योगा में सृष्टि सोनकर ने जिले का मान बढ़ाया : शत्रोहन सोनकर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर रायबरेली के डबल फाटक निवासी लखनऊ पब्लिक स्कूल से इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण मेधावी छात्रा सृष्टि सोनकर ने योगासान बुक आफ वर्ड रिकार्ड कौंसिल द्वारा आयोजित मोती महल वाटिका हजरतगंज लखनऊ में प्रतिभाग कर लखनऊ मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सृष्टि सोनकर के आवास पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुँचकर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि योगा में प्रथम स्थान पाकर सृष्टि सोनकर ने जिले का मान बढ़ाया। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि निरोगी काया के लिए सभी को योग करना चाहिए। पूर्व डीजीसी ओपी यादव ने कहा कि योग जीवन के लिए संजीवनी का काम करता है। इस अवसर पर शत्रुघ्न पटेल, सुशील कुमार मौर्य, अमर सिंह चौधरी आदि लोगों ने बधाई दी।

## भारी बारिश ने विकास कार्यों की खोल दी पोल, कई कॉलोनियां जलमग्न

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



अयोध्या जुड़वा शहर फैज़ाबाद के कई इलाकों में जबरदस्त जलभराव से लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। अयोध्या में कई जगह सीवर का गंदा पानी घरों में घुस गया है वहीं रामपथ, भक्तिपथ समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया है। कौशलपुरी, निराला नगर, जनौरा, दत्ता का पुरवा उसरू लालबाग क्षेत्र में जलभराव होने के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है वही अयोध्या रिकाबगंज हनुमानगढ़ी से लेकर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल रोड पर भीषण जलभराव से हो गया है। एक ओर जहां नगर निगम मानसून को लेकर नालों और नालियों की सफाई की योजना बना रहा था वहीं प्री मानसून की बारिश ने ही व्यवस्था का सच सामने ला दिया है। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा एक साल में कराए गए विकास की पोल भी खुल गई है। अनियोजित विकास के कारण रामपथ के किनारे और उससे जुड़ने वाली सभी 13 गलियों में जबरदस्त जलभराव हो गया है। जिस जोरशोर से अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के दावे किये गए, करोड़ों की लागत से निर्माण कार्य हुआ। पूरे विश्व में यहां की ब्रांडिंग की गई, उस सब पर मानसून से पहले आई बारिश ने पानी फेर दिया। शहर में हुई भारी वर्षा ने यहां के विकास कार्यों की पोल खोल दी। जगह-जगह जलभराव तो हुआ ही, पक्की सड़कों पर बड़े-बड़े होल हो गए। पहली ही बारिश से अयोध्या राम पथ और भक्ति पथ धंसने लगा है। जल भराव से अयोध्या के स्थानीय निवासी सहित आने वाले श्रद्धालु भी परेशान हैं।अयोध्या के रामघाट कौसलेस कुंज देवकाली रामपथ सहित ज्यादातर मुहल्ले मे पानी भरने और सीवर चोक होने की शिकायतें नगर निगम को मिली हैं। ये हाल केवल शहर के मुख्य मार्ग ही नहीं बल्कि अंदर मोहल्लों का भी है।

## ग्राम पंचायत अमसिन में भ्रष्टाचार की शिकायत, गोपनीय जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मया ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमसिन में आवास, विधवा पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना में व्यापक धन उगाही और भ्रष्टाचार की शिकायत उच्चाधिकारियों से करते हुए गोपनीय जांच की मांग की गई है। बुधवार को ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सौंपा।ज्ञापन देने के बाद प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इन लोगों ने लाभार्थियों से 500 से 1500 रुपए फॉर्म भरने के नाम पर और रु.10,000 आवास दिलाने के नाम पर आवास मिलने पर सौदा हुआ तय।मामले का खुलासा तब हुआ जब रोजगार सेवक ने ग्राम पंचायत अधिकारी से फार्म पर हस्ताक्षर करवाने के लिए कहा। इस पर सेक्रेटरी ने फार्म पर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर और मोहर की कमी की ओर इशारा किया। अजय वर्मा ने कहा कि आवास योजना में ग्राम प्रधान का कोई मतलब नहीं है।इससे पहले भी प्रधान संघ द्वारा मनरेगा योजना में कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा की वसूली किए जाने की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही न होने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। गांव निवासिनी दीपिका वर्मा, ज्ञानमती, सविता वर्मा, शाहजहां आदि ने योजना का लाभ दिलाने के बहाने मोटी रकम वसूलने का आरोप लगाया है।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री के सामने की नारेबाजी, रोका वाहन, 8 छात्रों पर विश्वविद्यालय की दंडात्मक कार्यवाही से नाराज हैं छात्र

**जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर-अयोध्या**



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के ऑडिटोरियम में आयोजित मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का उद्घाटन करने पहुंचे प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सामने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 8 छात्र छात्रों के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्यवाही से नाराज एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का उग्र प्रदर्शन देख पुलिस एवं प्रशासन हरकत में आ गया और कृषि विश्वविद्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों को बंद कर करा दिया। उधर छात्रों द्वारा द्वारा तीन सूत्रीय मांगो का एक ज्ञापन भी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नहीं लिया। जिससे नाराज और आक्रोशित छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता कृषि मंत्री के वाहन के आगे पहुंचकर उन्हें विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाने से रोकने लगे। भारी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं को घसीट घसीट कर कृषि मंत्री के वाहन के आगे से हटाया। उधर मीडिया कर्मियों ने कृषि मंत्री से समूचे प्रकरण पर जानकारी के लिए वार्ता करना चाहे लेकिन उन्होंने चुप्पी साध ली। देवीपाटन मंडल और अयोध्या मंडलों के कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों एवं किसानों की एक समन्वय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में बुधवार को किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही थे। कृषि मंत्री को विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर ही रोके जाने एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह का पुतला जलाए जाने के मकसद से भारी संख्या में छात्र एवं एबीवीपी कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार नंबर एक पर पहुंच गए थे। मामले की नजाकत भाप एसडीएम एवं सीओ मिल्कीपुर भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने उग्र एवं आंदोलित छात्रों के हाथों से पुतला छीनवा लिया और आक्रोशित छात्रों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए कृषि मंत्री से वार्ता कराए जाने का आश्वासन दिया। छात्र अपने हाथों में मांगो का ज्ञापन लिए जब कृषि मंत्री के पास पहुंचे तब उन्होंने छात्रों से वार्ता करने के बजाय विश्वविद्यालय परिसर से बाहर जाने की राह पकड़ ली। इसके बाद छात्र और उग्र हो गए तथा जमकर हंगामा हो गया। छात्र कुलपति सहित शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुनः गेट नंबर एक पर आ गए। प्रशासन उनके मान मनौव्वल में जुट गया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के ज्ञापन में तत्कान विद्यार्थियों का निष्कासन रद्द किया जाए,विश्वविद्यालय के छात्र यशपाल सिंह के आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय जाच कराए जाने सहित छात्रों के भविष्य को अंधकार में डालने व विश्वविद्यालय के कुप्रबंधन की वजह से आत्महत्या जैसी जघन्य घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही किए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही।

## बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के सम्बंध में जिलाधिकारी ने की प्रेस वार्ता



**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता किया।

जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थापित किये गये एमएनसीयू एमएनबीएसयू के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किये जाने की बात कही। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज, अमेठी, जगदीशपुर, बाजार शुकुल में दो-तीन बेड का एमएन बीएसयू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलोई मुसाफिरखाना, शाहगढ़,संग्रामपुर,भेटुआ,भादर, जामों,सिंहपुर में दो-तीन बेड एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज में सोलह बेड का एमएनसीयू की स्थापना की गई है।

उन्होंने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात स्टाफ नर्स व प्रसव कार्य हेतु नामित अन्य स्टाफ को राज्य स्तरीय कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब सीईएल टीम द्वारा एमएनसीयू कंगारू मदर केयर का प्रशिक्षण प्रदान करा दिया गया है।इनकी स्थापना से नवजात शिशु एवं धात्री माताओं को नजदीकी चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। चिकित्सालयों में पैदा होने वाले कम वजन के बच्चों को तत्काल एमएनसीयू में भर्ती कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

जिससे उनकी बेहतरीन देखभाल हो सके।इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, नोडल अधिकारी एमएनसीयू डॉ राम प्रसाद समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित एमएनसीयू के निर्माण व संचालन में वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही संस्थान कम्युनिटी इम्पावरमेंट लैब के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर - अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र केअसगरन पुर (नन्दा तिवारी का पुरवा) निवासिनी लगभग 50 वर्षीय कुसुम पत्नी मायाराम निषादों बुधवार को मनरेगा में काम कर रही थी। तभी भोजन के लिए छुट्टी मिलने पर अपनी बहू के साथ भोजन किया तथा भोजन के बाद पेट में दर्द होने पर अपने पास पहले से रखी कोई दवा खाने के बाद हालात और बिगड़ गई दिन में लगभग डेढ़ बजे एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें लेकर सी एच सी बीकापुर लाया गया।

जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अनुराग गुप्ता जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। और कोतवाली मेमो भेजने पर स्थानीय पुलिस आकर शव को कब्जे में लेकर लिखा पड़ी के बाद पीएम के लिए भेज दिया है। मुंह से झाग आने के नाते लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। कुछ लोग तो कह रहे हैं की दवा ही एक्सपायरी रही होगी जिसे खाने से उनकी यह हालत हो गई है। संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की जांच के साथ पीएम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट को प्रमुखता से लेकर उन्हीं बिंदुओं पर स्थानीय पुलिस जांच करेगी।

## डिजिटलाइजेशन, छात्र और अध्यापक उपस्थिति के बीईओ राही ने दिए निर्देश

- राही ब्लॉक के प्रधानाध्यापकों की बीईओ बृजलाल ने की बैठक
- संचारी रोगों से बच्चों और अभिभावकों को बचाने के लिए दिए गए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



परिषदीय विद्यालय खुलने के बाद अधिकारियों और प्रधानाध्यापक के बीच में तैयारी को लेकर बैठक शुरू हो गई है। गुरुवार को राही ब्लॉक के संचालित प्राथमिक स्तर के परिषदीय विद्यालयों की आवश्यक बैठक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, राही में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता के खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल ने की। बैठक में प्राथमिक स्तर के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल द्वारा विद्यालयों की पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन व छात्र व अध्यापक उपस्थिति को आनलाइन किये जाने सम्बन्धी विस्तृत जानकारी व निर्देश दिये गये व विद्यालय में गतिमान ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि पर विस्तृत चर्चा की गई व उनकी रोकथाम व बचाव के उपयों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। एआरपी अजय सोनकर, डा0 रवीन्द्र कुमार यादव, डॉ. विनीत त्रिवेदी द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान सत्र में डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं द्वारा तीन चरणों में समस्त प्राथमिक विद्यालयों का निपुण एसेसमण्ट किया जाना है। साथ ही संदर्शिका का प्रयोग, व पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण एवं नियमित रूप से दीक्षा ऐप का प्रयोग किया जाना। बाल वाटिका व माता उन्मुखीकरण के बारे में जानकारी दी गई।

**अदालती सूचना**

**माननीय, सर्वोच्च न्यायालय**
**स्थानान्तरण याचिका (सिविल)**
**मुकदमा नम्बर: 2563/2023**
**तारीख पेशी: 23/07/2024**

रक्षा देवी ....वादिनी

**बनाम**

राजेश प्रसाद यादव पुत्र शीतला प्रसाद निवासी ग्राम पदमानपुर, बिजौली, पोस्ट परसदेपुर, सलोन, जिला रायबरेली ....प्रतिपक्षी

यह याचिका **अन्तर्गत धारा 25 जा0दि0** में इस सदन प्रार्थना पत्र न्यायालय में योजित किया गया है जिसका प्रकीर्णवाद संख्या 1052/2023 है तथा उन्मान राजेश प्रसाद यादव बनाम रक्षा देवी यादव जोकि परिवार न्यायालय रायबरेली में विचाराधीन है।

क्योंकि परिवार न्यायालय सक्षम न्यायालय अहमदाबाद गुजरात में स्थानांतरित करने हेतु याचना की गई है। याचिका एडवोकेट मि0 आर0 इलम पारिदी जो कि याची के अधिवक्ता हैं। याचिका दिनांक 30/10/2023 को यह आदेश पारित हुआ–

1. नोटिस जारी हो जो कि चार सप्ताह के अन्दर वापस आए।
2. मुकदमा नं0 1052/2023 उन्मान राजेश प्रसाद यादव बनाम रक्षा देवी यादव जो कि प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय रायबरेली के न्यायालय में विचाराधीन है समस्त कार्यवाही तत्काल प्रभाव से स्थगित की जाती है। यह याचिका **दिनांक 23/07/2024** को नियत की जाती है आप प्रतिपक्षी को आदेशित किया जाता है कि आप यह तो व्यक्तिगत रूप से या फिर अधिवक्ता जोकि एडवोकेट ऑन रिकार्ड हो इस नोटिस के तीस दिवस के अन्दर हाजिर हो तथा नियत दिनांक को आप द्वारा यह बताया जा सकता है कि याचिका वह स्थगन प्रार्थना पत्र में मांगे गए अनुतोष याची को क्यों न दिया जाए। आप चाहें तो अपना शपथपत्र याचिका के विरोध में अन्तर्गत नियम 3 आदेश XLI S.C.R. 2013 एक सप्ताह के अन्दर जोकि नियत तिथि से जोड़ा जाएगा।

आपको यह भी ज्ञात हो कि यदि आप नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होते हैं तो इसके आगे आपको अन्य कोई नोटिस नही दी जाएगी तथा याचिका को आपकी गैरहाजिरी में निर्णित किया जाएगा।

जारी दिनांक : 08/05/2024

**–जारीकर्ता**
**सहायक रजिस्ट्रार**
**सर्वोच्च न्यायालय**

## भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या जनपद के रुदौली विधानसभा में सैकड़ों पत्रकारों की उपस्थिति में 25 जून दिन बुधवार को भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच की बैठक सम्पन्न हुई। भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य कुमार वैश्य की अध्यक्षता में रुदौली में संपन्न हुई बैठक का संचालन अमर चन्द्र यादव ने की। इस मौके पर रुदौली में भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्तरिक्ष तिवारी का प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य वैश्य ने फूलमाला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्तरिक्ष तिवारी ने वहां पर दर्जनों की संख्या में मौजूद भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच के पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार देश हित के लिए एक जगह से दूसरे जगह पर खबर कवरेज करने के लिए हमेशा जाता रहता है और सभी खबरों से शासन प्रशासन जनता को अवगत कराता रहता है जिससे अव्यवस्था में सुधार हो सके सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंच सके। बैठक में अन्य पत्रकारों ने भी अपनी बात रखी इस मौके पर में संरक्षक चन्द्रधर द्विवेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्तरिक्ष तिवारी, जिला अध्यक्ष राम तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य कुमार वैश्य, अर्चना तिवारी, क्रांति देवी राष्ट्रीय प्रसार टीवी जर्नलिस्ट जिला मुख्य पत्रकार अयोध्या अमर चन्द्र यादव, दशरथ यादव, उमेश यादव, अर्जुन शर्मा, दिलीप तिवारी, शिवम तिवारी, अजीत मौर्या, धर्मेन्द्र यादव, बृजेश यादव, वरिष्ठ पत्रकार दैनिक जागरण राजेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार रवि कुमार वैश्य, विकाश वीर, अमित कुमार शर्मा जैसे अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## जनपद में शुरू हुआ विटामिन ए की दवा पिलाने का कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को साल में दो बार विटामिन ए की दवा पिलायी जाती है। बुधवार को कार्यक्रम का पहला चरण शुरू हुआ जिसका शुभारम्भ जिला महिला अपस्ताल के प्रसव पश्चात केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. निर्मला साहू ने बच्चे को दवा पिलाकर किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि नौ माह से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को छह-छह माह के अन्तराल पर विटामिन ए की दवा पिलायी जाती है। बच्चों को विटामिन ए की दवा जरूर पिलायें दवा बच्चों को रतौंधी, अंधेपन, दस्त और निमोनिया जैसी परिस्थितियों से तो बचाती है साथ ही कुपोषण से भी बचाव करती है। इसके साथ ही रोगों से लड़ने के लिए प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि करती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि बुधवार से शुरू हुआ यह चरण 25 जुलाई तक चलेगा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान नौ माह से पांच साल तक के कुल 3.25 लाख बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाने का लक्ष्य है। जिसमे नौ से 12 माह के 37,056 बच्चे, एक से दो साल के 70,114 बच्चे और दो से पाँच साल तक की आयु के 2.17 लाख बच्चे हैं। विटामिन ए की खुराक हर छह-छह माह पर अभियान चलाकर पिलाई जाती है। विटामिन ए की दवा पिलाने के साथ ही पीले, लाल और हरे फलों तथा सब्जियों का सेवन बच्चों को कराना सुनिश्चित करें क्योंकि इनमें प्राकृतिक रूप से विटामिन ए की दवा पिलाई जाती है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवम् सूचना अधिकारी डी एस अस्थाना ने बताया कि बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने से शरीर की एपिथीलियल लेयर मजबूत होती है। यह परत हर बच्चे के रेस्पेरेटरी ट्रैक यानि श्वसन तंत्र में भी होती है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चे के रेस्पेरेटरी ट्रैक की एपिथीलियल लेयर मजबूत रहेगी तो इसमें संक्रमण की संभावना कम होती है। साथ ही बैक्टीरिया व वायरस के श्वसन तंत्र से भीतर जाने की गुंजाइश भी काफी कम हो जाती है। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीएचसी का निरीक्षण भी किया। वह पीएचसी की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जो भी लाभार्थी स्वास्थ्य केंद्र पर आये उसे स्वास्थ्य सेवाएं देना सुनिश्चित करें एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं की जानकारी दें। इस मौके पर शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी डा. राकेश यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजली सिंह, डा सी लाल एसएमओ विश्व स्वास्थ्य संगठन, संध्या श्रीवास्तव, वन्दना त्रिपाठी डीएमसी यूनिसेफ, आदि केंद्र के अन्य कर्मचारी एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 29 जून को

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कॅरियर सेंटर), रायबरेली के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना **मिशन रोजगार** के अन्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), गोराबाजार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 29 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 03 कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक व आई.टी.आई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल https://rojgaarsan gam.up.gov.in/ पर नियोजकों व अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 37°C | 28°C |
| कानपुर | 38°C | 29°C |
| देहरादून | 34°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 30°C |

तापमान



# एक्शन में सीएम योगी, 43 हजार करोड़ रुपये से बिजली विभाग के मॉर्डनाइजेशन की तैयारी, चार जिलों पर विशेष नजर

- यूपी के पांचों डिस्कॉम के अत्याधुनिकीकरण और विस्तार का प्रस्ताव है।
- दक्षिणांचल डिस्कॉम के लिए 12 हजार करोड़ से अधिक धनराशि खर्च करने की तैयारी है।



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके मॉर्डनाइजेशन के लिए सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रेजेंटेशन का अवलोकन भी किया है। इसमें राज्य के सभी 5 डिस्कॉम के लिए अलग-अलग फंड आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी। वहीं, इसके अलावा वाराणसी जिले के लिए अलग से 1309 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। प्रदेश के सभी पांच डिस्काम की बात करें तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए 8759.87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है, इसके लिए यूपी डिस्कॉम की ओर से आरईसी में डीपीआर भी सबमिट किया जा चुका है। वहीं मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए 10146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये सहित कुल 42968.55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। यही नहीं इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दे चुके हैं।

### वाराणसी, नोएडा, अयोध्या और कानपुर पर विशेष नजर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्मार्ट डिस्ट्रिब्यूशन प्रॉसेस पर 307.70 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के अंडरग्राउंडिंग प्रक्रिया पर 513.58 करोड़ रुपए और मॉर्डनाइजेशन एवं विस्तारीकरण के लिए 488.10 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अलावा नोएडा के लिए 1535 करोड़ रुपए, अयोध्या के लिए 1200 करोड़ रुपए और कानपुर के लिए 823 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण की तैयारी है।

# आतिशी से मिलकर बीजेपी पर फिर बरसे अखिलेश यादव



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी से यहां लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। साथ ही उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आई है, तब से मुख्यमंत्रियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। अखिलेश यादव ने आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी के स्वास्थ्य के बारे में जानने के बाद संवाददाताओं से बात की। राष्ट्रीय राजधानी में पानी की किल्लत के बीच दिल्ली के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी थीं, जिसके कारण मंगलवार तड़के उनकी तबीयत खराब हो गई थी। अखिलेश यादव ने कहा कि मैं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए आया था। वह न केवल बहादुर हैं, बल्कि लोगों के लिए लड़ना भी जानती हैं। वह दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार लड़ती रही हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जब से भाजपा केंद्र की सत्ता में आई है तब से मुख्यमंत्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने दिल्ली सरकार के साथ सबसे ज्यादा भेदभाव किया है। अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में सरकार बनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए काम किया, लेकिन उन्होंने (केंद्र सरकार ने) इसमें बाधाएं पैदा कर दीं। यादव ने यह भी दावा किया कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उन लोगों को फंसा रही है जो भाजपा के लिए खतरा हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि अब जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अदालत से राहत मिलनी शुरू ही हुई थी कि उन्हें जेल से बाहर आने से रोकने के लिए फंसाया जा रहा है। सीबीआई उन लोगों को फंसा रही है जो उनके (भाजपा के) लिए खतरा हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लोक निर्माण भवन पर कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी, इस वजह से हैं नाराज

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के बैनर तले जुटे कर्मचारियों ने बुधवार को लोक निर्माण भवन पर प्रदर्शन किया है। कर्मचारी विभाग की नीतियों से नाराज है। इसके विरोध में वह धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, आक्रोशित कर्मचारियों का कहना है कि फील्ड के कर्मचारी की स्थानांतरण नीति अभी तक स्पष्ट नहीं है। जबकि पूर्व में संघ की तरफ से कई बार पत्राचार भी किया जा चुका है लेकिन ना तो संघ के पत्र पर कोई विचार किया गया और ना ही वार्ता की गई है, ऐसे में कर्मचारियों के सामने प्रदर्शन ही एकमात्र रास्ता बचता है। इस प्रदर्शन की जानकारी कर्मचारियों ने विभाग के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से पहले ही दे दी थी। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को भेजे गए पत्र में संघ की तरफ से कहा गया था कि पत्रों के माध्यम से फील्ड में कार्यरत कर्मचारियो का स्थानान्तरण वर्ष 2024-25 में स्थानान्तरण के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश देने की अपेक्षा की गयी थी। साथ ही लोक निर्माण विभाग में चल रहे फर्जी संगठन पर प्रतिबन्ध लगाते हुए इनके पदाधिकारियो का स्थानान्तरण करने का अनुरोध किया जा चुका है,लेकिन आप की तरफ से संघ के पत्रों पर कोई विचार विमर्श वा संघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी नही की गयी। जिसके कारण 26 जून को आपकी नीतियो के विरोध में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक एक द्विवसीय धरना प्रदर्शन कार्यालय प्रांगण में किया जायेगा।

### लापरवाह मंडलायुक्तों की सीएम योगी ने तलब की रिपोर्ट, राजस्व मामलों में अनदेखी पर होगा एक्शन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ गुड गवर्नेंस के लिए लगातार एक्शन ले रहे हैं। जिलावार समीक्षा के आधार पर लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई जारी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी ने लापरवाह मंडलायुक्तों की रिपोर्ट तलब की है। लगातार समीक्षा के बाद यूपी के कई जिलों में राजस्व से जुड़ी मामलों में अनदेखी की शिकायत सामने आई है। जिसके बाद रिपोर्ट तलब कर अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार यूपी के अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती, आगरा और विंध्याचल मंडल में राजस्व से बीते पांच साल में तकरीबन 8287 मामले पेंडिंग हैं। राजस्व वादों के निस्तारण में लापरवाही पर रिपोर्ट तलब की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 18 मंडलों में 4619 राजस्ववाद के मामले विचाराधीन हैं, 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष से काम के 1633 मामले लंबित हैं, 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष से कम 1342 मामले लंबित हैं। इसमें अलीगढ़, अयोध्या, बस्ती, विंध्याचल और आगरा मंडल में सबसे ज्यादा केस लंबित हैं। जबकि राजस्व वादों के निस्तारण की दिशा में मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, सहारनपुर, चित्रकूट धाम का प्रदर्शन बेहतर पाया गया है।

### हिन्दू महासभा ने किया जय हिन्दू राष्ट्र बोलने पर बरेली सांसद गंगवार का समर्थन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** संसद में शपथ लेने के बाद जय हिन्दू राष्ट्र बोलने वाले बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का अखिल भारत हिन्दू महासभा ने समर्थन किया है। महासभा के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि सांसद का यह उद्बबोधन देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की हिन्दू महासभा की परिकल्पना को प्रदर्शित करती है। वह दिन दूर नहीं जब भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करवाने के लिए संसद में प्रखर रूप से आवाज उठायी जायेगी। त्रिवेदी ने कहा कि संसद में जय हिन्दू राष्ट्र बोलने वाले बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार से सबक लेकर संसद में बैठे सभी दलों के हिन्दू सांसदों को अपने दिलों में झांककर देखना चाहिए कि जय हिन्दू राष्ट्र बोलना गलत था या सही। उन्होंने कहा कि धार्मिक आधार पर पाकिस्तान बनने के बाद से ही भारत की संसद में जय हिन्दू राष्ट्र की गूंज होनी चाहिए थी। कांग्रेस की नीतियों का ही दुष्परिणाम है कि मुस्लिम समुदायों ने धार्मिक आधार पर पाकिस्तान के रूप में भारत का बंटवारा करवाया और आज मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक के लालच में विपक्षी दलों के लोग संसद में बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा जय हिन्दू राष्ट्र बोलने पर संविधान विरोधी बता रहे है।

### नशे से दूर रहने की ली शपथ

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** जीवन को कहे हां,ड्रग्स को ना -इस आवाहन के साथ आज अंतर्राष्ट्रीय नशा एवं तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के दिशा निर्देशन में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जारी शपथ को ऑनलाइन रूप से ग्रहण किया कि नशे से दूर रहेंगे तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करेंगे। इसके अतिरिक्त स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, आंचलिक इकाई, लखनऊ की ओर से जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम एक युद्ध, नशे के विरुद्ध में महाविद्यालय की कैडेट्स पलक गुप्ता, सोनल सिंह,अंजलि अस्थाना, नैंसी विश्वकर्मा, शिवानी वर्मा,दिव्या बर्थवाल, अंजलि रावत, शुभांगी निगम, साक्षी सोनकर, श्रेया गुप्ता ने मेजर (डॉ.)मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता दौड़ में भी प्रतिभाग किया। कैडेट्स ने पोस्टर के माध्यम से भी नशीली दवाओं के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा 19 बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अधिकारी कर्नल दीपक कुमार ने कैडेट्स के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें सदैव स्वस्थ जीवन शैली अपनाते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# सीएचसी जा रही महिला को जबरन बाग में ले जाकर 7 लोगों ने किया गैंग रेप, पुलिस ने आरोपितों को पकड़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र अंतर्गत घर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने जा रही दलित महिला के साथ सात युवकों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। फिर मरणासन्न हालत में आरोपित महिला को बाग में छोड़कर भाग निकले। किसी तरह महिला वहां से निकल कर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में सात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए सामूहिक दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि, मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेते हुए उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक, गोसाईंगंज क्षेत्र में रहने वाली महिला (30) मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा लेने जा रही थी। लिखित शिकायत में महिला का आरोप है कि खुर्दही बाजार के नजदीक कटर बक्सा निवासी अनवर ने अपने छह साथियों की मदद से उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपित उसे जबरन बाग में लेकर पहुंचे। जहां आरोपितों ने उससे घिनौनी हरकत कर बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। चीखने-चिल्लाने व शोर मचाने पर उससे मारपीट की गई। जिसके बाद आरोपित उसका मोबाइल छीन मरणासन्न हालत में उसे छोड़कर वहां से भाग निकले। महिला का कहना है कि किसी तरह वह घर पहुंची। जिसके बाद उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद महिला अपने परिजनों को लेकर थाने पहुंची। जहां अनवर और उसके छह साथियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिणी का कहना है कि पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति ऑटो चालक है। उसके तीन बच्चे हैं। शिकायत के आधार पर बुधवार को पुलिस ने महिला मेडिकल परीक्षण कराया है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने सातों आरोपियों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल, मेडिकल रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि होने और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि इस घटना के बाद से महिला और उसका परिवार सदमे में हैं।

# नगर निगम ने सुरक्षित कराई अपनी बेशकीमती जमीन



- अवैध कब्जेदारो से छुड़ाई करीब 4 करोड़ की बेशकीमती जमीन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर काम कर रही नगर निगम राजस्व की टीम संजय यादव प्रभारी अधिकारी संपत्ति, तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया, नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार, लेखपाल अनुपम कुमार, अजीत तिवारी, अरुण गौतम व सैफुल हक लेखपाल के नेतृत्व में बेस कीमती जमीन खाली कराई गई, जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ 68 लख रुपए है।

# बूथ अध्यक्ष का गन लाइसेंस रद्द,बीजेपी कार्यकर्ताओं का थाने पर प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के बीबीडी थाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में लगभग 50 भाजपा कार्यकर्ता थाने के अंदर धरने पर बैठ गए। उन्होंने भाजपा के झंडे लहराए और नारेबाजी की। हंगामा बढ़ने पर सीनियर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं से बात करने के लिए एसीपी विभूति खंड अनिरुद्ध विक्रम सिंह पहुंचे। साथ ही बीबीडी थाने मे चल रहे धरने को खत्म कराने के लिए दूसरे थानों की भी फोर्स बुलाई गई। इस धरने का मुख्य कारण चिनहट स्थित जुग्गौर बूथ के अध्यक्ष अवधेश कुमार की बंदूक का लाइसेंस निरस्त होना बताया जा रहा है। रामनिवास यादव ने ठठक् थाने की रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा कि डीएम लखनऊ ने गलत तरीके से लाइसेंस निरस्त किया है। रामनिवास यादव ने बीबीडी थाने के एसएचओ अजय नारायण सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने अवैध रूप से पैसा लेकर जमीन पर कब्जा कराने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह और अन्य दरोगाओं ने रिश्वत ली है, वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इस धरने के दौरान, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और तुरंत कार्रवाई की मांग की। रामनिवास यादव ने कहा, हम तब तक यहां से नहीं हटेंगे, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। धरने की जानकारी मिलते ही बीबीडी थाना क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है और प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने की कोशिश की जा रही है। इस घटना से स्थानीय निवासियों में भी चिंता बढ़ गई है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही इस मामले का समाधान निकालेगा और क्षेत्र में शांति बनी रहेगी।

# पीढ़ियों से काबिज बुजुर्ग के घर के सामने की लेखपाल ने बिना धारा 24 पैमाइश के नाप दी जमीन

- पीड़ित व उसके परिवार का नाम पीढ़ियों से राजस्व अभिलेखों में दर्ज
- रसूखदार व लेखपाल से परेशान पीड़ित बुजुर्ग ने मां मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, डीसीपी पश्चिम व उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत



**लखनऊ।** जमीनी मामले में जहां राजस्व के संबंधित अधिकारी हर किसान को धारा 24 का वाद दायर कर पैमाइश कराने का हवाला देते हैं, तो वही इन्हीं के कुछ क्षेत्रीय अधिकारी कुछ रसूखदारों को फायदा पहुंचाने के लिए बिना धारा 24 के पैमाइश कर कब्जा दिलाने पहुंच जाते हैं।

ऐसा ही एक मामला सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेलवा का है जहां पीढीयों से काबिज बुजुर्ग गुरदयाल पुत्र स्वर्गीय सकटू उम्र करीब 65 वर्ष ने बताया कि खसरा संख्या 258 रकबा करीब दो बीघे सात विश्वा मेरे व 260मि. रकबा करीब 15 विश्वा मेरे सगे भाई स्वर्गीय रामचंद्र के ना रहने पर अब उनके बच्चों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है और हम पीढीयों से इन जमीनों पर काबिज चलें आ रहें हैं, मैंने अपने हिस्से की करीब आठ विश्वा जमीन बेची है शेष आठ विश्वा जमीन बची है जिसमें से कुछ जमीन पर मेरा मकान बना हुआ है, मेरे मकान के सामने मेरे भतीजे जयशंकर की जमीन खसरा संख्या 260मि. करीब 700 स्क्वायर फीट पड़ रहीं थीं जिसे मैंने अपने भतीजे से खरीद ली ताकि मेरे घर के सामने का सहन सही रहें। जिस पर मैं अपना निर्माण कार्य कर रहा था की विपक्षी कैलाश पुत्र स्वर्गीय तुड़ी उर्फ ड्राइवर निवासी बेलवा व उमाशंकर पुत्र निवासी सकरा द्वारा क्षेत्रीय पुलिस को बुलाकर मेरे निर्माण कार्य को रुकवा देतें है और कहते हैं कि हमने 260मि. में करीब 3 विश्वा जमीन राजेन्द्र पुत्र स्वर्गीय राम नारायण से खरीदी है, जबकि खसरा संख्या 260मि. पर राजेंद्र का कभी कब्जा नहीं रहा है और खसरा संख्या 260मि. में करीब पांच सह खातेदार हैं क्षेत्रीय लेखपाल ने बिना धारा 24 पैमाइश के रसूखदारों को फायदा पहुंचाने के लिए 260मि. की पूरी जमीन की पैमाइश ना कर मेरे घर के सामने जो मैंने अपने भतीजे से सहन के लिए खरीदी है उसकी पैमाइश कर निशानदेही कर दी।

कई बार तहसील सरोजनी नगर में उमाशंकर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसकी मैंने जांच कर धारा 24 से पैमाइश कराकर निस्तारण कराने को कहा क्यूंकि संगठित नम्बर है 260मि.। लेखपाल बेलवा ब्रजभान मैंने राजेंद्र निवासी बेलवा से 3 विश्वा जमीन खरीदी है जिसका प्रार्थना पत्र मैने सरोजनी नगर तहसील में दिया था और लेखपाल ने पैमाइश की।

# 'मैं असिस्टेंट हूं, असली पेपर लीक माफिया सुभासपा के विधायक बेदी राम हैं'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नीट परीक्षा में गड़बड़ी के बाद देश में परीक्षाओं की सुचिता को लेकर सवाल चारो तरफ बवाल मचा हुआ है। इसी बीच पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड बिजेंद्र गुप्ता ने एक चौनल को दिए गए इंटरव्यू में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम पर पेपर लीक का आरोप लगाया है। बिजेंद्र गुप्ता ने बताया कि मैं असिस्टेंट हूं, असली पेपर लीक माफिया सुभासपा के विधायक बेदी राम हैं! आरोपी ने यह बताया कि उस समय पढ़ने लिखने की उम्र थी लेकिन बेदी राम ने नौकरी लगवाने का वादा किया फिर उनके साथ चले गए। उसके बाद पुलिस ने दबोच लिया। जेल जाना पड़ा, बेदी राम भी मेरे साथ जेल गए। बिजेंद्र गुप्ता ने न सिर्फ अपने काले कारनामे कैमरे के सामने कबूले बल्कि सुभासपा के नेता का नाम भी पेपर लीक मामले में जोड़ दिया। उसके बाद बिजेंद्र गुप्ता ने बताया कि बेदी राम के साथ ही पेपर लीक की दुनिया में कदम रखा।

उसके बाद पेपर लीक का मास्टरमाइंड बन गया। आप को बता दें कि बिजेंद्र गुप्ता उड़ीसा में पेपर लीक का भी आरोपी है। उसका नाम बिहार के पेपर लीक जांच में सामने आया था। एमपीपीसीएस सहित कई परीक्षाओं के लीक मामले में अरोपी रहा है। नीट पेपर में गड़बड़ी के आरेपियों से भी बिजेंद्र गुप्ता की अच्छी पहचान है। आरोपी ने बताया कि पेपर लीक की दुनिया में बेदी राम के साथ ही शुरुआत की है। जोकि सुभासपा से विधायक हैं। हालांकि अभी तक विधायक की तरफ से किसी प्रकार की सफाई नहीं आई है। गौरतलब है कि नीट परीक्षा को लेकर सपा नेता विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में नौजवानो ने सपा कार्यालय से विधान सभा का रुख किया लेकिन पुलिस ने गौतमपल्ली थाने के पास बैरिकेडिंग लगाकर उन्हे रोक लिया। विरोध में नौजवान धरने पर बैठ गए। मामूली नोकझोंक के बाद धरना दे रहे युवाओं को इको गार्डन ले जाया गया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा कि नौजवानों में नीट परीक्षा में धांधली को लेकर काफी आक्रोश है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी परीक्षा में धांधली पर विरोध जता चुके है।

ज्ञापन में कहा गया है कि नीट परीक्षा से 24 लाख बच्चों का भविष्य जुड़ा हुआ है। जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से हर एक भर्ती का पेपर लीक हुआ है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। ज्ञापन में नीट परीक्षा में पेपर लीक के लिए भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की मांग की गई है।

# एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत

## पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**लखनऊ।** कमिश्नरेट उत्तरी जोन के सैरपुर थाना क्षेत्र में एक फल विक्रेता सोमवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। फल भेज कर घर जा रहा था तभी मोटरसाइकिल सवार UP32 M B 9644 ने पीछे से फल विक्रेता को जोरदार टक्कर मार दी थी फल विक्रेता के परिजन हॉस्पिटल लेकर गए जहाँ उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन का आरोप की आरोपी को हल्का इंचार्ज ने पैसे लेकर छोड़ दिया, जबकि मोटरसाइकिल थाने पर खड़ी थी वहीं परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने पैसे लेकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा लिख दिया। वहीं परिजन 3 घंटे थाना पर डेड बॉडी लेकर खड़े रहे और गिरफ्तारी की मांग करते रहें। वहीं किसान मंच प्रदेश प्रवक्ता राहुल पाण्डेय मौके पर पहुँचेकर लोगों को समझा-बुझाकर कहा कि पुलिस जल्द कार्यवाहीं करेंगी, तब जाकर परिजन माने और अंतिम संस्कार के लिए बॉडी अपने घर ले गए।

### परिजनों के आरोप बेबुनियाद, पुलिस ने की कड़ी कार्यवाही

सैरपुर थाना क्षेत्र में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही बाईक नं0 U P32 M B 9644 ने फल विक्रेता को छठामील बाजार से फल बेचकर ठेला में टक्कर मारकर घायल करने व इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर मे मृत्यु होने पर मुकदमा दर्ज किया गया है झल्लू पुत्र स्व0 राम औतार नि0 ग्रा0 हिम्मतनगर पो0 कठवा थाना अटरिया जनपद सीतापुर का है। प्रार्थी का दामाद राजकुमार जो कि छठामील बाजार में फल का ठेला लगाता है दि0 24.06.2024 को रात लगभग 9 बजे फल बेचकर ठेला लेकर अपने घर सरकपुर सरैया जा रहा था तभी विपरीत दिशा से तेज गति से गति आ रही बाईक सं0 UP32MB 9644 ने टक्कर मार दिया और राजकुमार घायल होकर गिर गया साथी उठाकर अस्पताल ले गये जहाँ से ट्रामा सेन्टर रिफर किया गया गम्भीर रुप से घायल राजकुमार का इलाज के दौरान मृत्यु कल रात लगभग 12 बजे हो गई। शेरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि लिखित तहरीर के आधार पर बाईक नं0 के वाहन स्वामी चालक के खिलाफ धारा 279 व 304ए मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भंग की जा रही परीक्षाओं की पवित्रता

**एनटीए के अस्तित्व और आंतरिक सुधारों के अलावा, कई और सवाल पैदा हो गए हैं। निश्चित तौर पर यह मोदी सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। अमरीका की तरह परीक्षाएं साल में दो बार या अधिक बार आयोजित की जा सकती हैं, क्योंकि हमारे सामने आबादी की भी समस्या है। परीक्षाओं के विकेंद्रीकरण से भी सरकार को शर्माना नहीं चाहिए।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, ये मुद्दे यहीं तक सीमित नहीं हैं। एनटीए एक भ्रष्टाचारी और कदाचारी नेटवर्क की सांठगांठ का 'महाघोटाला' है। पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं, जिनके बच्चों के लिए नीट परीक्षा से कुछ दिन पहले भी एनटीए की ऑनलाइन खिड़की खोली गई थी, ताकि वे परीक्षा के लिए अपने पंजीकरण करा सकें। उस दौर में 24,000 से अधिक पंजीकरण कराए गए। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि फरवरी और मार्च में एनटीए की खिड़की खोली गई थी, तब इन लोगों ने पंजीकरण क्यों नहीं कराया? नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? उम्र भी फिसल रही है, लिहाजा नौकरी की भी अनिवार्यता है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महाविशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपरलीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। **क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे? जो परीक्षा में सफल रहे हैं, क्या वे डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू नहीं कर सकेंगे, यह बहुत अहम सवाल है।**

## एक्सप्रेस आलेख

संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौसला रखता है या नहीं।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में



ललित गर्ग

**सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है।**

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया



**छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीफ है।**

गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है।

## एक्सप्रेस कविता

*आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।*
*आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ,*
*उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।*
*पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने,*
*प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ।*
*हकीकत बड़ी कठोर, बेदिल, बेरहम है,*
*मौशिकी का तुझे, एक खनकता जाम दूँ।*
*आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,*
*गमगीनी में तुझे, विदाई खुले-आम दूँ।*
*मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,*
*आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।*
*इश्क तेरे नाम से शुरू, वहीं से खत्म।*
*तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।*

*-संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

**बहुत आसान होता है**
**''कोई उदाहरण पेश करना''**
**बहुत कठिन होता है**
**''कोई उदाहरण बनना''**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 18:39 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 11:36 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | आयुष्मान, 24:28 |
| सूर्योदयः | 05:15 |
| सूर्यास्तः | 19:04 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 12:24-14:08 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| अभिजीत मुहूर्तः | 13:53 से 15:37 तक |

# जन एक्सप्रेस

## छीछालेदर हो रही !

*गिरा इतना स्तर ।*
*क्या कुछ कहना बाकी ।।*
*टाय टाय फिस्स हुई ।*
*आपकी चालाकी ।।*
*कार्यशैली पल पल ।*
*देख रहा है देश ।।*
*स्वतः धीरे धीरे ।*
*पहुंच रहा संदेश ।।*
*थे बदलने आए ।*
*जो गड़बड़ था तंत्र ।।*
*उतरे बदसलूकी पर ।*
*कर विचरण स्वतंत्र ।।*
*रहा ना कुछ अब गुप्त ।*
*खुल गए सारे राज़ ।।*
*छीछालेदर हो रही ।*
*फिर भी पहने ताज ।।*



- कृष्णेन्द्र राय


## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या वाकई भैंस का दूध पीने से बवासीर ठीक होता है? ...जानें

**बवासीर या पाइल्स** की बीमारी पेट और पाचन तंत्र की खराबी से होने वाली एक गंभीर बीमारी है। पाइल्स को हेमोराइड भी कहा जाता है। बवासीर की समस्या में एनस के भीतर और बाहरी हिस्से में सूजन आ जाती है, जिसकी वजह से मरीज को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बवासीर की बीमारी दो तरह की होती है-

**एक खूनी** बवासीर
और **दूसरी बादी** बवासीर।

**बवासीर में मरीजों को खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि भैंस का दूध पीने से बवासीर ठीक हो जाती है।** बवासीर की बीमारी गलत खानपान और असंतुलित जीवनशैली के कारण होती है। असंतुलित खानपान के कारण पेट और पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कब्ज, मल त्याग करने में दिक्कत समेत कई गंभीर समस्याएं हो सकती है। कब्ज और पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों के कारण बवासीर का खतरा बढ़ जाता है।



नोएडा स्थित आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷भैंस के दूध को बवासीर के लिए फायदेमंद माने जाने के पीछे कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। बवासीर को ठीक करने के लिए खानपान, जीवनशैली और इलाज का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बहुत ज्यादा मात्रा में भैंस का दूध पीने से बवासीर के मरीजों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

**बवासीर में भैंस का दूध संतुलित मात्रा में पीने से ये फायदे मिल सकते हैं-**

**पोषण तत्वः** भैंस के दूध में गाय के दूध की तुलना में वसा और कैलोरी की मात्रा अधिक होती है। कुछ का मानना है कि यह वसा मल को नरम बनाने में मदद कर सकती है, जिससे मल त्याग आसान हो सकता है।

**प्रोटीनः** भैंस के दूध में प्रोटीन की मात्रा भी अधिक होती है। प्रोटीन घाव भरने में मदद करता है, जिससे यह माना जाता है कि यह बवासीर के कारण बने घावों को भरने में मदद कर सकता है।

**बवासीर में भैंस का दूध पीने के नुकसान**

**कब्जः** कुछ लोगों को भैंस का दूध पचाने में कठिनाई हो सकती है, जिससे कब्ज और बवासीर के लक्षण बिगड़ सकते हैं।

**लैक्टोज असहिष्णुताः** लैक्टोज असहिष्णुता वाले लोगों को भैंस का दूध पीने से पेट में दर्द, गैस और दस्त की समस्या हो सकती है।

पाइल्स या बवासीर की बीमारी होने पर मरीज की जांच के बाद इलाज किया जाता है। शुरुआती स्टेज में बवासीर को खानपान और जीवनशैली में बदलाव कर कंट्रोल किया जा सकता है, लेकिन गंभीर स्थिति में मरीज को इलाज और सर्जरी की जरूरत होती है। मरीज की जांच करने के लिए डॉक्टर एनोस्कोपी जांच कर सकते हैं। जांच के बाद मरीज का इलाज कई तरीकों से किया जाता है।

**बवासीर की बीमारी ज्यादातर लोगों में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण होती है। इस समस्या से बचने के लिए आपको खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डाइट में फाइबर युक्त फूड्स, हरी सब्जियां और फलों को जरूर शामिल करें। इसके अलावा बहुत ज्यादा तला-भुना और मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए। बवासीर के लक्षण दिखने पर आपको डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए।**

## एक्सप्रेस विशेष

# सावधान! बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर



डॉ. प्रितम भी. गेडाम

**एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है।**

एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है।

आज के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करुणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नज़र नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फ़ैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाखोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी ग़लती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थों के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है। बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों को मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की ख़बरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है। हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस' विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम **'सबूत स्पष्ट हैं: रोकथाम में निवेश करें'** यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है।

# अवैध क्लीनिक अवैध नर्सिंग होम पर लगाम लगाने में नाकाम स्वास्थ्य विभाग

- विभागीय अधिकारी कर रहे गुमराह
- मुख्य चिकित्साधिकारी को किया जा रहा गुमराह विभागीय अधिकारी नहीं देते सही रिपोर्ट
- सम्पूर्ण जनपद में झोलाछाप डाक्टर और अवैध नर्सिंग होम का जाल स्वास्थ्य विभाग के विभागीय अधिकारी काट रहे माल

जन एक्सप्रेस । सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** स्वास्थ्य विभाग में सरकार पानी की तरह रूपए बहाती लेकिन उसकी नाकामयाबी और जड़ तक फैले भ्रष्टाचार पर किसी की नजर नहीं जाती मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय से खेला जाता है। और वहीं से चलता है नेटवर्क अवैध नर्सिंग होम व झोला छाप डाक्टरों का खुली छूट दी जाती जब कार्रवाई की बात आती सबसे पहले सूचित कर दिया जाता है की कुछ दिन बंद रखो फिर बस ठीक हो जाएगा सूचना दूंगा खोल लेना अभी उपर से सख्ती है कुछ पत्रकार खबर चला अपडेट चला दबाव बना रहे हैं। कुछ का जिम्मा पत्रकार सीज न होने का उठाते कुछ दलाल सभी ने अपनी जड़ें इतनी मजबूती से जड़ा ली की कोई कार्रवाई होती नहीं जबदस्त सेटिंग का नतीजा सम्पूर्ण जनपद का भ्रमण करें आपको हजारों की संख्या में अवैध नर्सिंग होम झोलाछाप गली मोहल्लों में मिल जाएंगे और बेखोफ होकर मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज कर रहे ग्लूकोज चढ़ा रहे बड़े बड़े दावे गंभीर से गंभीर मरीजों को अच्छा किया। और सच्चाई तब सामने आती हैं।

जब गलत इलाज के कारण मरीज की मौत हो जाती तो जान बचा कर भागते है। यह हकीकत है की अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए मुख्य चिकित्साधिकारी की सुस्त कार्यशैली से विवादों की जड़ बनता जा रहा है।

अवैध नर्सिंग होमो का संचालन विभागीय अधिकारियों की संदिग्ध कार्यशैली व दलालों पर पैनी नजर रखकर पत्रकारिता की आड़ लेकर गाडी पर प्रेस लिखा अवैध नर्सिंग होम के संचालक की वाट्सएप पर पत्रकार लिखा फर्जी दबाव गांठ कर चलाया जा रहा है। धन उगाही का कारोबार कोई स्वच्छ पत्रकार खबर निकाले गोली मारने की धमकी दी जाती पत्रकार को न्याय पाने के लिए धरने पर बैठना पड़ता जल्द से जल्द कितने अवैध नर्सिंग होम है कितने वैध और कहा कहा झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़जाल है बेनकाब करेंगे जबकि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक स्पष्ट शब्दों में कह गये है की अवैध नर्सिंग होम क्लीनिक पर कार्रवाई हो ताला पड़ें लेकिन विभागीय भीतरघात व दलालों के चलते कोई भी कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग इतनी आसानी से नहीं कर सकता मुख्य चिकित्साधिकारी को इस ओर विषेश ध्यान देना होगा। नवागत जिलाधिकारी खीरी को भी स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर सख्ती बरतनी होगी और यह बचने का जुगाड बंद होना चाहिए फाइल रजिस्ट्रेशन के लिए पड़ी है।पडी है जब रजिस्ट्रेशन हो तभी नर्सिंग होम का संचालन हो अन्यथा नहीं अवैध नर्सिंग होम क्लीनिक के विरुद्ध निरंतर कारवाई जारी रहना चाहिए जब तक पूर्ण रूप से इनका खात्मा न हो जाए और खात्मा पूर्ण रूप से होना चाहिए और इनको कहा से संरक्षण मिल रहा इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है तभी सच्चाई सामने आएगी किसने है और कितने चल रहे हैं। मानकों के विपरित अवैध नर्सिंगहोम पर अंकुश लगे।

## एआरएम कार्यालय में 5 सरकारी बाबुओं के होते हुए गॉर्ड से लिये जाते हैं गोपनीय व वित्तीय कार्य: जिला अध्यक्ष केशरिया हिन्दू परिषद

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

साला मैं तो साहब बन गया ये लाइन, राजू कन्नोजिया पर पूरी तरह से चरितार्थ होती है, ये कहना कोई अतिश्योक्ति नही होगी। यह एक गम्भीर प्रकरण है, भारत विश्व परिषद के जिला अध्यक्ष राजू सोनी ने भी जन एक्सप्रेस को बताया कि मेरे संज्ञान में भी राजू कन्नोजिया के कई भरस्टाचार के प्रकरण आये हैं, जिनको माननीय एम डी साहब के समक्ष रखा जाएगा। राजू सोनी ने कहा कि सोचने वाली बात यह है कि आखिर एआरएम सीतापुर. राजू कन्नोजिया गॉर्ड पर इतना मेहरबान क्यों है, ओर अपने सरकारी बाबुओं को दरकिनार कर राजू कन्नोजिया से क्यों कार्य करवाते हैं। कही ऐसा तो नही की राजू कन्नोजिया के पास ऐसा कुछ हो जिसकी वजह से एआरएम, राजू कन्नोजिया को न हटा पा रहे हो। राजू कन्नोजिया गॉर्ड के दबाव में रहते हो, अब ये तो जांच में ही पता चलेगा कि क्या सच्चाई है।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम सीतापुर डिपो के एआरएम कार्यालय में 5-5 सरकारी क्लर्को(बाबूओं) के होते हुए एक डंडा मैन गॉर्ड से कार्यालय के गोपनीय व वित्तीय कार्य कराए जाते है। ये कहना है केशरिया हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष राजू सोनी का। बताते चलें कि राजू कन्नौजिया नामक ये गॉर्ड सीतापुर बस स्टैंड पर डंडा मैन गॉर्ड की पोस्ट पर नियुक्त है। परंतु विभाग के उच्च अधिकारियों की मेहरबानी इस गॉर्ड पर इतनी ज्यादा है कि ये गॉर्ड वाकायदा एसी, कूलर वाले कमरे में बैठता हैं। ये बात समझ से परे है कि जो कार्य राजू कन्नोजिया गॉर्ड से कराए जाते हैं, क्या उन कार्यो को करने में कार्यालय के सरकारी बाबू असमर्थ हैं। या फिर राजू कन्नोजिया विभाग के मातहतों को अतिरिक्त लाभ पहुचाता होगा जिसकी वजह से राजू कन्नोजिया, गॉर्ड की नोकरी न करके साहब बना हुआ है। सूत्रों की माने तो राजू कन्नोजिया सीतापुर के पूर्व एआरएम की सरपरस्ती में कार्यलय में बैठता था और उनके घर के कामकाज, सब्जियां लाना वगैरह काम करता था। पूर्व एआरएम के स्थानांतरण के बाद राजू कन्नौजिया की नियुक्ति एक डंडा मैन गॉर्ड पर हो गई, पर इसने कभी गॉर्ड की नोकरी नही की। उच्च अधिकारियों की सरपरस्ती में कार्यालय में ही बैठता है। सूत्रों की माने तो एआरएम कार्यालय के सरकारी क्लर्कों में भी भारी रोष व्याप्त हैं। कि आखिर विभाग के गोपनीय कार्य भी राजू कन्नोजिया से क्यों कराए जाते हैं। कार्यालय के एक बाबू ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम सरकारी बाबूओं के हिस्से का भी काम एआरएम द्वारा राजू कन्नोजिया गॉर्ड से कराए जाते हैं। जिसकी वजह से हम सभी बाबू अपने आप को कन्नौजिया गार्ड के सामने छोटा महसूस करते हैं। तथा हमारे मान सम्मान को ठेस पहुंचती हैं। विश्वत सूत्रों की माने तो राजू कन्नोजिया ने डिपो में कई वर्षों से भ्र्ष्टाचार फैला रखा है, उच्च अधिकारियों के नाम पर डिपो के कर्मचारियों से अवैध वसूली करता है साथ ही डिपो में लगे अन्य गॉर्डो से 500 -500 रुपये प्रति माह लेता है। विश्वत सूत्रों के अनुसार लम्बी दूरी तक जाने वाले ड्राइवर ,कंडक्टरों से 1500 -1500 रुपये प्रति माह राजू कन्नोजिया वसूलता हैं। डिपो के कर्मचारियों में भी राजू गॉर्ड की वसूली की वजह से काफी रोष व्याप्त है। यह एक गम्भीर जाँच का विषय है, कि क्या सच्चाई हैं। सूत्रों की माने तो कई ड्राइवर व कंडक्टर राजू गॉर्ड के खिलाफ मोर्चा खोलने को तैयार है। राजू कन्नौजिया किसके कहने पर डिपो के कर्मचारियो से वसूली करता है ये एक जांच का विषय है। पूर्व में भी राजू कन्नोजिया का विरोध होता रहा है, वसूली के गम्भीर आरोप राजू कन्नोजिया गॉर्ड पर लगते रहे हैं, परन्तु आज तक एआर एम ने राजू कन्नौजिया के खिलाफ़ कोई कार्यवाही नही की। जबकि राजू कन्नौजिया के लिए डिपो के ड्राइवर कंडक्टरों में भी काफी रोष हैं।

परन्तु सोचने वाली बात यह है कि आखिर किन कारणों से राजू कन्नोजिया गॉर्ड को एक सरकारी क्लर्क बनाया हुआ है। रोडवेज डिपो के जिम्मेदार आखिर अपने विभाग के सरकारी बाबुओं को दरकिनार कर एक गार्ड से सरकारी कार्य क्यों करवा रहे हैं।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों की मौत, दो जख्मी





जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

क्षेत्र के गांव पडरी में सुवह शुरू हुई बारिश मे एक आम के पेड़ के नीचे खेल रहे चार बच्चों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर जाने से झुलस गए थे। इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया है। वही दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है।बुधवार को गांव पंडरी में सूबह साढ़े आठ बजे करीब शुरू हुई बारिश का आनंद लेने घर के बाहर लगे आम के पेड़ के नीचे एक परिवार के बच्चे अभय राज 6 वर्ष, आनन्द 10 वर्ष पुत्रगण तेजपाल और विपिन पुत्र महेंद्र नीरज पुत्र प्रेमपाल एक साथ खेल रहे थे। तभी अचानक पेड़ परआकाशीय बिजली गिर जाने पर सभी लोग झुलस गए। यह दृश्य देखकर चीज पुकार मच गई परिजनों ने आनन-फानन में निजी बांध से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान तेजपाल के दोनों पुत्र अभय राज और आनंद को मृत घोषित कर दिया हैं ।दोनों घायल बच्चों का इलाज शुरू किया गया है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। दोनों मृतक बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

## 30 जून तक किसान जमा करें सहकारी देय: एआरसीएस

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जनपद के 132 सहकारी समितियों (बी- पैक्स) के माध्यम से सक्रिय किसानों, सदस्यों को रबी एवं खरीफ अभियान के दौरान ऋण वितरण एवं बीज खाद नैनो यूरिया आदि का वितरण किया जाता है।

01 जुलाई 2023 से अब तक लगभग 99091.16 लाख रू0 सहकारी देयों की धनराशि वसूली हेतु बकाया है, जिसके सापेक्ष मु. 69549.99 लाख की वसूली की गयी, जो कुल बकाया का 70.19 प्रतिशत है, जबकि गतवर्ष बकाया की वसूली इसी अवधि में 69.94 प्रतिशत थी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक (सहकारिता) रजनीश प्रताप सिंह ने विभागीय समीक्षा में सहकारी देयों की वसूली में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण सख्त रवैया अपनाते हुए विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड/ तहसील में भ्रमण कर किसानों से वसूली कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। वसूली हेतु सघन अभियान चलाने हेतु प्रत्येक तहसील में एक-एक वसूली वाहन चलायी जा रही है। उक्त वाहन अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं उप महाप्रबन्धक जिला सहकारी बैंक लि0, लखीमपुर खीरी के निर्देशन में चलायी जा रही है।इसी क्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने तहसील सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया मोहम्मदी, गोला एवं मितौली में वसूली प्रगति में तेजी लाने हेतु तहसीलवार अधिकारियों की टीम गठित कर सहकारी देयों की वसूली की जा रही है। 30 जून तक सहकारी देयों/माँग को जमा करें, इस पर न्यूनतम ब्याज देय होगा।

वहीं 30 जून के बाद सहकारी देयों पर दण्डात्मक ब्याज 12.70 प्रतिशत की दर से देय होगा साथ ही 5 प्रतिशत संग्रह शुल्क अतिरिक्त देय होगा।

निर्धारित समय तक धनराशि जमा न करने वाले किसानों पर दण्डात्मक कार्यवाही यथा साइटेशन, वारन्ट, कुर्की व नीलामी आदि की कार्यवाही की तैयारी चल रही है।

समस्त कृषकों/समिति सदस्यों से अपील करते हुए सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक ने कहा कि अपने समस्त सहकारी देयों की धनराशि बैंक में ससमय जमा कर शासन द्वारा प्रदत्त ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त करें, जिससे अलावा ब्याज तथा दण्डात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।

## उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने दिव्यांगों को वितरित किया खाद्य सामग्री

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



उपजिलाधिकारी महमूदाबाद ने तहसील सभागार में 21 निर्धन दिव्यागों को खाद्य सामाग्री किट का वितरण किया गया। खाद्य सामाग्री किट वितरण के समय नायब तहसीलदार महमूदाबाद, राजस्व निरीक्षक महमूदाबाद व अन्य राजस्व कर्मियों के साथ ही पत्रकार बन्धू उपस्थित रहे। खाद्य सामग्री किट में 35 किलो गेहूं, 15 किलो चावल, 03 किलो दाल, 03 किलो सरसों का तेल, 01 किलो नमक, चायपत्ती, धनिया, मिर्च थी।

खाद्य सामग्री किट पाने वाले दिव्यांग लाभार्थी मनोज पुत्र कमलेश निवासी पैतेपुर, कुलदीप राठौर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी पैतेपुर, जब्बार अली पुत्र हसमत अली निवासी ग्राम तकिया, जाफर पुत्र मजीद निवासी मोतीपुर, रफीक पुत्र कल्लू निवासी कटरा, केवला देवी पुत्री नन्दलाल निवासी मालसरॉय, बलराम पुत्र सुकई निवासी मालसरॉय, अनवर पुत्र मुन्ना निवासी महमूदाबाद, राकेश पुत्र सर्वजीत निवासी भरहरमऊ, रमेश पुत्र गुरूदीन निवासी भरहरमऊ, राजकुमारी पुत्री गुरूदीन निवासी बाबूपुर, खैरूल्निशां पत्नी मासूम अली निवासी बाबूपुर, अजीम पुत्र सलीम निवासी मुर्तजानगर, केतकी पत्नी मयाराम निवासी बरगादिया, ज्ञानवती पत्नी राजाराम निवासी बरगदिया, सुनीता पत्नी शिवबरन निवासी लोधासा, मनोज कुमार पुत्र रामपाल निवासी शाहिनपुर, मौजी लाल पुत्र मैकू निवासी मीरानगर, उस्मान पुत्र खलील निवासी मीरानगर, सलमा पुत्री नईम निवासी गुलरामऊ, इस्लामुद्दीन पुत्र फकीरे निवासी पैंगम्बरपुर है। खाद्य सामाग्री पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों द्वारा उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दलित युवती से मारपीट के आरोप में एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज




जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद की काशीराम कालोनी निवासी दलित युवती के साथ मारपीट करने पर युवक पर दलित एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के कांशीराम कालोनी निवासी सोनी पुत्री छोटे लाल ने बताया मोहल्ला हाथा हकीम जी निवासी शकील पुत्र फहीम ने उसे गाली गलौज किया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई ।बताते चलें काशीराम कालोनी में कंकडज बस्ती के लोग कच्ची शराब का व्यापार धडल्ले से किया जाता है ।जिस कारण यहां आए दिन मारपीट और गाली गलौज हुआ करता है ।कच्ची शराब के आदी लोग कालोनी में हर समय घूमते देखे जा सकते हैं ।पीड़ित युवती की लिखित सूचना पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होमगार्ड पर पत्नी ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कराया

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। फिरोजपुर खुर्द गांव के रहने वाले एक होमगार्ड ने मायके से खर्चे के लिए पैसे न लाने पर अपनी पत्नी को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित पत्नी ने शाहाबाद कोतवाली में होमगार्ड पति के खिलाफ केस दर्ज कराया। शाहाबाद कोतवाली के फिरोजपुर खुर्द गांव की रहने वाली राम बेटी पत्नी रामकृपाल होमगार्ड के अनुसार उसका पति राम कृपाल पुत्र इंस्पेक्टर सिंह प्रतिदिन उसे गाली गलौज कर मारता पीटता है, तथा यह करके प्रताड़ित करता है कि तेरे बाप ने दहेज में कुछ नहीं दिया। मायके से खर्चे के लिए रुपए लेकर आओ। मुझे तेरी जरूरत नहीं है। तुझे छोड़कर तीसरी शादी करूंगा। बकौल राम बेटी 25 जून की सुबह तकरीबन 8:00 उसके पति होमगार्ड रामकृपाल ने लात घूसों एवं डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी जिससे उसे काफी अंदरूनी चोटें आई हैं। पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अपने तीन बच्चों का हवाला दिया और अपनी जान माल की रक्षा की मांग की। पीड़िता की तहरीर पर पति के खिलाफ मारपीट करने एवं दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है।

### 330 लाइन ब्रेकडाउन होने से 4 घंटे गुल रही बिजली

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। 330 लाइन ब्रेकडाउन होने की वजह से शहर वासियों को तकरीबन 4 घंटे बिजली नहीं मिल सकी जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर 11:30 के आसपास अचानक बिजली गुल हो गई। तकरीबन 4 घंटे तक बिजली गुल रही जिससे भीषण गर्मी में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी करने पर बिजली कर्मचारियों द्वारा बताया गया 330 लाइन ब्रेकडाउन हो जाने की वजह से बिजली गुल रही है। लाइन पर पेड़ गिर जाने की वजह से ऐसी दिक्कत आई। फिलहाल इस भीषण गर्मी में चार घंटे बिजली न मिलने के कारण शहर वासियों के साथ-साथ बिजली पर निर्भर दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली पर निर्भर दुकानदार चार घंटे तक खाली बैठे रहे। जब चार घंटे बाद बिजली आई तब दुकानदारों ने अपना काम किया।

### ग्राम प्रधानों ने विकलांग विधवा आवास सत्यापन को लेकर पंचायत सचिव पर गलत सर्वे करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विकास खंड मल्लावां की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद कल्याणपुर सुमेरपुर के पंचायत अध्यक्षों ने खंड विकास अधिकारी मल्लावां को पंचायत सचिव की मनमानी के चलते विकलांग विधवा आवास की सूची पर गलत सर्वे करते हुए नाम कैंसिल किए हैं जिसका ग्राम पंचायत अध्यक्षों ने पंचायत सचिव के खिलाफ खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पुन: जांच करने हेतु मांग की है उन्होंने यह भी कहा है कि दिए गए सूची के नामो पर जांच नहीं की गई है वही पंचायत सचिव ने अपनी मनमानी के चलते सभी नामो को कैंसिल करते हुए सूची को फीडिंग करा दी है जिससे समस्त ग्राम पंचायत में लाभार्थियों को लाभ नहीं मिला है और उनके नाम कैंसिल भी किए गए हैं ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत अध्यक्षों ने खंड विकास अधिकारी मल्लावां को पंचायत सचिव के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर पुन: लाभार्थियों की जांच कराने की मांग की है साथ ही साथ पंचायत सचिव द्वारा मनमानी से जो नाम फीड किए गए हैं उस पर ग्राम पंचायत अध्यक्षों ने नाराजगी जताई है।

## सांड के हमले से महिला गंभीर रूप से जख्मी



जन एक्सप्रेस । हरदोई

**शाहाबाद।** गौटिया राजपुर में एक बिगड़ैल सांड ने एक पचपन वर्षीय महिला पर हमला कर दिया। जिससे महिला का पेट फट गया और लहू लुहान हो गई। आनन-फानन में महिला को सीएचसी लाया गया। जहां महिला के आठ टांके पेट में लगे हैं। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम गोटिया राजपुर निवासी रामवती 55 वर्ष पत्नी हरद्वारी लाल रात्रि तकरीबन 8:00 बजे अपने घर से निकलकर बग्गर में जा रही थीं। उसी समय सांड ने हमला कर दिया। पेट में सींग लगने से रामवती का पेट फट गया। खून की धार बहने लगी। आनन फानन में गंभीर रूप से जख्मी रामवती को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां उनके पेट में डॉक्टरों द्वारा 8 टांके लगाए गए हैं। महिला को खतरे से बाहर बताया गया। सांडों के बढ़ते हुए आतंक के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान हैं परंतु लाख शिकायतों के बाद भी छुट्टा सांडों पर अंकुश नहीं लग पा रहा।

## अंधविश्वास के चक्कर में मासूम बच्ची को जलाने वाली तांत्रिक महिला गिरफ्तार

- झाड़ फूंक के चक्कर में तांत्रिक महिला द्वारा जलाई गई मासूम बच्ची का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



पढ़ुआ थाना क्षेत्र में दिमागी बुखार से पीड़ित चार वर्षीय मासूम बच्ची पर शैतानों की साया बताकर झाड़ फूंक के चक्कर में उसकी पिटाई कर हांथ जलाने वाली तांत्रिक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।अंधविश्वास के चक्कर में मासूम बच्ची के साथ हुए अत्याचार की यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

पुलिस को दी गई तहरीर में गांव मिझरिया मजरा नैनापुर निवासी संदीप राज ने बताया है कि उसकी चार वर्षीय पुत्री माही राज को विगत सप्ताह दिमागी की बुखार हो गया था। उसने सामान्य बीमारी समझकर इधर-उधर झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार कराया लेकिन मासूम का स्वास्थ्य ठीक होने के बजाय और अधिक खराब होता गया।

इस बीच पड़ोस के ही कुछ ग्रामीणों ने उसे झाड़ फूंक कराने की सलाह दे दी। तब वह मासूम बच्ची माही को पड़ोस के ही गांव अभयपुर निवासी तांत्रिक महिला गीता वर्मा पत्नी स्वर्गीय अंबिका प्रसाद वर्मा के पास लेकर गया जहां पर तांत्रिक गीता ने मासूम बच्ची पर तीन शैतानों की साया बताकर पहले झाड़ फूंक करते हुए उसकी जमकर पिटाई किया। उसके बाद गोबर के कंडों की आग में मासूम बच्ची के दोनों हाथ जला दिए। तांत्रिक महिला के द्वारा पहले पिटाई फिर हाथ जलाने से मासूम बदहवास होकर गिर गई। मासूम की हालत बिगड़ती देख पिता संदीप उसे जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गया जहां पर दो-तीन दिन तक चले उपचार के बाद निजी अस्पताल के डॉक्टर ने हालात सीरियस देख इलाज करने से मना कर दिया तब वह मासूम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां पर चिकित्सकों ने उसकी जांच पड़ताल के पश्चात उपचार शुरू कर दिया है। इस बीच किसी ने अंधविश्वास की यह निंदनीय घटना को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तब पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर तांत्रिक महिला गीता को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। अंधविश्वास के चक्कर में एक मासूम बच्ची के साथ हुए अत्याचार की यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।इस संदर्भ में सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि मासूम बच्ची के पिता की तहरीर पर उक्त तांत्रिक महिला गीता वर्मा के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

## विकास के नाम पर लाखो खर्च, गांव की हालत बदहाल



जन एक्सप्रेस । हरदोई

**सांडी।** स्थानीय ब्लॉक की ग्राम पंचायत तमाम योजनाओं के माध्यम से विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी गांव की दशा दयनीय है1 ग्राम पंचायत में सड़क पर भरे गन्दे पानी से ग्रामीणों को गुजरना पड़ रहा है। गांव के विकास के लिए केंद्र और राज्य की तमाम योजनाओं के माध्यम से लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है। गांव को चमाचम दिखाने के लिए बाकायदा कार्य योजना तैयार की जाती है। जिसमें मनरेगा राज्य वित्त और केंद्रीय वित्त के माध्यम से आए हुए पैसे का उपयोग दिखाया जाता है।लेकिन यह सब कागजों तक ही सीमित रहता है। विकासखंड साडी की ग्राम पंचायत वघराई में तालाब पाट दिया गया है। जिसके चलते पानी निकासी की समस्या बनी हुई है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भी भुगतना पड़ रहा है।गांव में बनी सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है। जिससे होकर लोगों को गुजरना पड़ रहा। गांव निवासी सिद्धार्थ, आरती, सुरेश ने बताया कि नालियों और बरसात का गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। जिससे होकर आने जाने वाले लोगों को गुजरना पड़ता है। ग्राम प्रधान की मनमानी के चलते गांव में विकास कार्य पूरी तरीके से तप है।विकास कार्यों में कई जगह कार्य दिखाकर पैसा हड़प लिया गया है। खंड विकास अधिकारी उदयवीर ने बताया मामले की जांच कराई जाएगी।

## बारिस से जलभराव होने पर लोगों की बढ़ जाती हैं दिक्कतें

जन एक्सप्रेस । कमलेश कुमार



**मल्लावां।** हल्की बारिश होने पर राघौपुर चौराहा तालाब में तब्दील हो जाता है। चौराहे से मटिया मऊ जाने वाली सड़क पर नाला चोक होने के कारण बारिश से सड़क पर पानी भर जाता है। जिससे लोगों को निकलने में दिक्कत होने लगी।

लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण जरा सी बारिश होने पर राघोपुर चौराहे पर पानी भर जाता है। जिसका खामियाजा राहगीरों और दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है ।। बारिश होने पर राघोपुर से मटियामऊ जाने वाले मार्ग पर पानी भर गया। जिसके कारण लोगों को निकलने में दिक्कत हुई ।दुकानदारों ने कई बार रोड ऊंचा, नाला सही कराने की मांग उठाई। लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। राघोपुर चौराहे से हजरातपुर रोड पर पानी भर जाने से राजगीरों को निकलने में दिक्कत होती है। वहीं दुकानदारों को भी जरा सी बारिश होती है और सड़क पर पानी भर जाता है ।तेज वाहनों के निकलने पर आसपास के दुकानदारों के यहां बैठे ग्राहकों के कपड़े गंदे पानी पड़ने से खराब हो जाते हैं चौराहे के व्यापारी, मान खां, संजय जायसवाल, जावेद, योगेश पांडेय सहित तमाम लोगो ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है की बंद नाला खुलवाया जाए, सड़क को ऊंची करवाया जाए। जिससे बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या से लोगों को परेशान न होना पड़े।

# पीड़ित ने लगाया दबंगों से पुलिस की मिलीभगत का आरोप

# फतेहपुर हत्याकांड दोहराने का भूमाफियाओं ने किया प्रयास

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जहां भरे सदन में भूमाफियाओं को मिट्टी में मिला देने की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ सीएम योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल के देवरिया जनपद में भूमाफियाओं का आतंक दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। भूमाफियाओं की दबंगई का आलम यह है कि दुसरे की भूमिधरी की जमीन पर फर्जी कागजात तैयार कर जबरन कब्जा कर बेचने का कार्य बेखौफ कर रहे हैं। देवरिया जिले के इन भूमाफियाओं का भूमि संबंधित कला धंधा राजस्व विभाग और पुलिस की सहायता से खूब फल-फूल रहा है। ताजा मामला जनपद के खुखुन्दू थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनपुरा गांव के सलेमपुर देवरिया मार्ग से सटे भूमि विवाद का है।

**पीड़ित ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप**

पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था हमने इसकी लिखित सूचना थानाध्यक्ष को दिया परन्तु थानाध्यक्ष ने घटना स्थल पर पुलिस फोर्स नहीं भेजा जिस कारण भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ा और भूमाफियाओं द्वारा इतनी बड़ी घटाना को अंजाम देने का कार्य किया गया।

**पीड़ित को प्रताड़ित करना देवरिया पुलिस की नियति**

बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ पुलिस प्रशासन आए दिन फरमान जारी किया करते हैं कि पिडित की फरियाद सुनीं जाए और समुचित कार्रवाई की जाए परंतु देवरिया जिले की पुलिस मुख्यमंत्री के आदेशों दरकिनार कर पीड़ितों को ही कहीं धमाका कर तो कहीं फर्जी मुकदमे में फंसाकर प्रताड़ित करना पुलिस की नियति बन गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सभा शेरवा बमनौली निवासी रामजी चौरसिया ने बताया कि भूमाफियाओं के सहयोग में पुलिस भी लगी रही जहां पर भूमाफियाओं द्वारा तोड़फोड़ व लूट की घटना को अंजाम दिया गया तो वहीं दुसरी तरफ थाना पुलिस ने भूमाफियाओं पर नकेल कसने की बजाय पीड़ित को ही धमकाती रही।



**जिम्मेदारों की बेपरवाही से हुआ था फतेहपुर हत्याकांड**

बता दें कि जनपद में पुलिस की कार्यशैली पर आए दिन सवाल खड़े होते हैं जहां बीते साल 2023 में जिम्मेदारों की बेपरवाही से ही भूमाफियाओं ने फतेहपुर नरसंहार जैसे कांड को अंजाम दिया तो वहीं एक तरफ बरहज थाना क्षेत्र के सतरांव पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा ने पीट-पीट कर एक युवक की हत्या कर दिया तो वहीं दुसरी तरफ पुलिस के सहयोग से भूमाफिया दूसरे की भूमि पर कब्जा करते नजर आ रहे हैं। यक्ष प्रश्न- माफियाओं को मिट्टी में मिलाने वाली सरकार में नहीं मिलेगा

**भूमाफियाओं से छुटकारा, या इनके आतंक से त्रस्त होती रहेगी गरीब जनता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का माफियाओं को मिट्टी में मिलाने देने का फरमान देवरिया जिले में जिम्मेदारों की बेपरवाही से धूलधूसरित होता नजर आ रहा है। अब सवाल यह उठता है कि कैसे और कहां मिलेगा गरीब और पीड़ित को न्याय देवरिया जिले के शासन, प्रशासन की कार्यशैली पर भी उठ रहे है, क्या ऐसे ही पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार योगी सरकार के माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश के सपनों पर पानी फेरते रहेंगे या भूमाफियाओं से ऐसे ही त्रस्त होती रहेगी गरीब जनता।

# भारत में घुसपैठ कर रही महिला हुई गिरफ्तार

## नेपाल के रास्ते कर रही थी भारत में घुसपैठ



**जन एक्सप्रेस। सोनौली (महराजगंज)**

भारत नेपाल के सोनौली बॉर्डर से सटे पगडंडी मार्ग पर एसएसबी की 66वीं वाहिनी ने एक विदेशी महिला को अवैध रूप से नेपाल से भारत में घुसपैठ करते हुए गिरफ्तार करने का दावा किया है। सूत्रों के मुताबिक एसएसबी जवान गस्त पर थे कि सोनौली कोतवाली क्षेत्र के डंडा पुल के पास पगडंडी मार्ग से एक युवती भारतीय सीमा में आते दिखाई दी। जिसे जवानों ने रोक कर पूछताछ किया तो महिला अपना पता ठिकाना बताने में पूरी तरह से अनभिज्ञता जाता रही थी। बातचीत से पता चला की महिला विदेशी है। जिसकी जानकारी अप्रवासन अधिकारियों को दी गई।

सूत्रों के अनुसार अप्रवासन अधिकारियों के जांच पड़ताल क्रम में उसके पास किसी भी तरह का भारत में प्रवेश का प्रपत्र नहीं मिला। जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ी गई महिला चीन की रहने वाली है। जिसका नाम चाई जीहांग उम्र 49 वर्ष बताया गया है। फिलहाल अभी उससे पूछताछ जारी है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल, तहसीलों में हो रही जमानत

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

जिलाधिकारी के अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों व वकीलों के साथ अमर्यादित व्यवहार के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल मंगलवार को भी रही। दीवानी, कलक्ट्रेट और जिले की पांच तहसीलों में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। जबकि मुलजिम की जमानत और प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। जिले में अब तक कुल 147 लोगों को जमानत दी गई। वहीं, न्यायालयों में राजस्व से संबंधित मुकदमों में सुनवाई नहीं हुई। इसकी वजह से वादकारियों को परेशानी हो रही है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन और कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन की हड़ताल के समर्थन में जिले की पांचों तहसीलों में अधिवक्ता आंदोलित हैं। इससे न्यायिक कार्य ठप हो गए हैं। सदर तहसील में अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य बहिष्कार से एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों के न्यायालयों में कार्य नहीं हो रहे हैं। राजस्व के वादों पर तारीख पड़ रही है। जबकि उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय से 107, 116 व धारा 151 के मामले में जमानत मिल रही है। साथ ही आय, जाति प्रमाणपत्र आदि कार्य किए जा रहे हैं। जिला अधिवक्ता संघ के आह्वान पर तहसील के अधिवक्ता भी पांच दिनों से हड़ताल पर हैं। इससे न्यायालय का कार्य छोड़ सभी कार्य हो रहे हैं। जमानत, आय जाति निवास प्रमाणपत्र और रजिस्ट्रेशन का काम बदस्तूर चल रहा है। डीएम और अधिवक्ताओं में विवाद के बाद अधिवक्ताओं की हड़ताल से कोर्ट में तारीख पड़ रही है। जिला अधिवक्ता संघ की हड़ताल के समर्थन में तहसीलों में एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कोर्ट में काम नहीं हो रहा है। हालांकि, उपजिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में आने वाली शांति भंग की चलानी रिपोर्ट पर आरोपियों की जमानत हो रही है। 20 तारीख को हड़ताल शुरू होने के बाद अब तक 44 लोगों को कोर्ट से जमानत मिली है। जमानत के बाद इन फाइलों में तारीख मिल रही है। अधिवक्ता संघ के महामंत्री आनंद मणि त्रिपाठी ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ के समर्थन में तहसील के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। तहसील में आकस्मिक कार्य जैसे मुलजिम की जमानत हो रही है। प्रमाणपत्र भी जारी हो रहे हैं। हड़ताल का खात्मा जिला अधिवक्ता संघ के निर्देश पर होगा।

अधिवक्ताओं की हड़ताल सलेमपुर तहसील में बेअसर दिख रही है। कारण यह कि 20 जून से 30 जून तक अधिवक्ताओं ने समर वेकेशन को लेकर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रस्ताव डाल दिया है। अब स्थिति है कि नायब तहसीलदार से लेकर उपजिलाधिकारी कोर्ट के न्यायिक मुकदमों के फाइलों की तिथि पहली जुलाई के बाद ही लगाई गई है। वैसे तो फरियादी अपने मुकदमों को लेकर परेशान हैं। आय जाति प्रमाणपत्र बन रहा है। 13 जमानतें हुई हैं। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ के समर्थन में तहसील के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं।

# पशु तस्करों संग हुई पुलिस मुठभेड़ में दो तस्कर हुए घायल

- **ट्रक में बीस गोवंश व असलहा बरामद, यूपी व बिहार की वार्डर पर हुआ मुठभेड़**

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के यूपी बिहार बार्डर पर स्थित बहादुरपुर फोरलेन पुलिस चौकी के समीप बुधवार की भोर में तरयासुजान पुलिस ने घेराबंदी कर जांच कर रही थी कि उसी समय गोवंश लदे ट्रक को तस्कर बहादुरपुर हफुआं बलराम मार्ग से बिहार भाग रहे थे पुलिस के पीछा करने पर पशु तस्कर ट्रक को छोड़कर भागते हुए। बहादुरपुर मुसमात पोखरे पर पंहुचते ही पुलिस टीम पर फायर करने लगे। पुलिस की जबाबी फायरिंग में दो तस्कर घायल हो गए। जिनके पास से पुलिस ने दो तमंचा 315 बोर,दो खाली कारतूस,दो जिंदा कारतूस बरामद किया पशुओं से लदे ट्रक से 20 राशि गोवंश भी बरामद



करते हुए मुकदमा दर्ज कर, कार्रवाई में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार पशु तस्करी की सूचना पर एसएचओ तरयासुजान आशुतोष सिंह पुलिस टीम के साथ पांच बजे भोर में थाना क्षेत्र के यूपी बिहार वार्डर के पुलिस चौकी बहादुरपुर फोरलेन के निकट घेराबंदी कर। सघन वाहन जांच कर रहे थे कि तमकुहीराज की ओर से एक ट्रक आता दिखाई दिया। लेकिन पुलिस टीम को देख फोरलेन सड़क छोड़ बहादुरपुर हफुआं बलराम मार्ग पकड़ बिहार सीमा की ओर भागने लगे।

वहीं पुलिस टीम ने भी तेजी से पिछा किया तो पशु तस्कर बहादुरपुर के मुसमात पोखरे के पास पशु लदे ट्रक से कूद कर भागते हुए। पोखरे के झाड़ियों में छुप गए। पुलिस को निकट आते देख तस्कर असलहा से फायरिंग करने लगे। पुलिस ने जबाबी फायरिंग किया तो दो पशु तस्करों को पैर में गोली लग गई वह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में पशु तस्करों ने अपना नाम रामछैल पुत्र नंदलाल निवासी ग्राम कोपीया थाना बखीरा जिला संतकबीरनगर तथा दूसरा जकरुल अहमद ग्राम मोहद्दीपुर थाना खलीलाबाद, जिला संतकबीरनगर निवासी बताया हैं।

घायल तस्करों के पास से पुलिस ने 315 बोर का दो तमंचा,दो खाली कारतूस,दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़े गये ट्रक से 20 राशि गोवंश बरामद हुए हैं जो बस्ती से कोलकाता बंगाल ले जाए जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया पशु तस्कर रामछैल अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरुद्ध संतकबीरनगर के बखीरा थाने में मारपीट का मुकदमा दर्ज है।

मुठभेड़ में तस्करों को गिरफ्तार करने में एसएचओ तरयासुजान सहित क्राईम ब्रांच के एसएचओ महेंद्र सिंह, एसएसआई श्याम लाल निषाद, चौकी प्रभारी बहादुरपुर विनय कुमार मिश्रा, एसआई रणविजय सिंह, एस आई विमलेश द्विवेदी,प्रशिक्षु एस आई शुभम वर्मा, दिवान रमेशचंद्र यादव, कांस्टेबल अवनीश सिंह, मनोज कुमार, राहुल कनौजिया,अतीस कुमार, विवेक आदि शामिल रहे।इस संबंध में

एसएचओ तरयासुजान ने बताया कि पुलिस की गोली से घायल पशु तस्करों का ईलाज कराया जा रहा है तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सेना भर्ती के लिए दौड़ लगाकर घर जा रहे युवक को डीसीएम ने रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर, महराजगंज**

सेना की भर्ती के लिए दौड़ लगाकर घर जा रहे युवक को डीसीएम ने रौंद दिया। सूत्रों के अनुसार फरेंदा- धानी मार्ग के विश्रामपुर चौराहे पर तेज रफ्तार से जा रहा एक डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर दिशा विहीन हो गया और उक्त डीसीएम की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद डीसीएम एक कार में जोरदार टक्कर मारने के बाद पलट गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के विश्रामपुर चौराहे पर बुधवार की सुबह पांच बजे दौड़ लगाकर घर जा रहे युवक को डीसीएम ने रौंद दिया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।मृतक युवक की पहचान फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के पचरुखी टोला शिवराजपुर निवासी राजन उर्फ विकास वर्मा पुत्र शिवचरन 25 वर्षीय के रूप में हुई है। मृतक विकास वर्मा सेना में तैयारी के लिए विश्रामपुर चौराहे के पास स्थित जंगल में दौड़ लगाने गया था। उसके बाद डीसीएम की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। दरअसल यहा दौड़ लगाने के लिए क्षेत्र के अन्य युवा भी शारीरिक दौड़ में प्रतिदिन सुबह पहुंचते हैं। प्रतिदिन की तरह वह अपने दोस्तों के साथ दौड़ लगाने के बाद अकेले घर जा रहा था। अभी वह विश्रामपुर चौराहे के पास ही पहुंचा था कि फरेंदा की तरफ से तेज गति से आ रही डीसीएम चालक ने लापरवाही पूर्वक उस युवक को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना है। इस संबंध में फरेंदा कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही तुरंत पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए भेज दिया गया। मृतक के परिजनों के तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।



# नगर पंचायत में पीएम आवास लाभार्थियों का सपना हो रहा चकनाचूर

- **दलालों की कृपा पर टिका है गरीबों का अपने आशियाना का सपना**

**जन एक्सप्रेस। गोला-गोरखपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब को मकान मिल जाए लेकिन गोला टाउन एरिया में प्रधान मंत्री आवास के नाम पर 25 से 30 हजार रुपये की वसूली जिम्मेदारों द्वारा की जाती हैं यदि लाभार्थी ने पैसा भुगतान पहले नहीं किया तो उसकी जिओ ट्रैकिंग रोक दी जाती है जिससे उसे मिलने वाली अगली किस्त रुक जाती है।

पीएम आवास में धन उगाही का कई बार हो चुका है वीडियो वायरल पीएम आवास योजना में धन उगाही की शिकायत करने पर कर्मचारियों का कहना होता है कि भाई साहब हम केवल अकेले नहीं लेते हैं यह पैसा ऊपर तक देना पड़ता है शिकायतकर्ताओं द्वारा कई बार इसका वीडियो वायरल किया जा चुका है तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यू टयूब के न्यूज़ चैनलों ने कई विधिवत खबर भी चलाई थी लेकिन कार्रवाई के नाम पर **जिम्मेदारों द्वारा लीपा पोती कर दिया गया। सरकार की जनकल्याणकारी योजना में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच के लिए कमेटी तक नहीं बनाई गई।**




**डूडा कर्मचारियों ने हर वार्ड में रखें है निजी दलाल**

नगर पंचायत के हर वार्ड में डूडा कर्मचारियों ने अपना दलाल रखा हुआ है जो लाभार्थियों से वसूली करके पैसा डूडा के कर्मचारी तक पहुंचाते हैं और अगर दलाल ने कह दिया कि यह लाभार्थी पैसा देने में आना कानी करता है तो दलाल के कहने पर उसकी अगली कि जिओ टैगिंग आदि को रोक कर अगली किस्त का पैसा रोक दिया जाता है। जिससे वह दर-दर भटकने के लिए मजबूर हो जाता है। वार्ड नंबर 16 निवासी एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मैं बीस हजार रूपए से ऊपर दे चुका हूं हमसे बाद में बने सभी सभी मकान की जियो टैगिंग हो गई लेकिन हमारे मकान की जिओ टैगिंग नहीं की गई, क्योंकि मैं और पैसा देने से इनकार कर दिया इसलिए अभी तक मेरी जियो टैगिंग नहीं हो पाई है।

# जमीन विवाद में चाकूबाजी, चार घायल

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

गाजीपुर भैंसही गांव में मंगलवार को जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। दोनों तरफ से हुई चाकूबाजी में चार लोग घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल शख्स को मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया।

घटना के पीछे जमीन की वरासत का मामला बताया जा रहा है। गांव के रिजवान वेग और सेराज वेग के परिवार के बीच एक घर की वरासत को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों परिवारों के बीच कई बार विवाद हो चुका है। मंगलवार की दोपहर घर पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। चाकूबाजी से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक पक्ष के रिजवान वेग (70) और उनके दोनों बेटे फरहान (52), फैजान (47) तथा दूसरे पक्ष से सेराज घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसमें सेराज की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया।घायलों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इसमें सेराज की हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कैथवलिया गांव में फूल नुकसान करने के विवाद में कुछ लोगों ने एक युवक को पीट दिया। घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया।

गांव के जितेन्द्र पांडेय का बेटा आयुष (18) मंगलवार को दरवाजे पर बैठा था। इस दौरान मोहल्ले के एक शख्स की बकरी दरवाजे पर लगे फूल को नुकसान करने लगी। इसकी शिकायत करने पर मारपीट हो गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक को पीट दिया। युवक के सिर में गंभीर चोट लगी।

## सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी विद्युत सप्लाई

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** जंगल कौड़िया और सिंहोरवा विद्युत उपकेन्द्रों की 33 के.वी. लाइन का इन्सुलेटर बदलने और अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य किये जाने के कारण उपरोक्त उपकेन्द्रों की सप्लाई 27 जून से 2 जुलाई तक सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड कैम्पियरगंज ने उपरोक्त विद्युत उपकेन्द्रों से सम्बन्धित उपभोक्ताओं से अपील किया है की विद्युत सप्लाई बन्द होने से पूर्व पानी इत्यादि की व्यवस्था कर लें।

## पिता-पुत्र गोलीकांड मे वांछित तीन महिलाएं हुईं गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/गोला गोरखपुर।** बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने समयथान पड़ौली, भटपुरवा मधुपुर टोला में बीते सोमवार को पिता-पुत्र गोलीकांड में वांछित तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। बता दें कि उक्त गांव के मुन्नालाल यादव व कमलेश यादव के बीच काफी दिनों से रास्ते का विवाद चल रहा है। सोमवार को मुन्नालाल अपने लड़के आदित्य यादव के साथ घर के पास प्लास्टिक लगा रहे थे। इसी बीच विपक्षी कमलेश यादव असलहे से मुन्नालाल व आदित्य को गोली मारकर फरार हो गया है। मुन्नालाल के कंधे में व आदित्य के सीने मे गोली लगी है। मुन्नालाल की पत्नी मीना देवी की तहरीर पर पुलिस ने कमलेश यादव, अखिलेश यादव, रोहन यादव, फूला, नीतू, सरिता व संगीता देवी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने नीतू देवी, संगीता देवी व सरिता को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# तीन पत्नियां छोड़, वन दरोगा कर रहा चौथी शादी की तैयारी

- **बहू विवाह जैसी कुप्रथा को पुनर्जीवित कर रहा शादी बाज वन दरोगा**

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

भारतीय संविधान में जहां हिंदू धर्म में एक विवाहित पुरुष अपनी जीवित पत्नी को छोड़ कर दूसरी शादी करना कानूनन अपराध बताया गया है, परंतु हिंदू समाज में ही आज एक पत्नी के जीवित रहते ही दूसरी शादी तो कर लोग न्यायालय की शरण में चले जाते हैं और न्यायिक प्रक्रिया में उनके जीवन गुजर जाता है और एक महिला का जीवन नर्क बन कर रह जाता है। परंतु दूसरी शादी तो बहुत सुनने को मिलती हैं परंतु तिसरी पत्नी छोड़ कर चौथी शादी की तैयारी दुनिया का आठवां अजूबा ही नजर आता है।ऐसा ही एक मामला सीएम सीटी गोरखपुर का इन दिनों सुर्खियों में है।



**तीन पत्नियां हैं ज़िंदा फिर चौथी से शादी की तैयारी**

ताजा मामला जेल रोड थाना शाहपुर गोरखपुर निवासिनी एक युवती का है जिसे बस्ती जनपद निवासी वन विभाग में तैनात के एक दरोगा ने दोस्ती कर सालों शारिरिक संबंध बनाता और फिर शादी भी कर लिया और एक पत्नी रहते हुए ही दो और शादियां कर लिया अब चौथी शादी करने करने की तैयारी में जुट गया है। पिडिता ने बताया कि दरोगा ने अपनी तीसरी पत्नी को तलाक दिए बिना ही नई महिला से शादी करने की योजना बनाई है।

**वन विभाग में चर्चा का विषय बनी दरोगा की चौथी शादी**

यह घटना वन विभाग में चर्चा का विषय बन गई है और विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। शादी बाज दरोगा का नाम अभिलाष पुत्र सतई है और वह संत कबीर जिले के घनघटा रेंज में तैनात है। सूत्रों के अनुसार, दरोगा की पहले से ही तीन पत्नियां हैं, जिनमें से दो से न्यायालय में उसके तलाक की प्रक्रिया चल रही है। कानूनी तौर पर भारत में एक व्यक्ति की केवल एक वैध पत्नी हो सकती है। पीड़ित महिला ने बताया दरोगा बिना तलाक के चौथी शादी कर ली, तो यह बहू विवाह जैसी कुप्रथा को पुनर्जीवित करने का जघन्य अपराध होगा। एक विवाहित व्यक्ति का दूसरी महिला से शादी करने का प्रयास, न केवल उसकी पत्नियों के साथ विश्वासघात है, बल्कि यह समाज में भी गलत संदेश जाएगा। वन विभाग ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है। जांच के बाद दरोगा के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली कहासनी में दुकानदार को पीटा, घायल दुकानदार ने थाने में दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत पिनाहट- राजाखेड़ा मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास बाइक मैकेनिक दुकानदार की युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी।आरोप है इसी बात को लेकर दोनों में लाठी डंडे चल गए। जिसमें दुकानदार का सिर फट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दुकानदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया है।जानकारी के अनुसार कस्बे के राजाखेड़ा रोड नहर पुलिया निवासी दुकानदार मोहित पुत्र सुरेंद्र सिंह तोमर की पिनाहट - राजाखेड़ा मार्ग स्थित चंबल नहर पुलिया के पास बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। मंगलवार को दुकानदार मोहित पुत्र सुरेंद्र सिंह की प्रवेश पत्र सुरेश निवासी गांव सांवलदास पुरा थाना पिनाहट से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।आरोप है कि बुधवार दोपहर को फिर से दोनों पक्ष एक दूसरे से गाली गलौज करने लगे।दोनों पक्ष के लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए।जिसमें दुकानदार मोहित घायल हो गया।

# सपा विधायक की बढ़ी मुश्किलें

## 24 साल बाद एमपी/एमएलए कोर्ट ने एक केस में 3 जुलाई को किया तलब, वन विभाग के कर्मचारियों को धमकाने व जमीन कब्जाने का है आरोप

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



इकलौते सपा विधायक की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इसौली से सपा विधायक ताहिर खान के विरुद्ध चौबीस सालों के बाद मुकदमा चलेगा। सपा विधायक पर वन विभाग के कर्मचारियों को धमकाने व ट्रैक्टर से मिट्टी डाल कर जमीन कब्जाने का आरोप है।

एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने बुधवार को विधायक ताहिर खान को तीन जुलाई को विशेष न्यायालय मे उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि साल 2000 में एक एफआईआर प्रभागीय वनाधिकारी ने 3 फरवरी को कोतवाली नगर में दर्ज कराया था। जिसके अनुसार 21 जनवरी 2000 को वन विभाग के पिलर संख्या 1 व 2 के बीच मोहम्मद ताहिर ने राजस्थानी ट्रैक्टर से मिट्टी डलवा कर सड़क बनाने का प्रयास किया था। चिन्हाकन के लिए लगे पत्थरों को भी दबा दिया गया था। वहां मौजूद वन कर्मियों रामशिरोमणि, स्वामीनाथ, जेठूराम, हरिशंन्द्र ने उन्हें मना किया तो वे आमादा मारपीट हो गए।

इस प्रकरण में आरोप पत्र बहुत पहले आ चुका था। लेकिन पत्रावली सीजेएम न्यायालय मे लंबित रही। अब विशेष न्यायालय ने कार्यवाही शुरू कर दी है। कोर्ट की इस कार्रवाई के बाद से विधायक खेमे में बेचैनी साफ देखी जा रही है।

## भाजपा एमएलए समेत 6 को कोर्ट का समन, आचार संहिता उल्लंघन मामले में एमपी/एमएलए अदालत ने की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



लम्भुआ से भाजपा विधायक सीताराम वर्मा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बिना अनुमति जन सभा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने विधायक समेत छह आरोपियों पर समन जारी किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान विधायक सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र के केशवपुर में महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड्डुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी।

जिस पर उड़नदस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने एफआईआर लिखाई थी। इसी मुकदमे में एमपीएमएलए मजिस्ट्रेट न्यायालय ने बुधवार को आरोपी विधायक सीताराम वर्मा, खड्डुआन निवासी अजय वर्मा, संतराम वर्मा, शुभम वर्मा, पवन, रंजीत वर्मा पर समन जारी कर तीन जुलाई को तलब किया है।

## एक ही जात के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

थाना किरावली के गांव नगला केसरिया में ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया वाक युद्ध के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिसमे दो लोग जख्मी हुए हैं। पुलिस ने दो लोगों को मौके पर गिरफ्तार किया है।

नगला केसरिया निवासी राजू, राकेश पुत्रगण शिव सिंह अपने घर की तरफ जा रहे थे पड़ोसी मुकेश, जीतू पुत्रगण जगदीश तथा उसके रिश्तेदार लोहरे निवासी रूपवास भरतपुर ने गली के सामने ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर दी इस पर राजू राकेश ने ट्रैक्टर ट्रॉली हटाने के लिए कहा तो मुकेश और जीतू को बुरा लग गया। बताया गया है कि शराब के नशे में चूर इन लोगो ने राजू राकेश पर हमला बोल दिया। वाक युद्ध के दौरान जमकर मारपीट हुई जिससे राजू और उसके भाई राकेश को गंभीर चोट आई हैं।

## अराजकतत्वों ने प्रधान पर जानलेवा हमले का किया असफल प्रयास, पथराव कर गाड़ी के शीशे तोड़े, जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

अखंडनगर थानाक्षेत्र में लोकनाथपुर बालचंद पट्टी के प्रधान पर जानलेवा हमले का असफल प्रयास हुआ। अराजकतत्वों की फायरिंग में जहां प्रधान व उनके समर्थक बाल-बाल बच गए हैं वही फार्च्यूनर गाड़ी का शीशा टूटा है। हालांकि पुलिस इस मामले में एक्टिव हो गई है। तहरीर लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

लोकनाथपुर बालचंद पट्टी के प्रधान सैयद नौशाद अहमद का आरोप है कि मंगलवार को नेमपुर घाट से आगे स्व. वीरेंद्र प्रताप पीजी कॉलेज के पास पहुंचा तभी दो बाइक से अराजकतत्व गाड़ी के आगे आ गए। अराजकतत्वों ने गाली गलौज करते हुए मुझे गाड़ी से खीच कर बाहर निकाला और प्रहार किया। गुहार लगाने पर जब लोग दौड़े तो आरोपी फरार हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि इसके बाद आरोपी के भाई ने फोन किया और धमकी दी की पुलिस में मत जाना वरना अंजाम बुरा होगा।

प्रधान ने बताया इसके बाद जब हम थाने जा रहे थे। तब रास्ते में विपिन कुमार पुत्र अनुज कुमार व हरीश पुत्र नरेंद्र कुमार और दो अज्ञात ने पहले फायर किया जो मिस कर गया। यही नहीं आरोपियों ने पथराव गाड़ी पर किया इससे गाड़ी का शीशा टूट गया। प्रधान ने बताया हम जैसे तैसे थाने पहुंचे और पुलिस में तहरीर दी। थानाध्यक्ष नारद मुनि ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

# राजेश हत्याकांड के सभी पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**




गल्ला व्यापारी राजेश जायसवाल हत्याकांड का बुधवार को कूरेभार पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मुख्य आरोपी समेत पांच को गिरफ्तार करके पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेजा गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है।

रविवार की रात कूरेभार थानाक्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार में गल्ला व्यापारी राजेश जायसवाल (32) की गोली मारकर हत्या की गई थी। प्रकरण को लेकर व्यापारियों में काफी आक्रोश था। सोमवार रात मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक की मां इंद्रावती देवी की तहरीर पर प्रियांशू द्विवेदी, शादाब, अतीक, जुनेद व अज्ञात के विरुद्ध कूरेभार थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार को ही पुलिस ने प्रियांशू को हिरासत में ले लिया था।

इसी प्रकरण में आज सभी आरोपियों मिर्जा अतीक बेग उर्फ गाधी पुत्र शकील बेग, उसके भाई शादाब बेग पुत्र शकील बेग, जुनैद बेग पुत्र मिर्जा तुफैल बेग निवासीगण मुजेश थाना कूरेभार, प्रियांशु द्विवेदी उर्फ रजत पुत्र रूपेश द्विवेदी निवासी और मो अलफैज पुत्र गुल्जार अहमद निवासीगण ग्राम अहिरौली मलिकपुर थाना कोतवाली देहात को हलियापुर जाने वाले मार्ग पर ऐनपुर डबल नहर के पास से गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने एक अदद पिस्टल 32 बोर मय 2 जिन्दा कारतूएस,एक बाइक यूपी 44 एए 7466 सुपर स्पेलेण्डर, एक मोबाइल फोन एंड्रायड बरामद किया है।

## मैरिस रोड को मिलेगी जल भराव से निज़ात

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

महापौर प्रशान्त सिंघल और नगर आयुक्त अमित आसेरी ने दशकों पुरानी इस समस्या का हल निकलते हुए मैरिस रोड से केला नगर जीवन गढ़ होते हुए जाफ़री ड्रेन तक नाला निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा जल्द शुरू किया जा रहा है। लगभग 1.5 किलोमीटर नाला निर्माण के हो जाने से लगभग 55000 की आबादी और कई पार्षद वार्ड को जल भराव से निज़ात मिलने की संभावना है।

बुधवार को नगर आयुक्त अमित आसेरी संग पार्षद मो0 तारिक सद्दाम अशरवी यूनुस मो0 जावेद नईम अहमद ने इस समस्या के निदान के लिए नाला निर्माण को शुरू करने से पहले केला नगर, जीवनगढ़, जाफ़री ड्रेन व क्वारसी नाला सफाई का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में नगर आयुक्त ने पार्षदों को पूर्ण आश्वस्त किया और कहा शहर को जल भराव से निज़ात दिलाने के लिए पब्लिक के साथ साथ पार्षदों के सहयोग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है इस नाला निर्माण से कई पार्षद वार्ड में जल भराव की दशकों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। स्थानीय पार्षदों के अनुरोध पर नगर आयुक्त ने जीवनगढ़ में कचरे के निस्तारण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 10 टेम्पो टिपर अतिरिक्त लगाए जाने के निर्देश अर्बन कंपनी के प्लांट हेड एहसान सैफी को दिए और निर्देश दिए इन वार्ड में कचरा डोर टू डोर व्यवस्था से ही उठाया जाए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चंद महाप्रबंधक जल अनवर ख्वाजा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

# बिजली का करंट लगने से महिला और पुरुष की मौत

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कजरी जमालुद्दीनपुर गांव में बुधवार को खेत की सिंचाई करते समय करंट की चपेट में आने से एक किसान व महिला की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कजरी जमालुद्दीनपुर गांव के जियालाल टिल्लू पंप से खेत की सिंचाई कर रहे थे। उन्होंने एलटी लाइन पोल से केबल तार बिछा रखा था। केवल पुरानी और जर्जर होने की वजह से जगह जगह काटा था केबल का कटा तार भिंडी के खेत के चारो तरफ की गयी बैरिकेडिंग में कही छू रहा था। जिससे उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। इसी दौरान खेत में घास काट रही महिला करंट की चपेट में आ गई। यह देख किसान जियालाल उसको बचाने के लिए दौड़े लेकिन महिला के पास पहुंचने के पहले ही वह भी करंट की चपेट में आ गए। थोड़ी ही देर में दोनों की तड़प तड़प कर मौत हो गई। सम्मनपुर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं देर शाम एसडीएम पवन कुमार जायसवाल व सीओ सिटी सुरेश कुमार मिश्र ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।

## तेज आंधी-बारिश के चलते मकानों पर गिरे नीम के विशालकाय पेड़

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

**✻ थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत विप्रावली गांव का मामला**

बुधवार दोपहर को अचानक मौसम बदल गया। और तेज हवाएं चलने लगी। तेज आंधी और बारिश के चलते पिनाहट में दो नीम के विशालकाय पेड़ मकान पर गिर गए। जिसमें दो मकानो में दरार आ गई। वहीं घर के बाहर खेल रहा एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घर के बाहर लगे दो विद्युत पोल भी टूट गए। जिसके चलते गांव की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है। ग्रामीण पीने के पानी तक को तरस गये है। ग्रामीणों ने टूटे पड़े विद्युत पोल की जगह नए विधुत पोल लगाकर विद्युत सप्लाई चालू कराये जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 3 बजे पिनाहट में अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो। करीब 1 घंटे तक पिनाहट क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश होती रही। तेज बंदी और बारिश के चलते थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव विप्रावली में रघुनाथ वर्मा के घर के सामने लगे दो विशालकाय नीम के पेड़ जमीन से उखड़कर मकान पर गिर गये। जिसके चलते रघुनाथ और राज भारत के मकान में दरार आ गई। मकान के छज्जे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घर के बाहर लगे दो विद्युत पोल टूट गए घर के बाहर खेल रहे बच्चे भी विशालकाय पेड़ की चपेट में आ गए। जिसके चलते रमेश का 7 वर्षीय पुत्र योगराज भी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो विद्युत पोल टूट गये है।वही मकान में दरार आ गई है। घर के बाहर खेल रहे बच्चे भी घायल हो गए हैं। ग्रामीण रघुनाथ, राज भारत और रमेश ने गांव में टूटे पड़े विद्युत पोलों को सही कराकर विद्युत सप्लाई चालू करने की मांग की है।

# गायिका को यूट्यूब पर गीत डालना पड़ा महंगा प्रधान पुत्र ने घर में घुसकर पीटा, की अभद्रता

## एसपी के निर्देश के बावजूद एसएचओ ने तहरीर बदलवाकर दर्ज की एफआईआर

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



योगी राज मे महिलाओं के साथ न्याय की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं। हिंदूवादी संगठन न्याय दिलाने उतर आते हैं। लेकिन दोस्तपुर थानाक्षेत्र में एक महिला गायिका को न्याय मिलने में पसीने आ गए। एसपी के हस्तक्षेप के बाद केस दर्ज भी हुआ तो घटनाक्रम के अनुरूप नहीं बल्कि चर्चित एसएचओ के मन मुताबिक तहरीर के आधार पर।

दरअसल पूरा मामला दोस्तपुर थानाक्षेत्र के गोसैसिंहपुर कनकपुर गांव से जुड़ा हुआ है। यहां की रहने वाली अनीता यादव एक गृहणी के साथ-साथ अच्छी गायिका भी हैं। बीते दिनों ने उन्होंने एक गीत यूट्यूब पर अपलोड किया। सोशल मीडिया पर गीत शेयर होते ही उनके ग्राम सभा के ग्राम प्रधान बलराम यादव को आग लग गई। उन्होंने अनीता से गीत डिलीट करने को बोला। लेकिन जब उसने इससे मना कर दिया तो प्रधान ने अपने पुत्र अंकुर यादव को ललकार कर अनीता के घर भेज दिया।

अंकुर अनीता के घर में घुसा और उसे बच्चों के सामने ही जमकर पीटा। मां की पिटाई से बच्चे सहम गए। अनीता ने अपने साथ अभद्रता व गाली गलौज किए जाने का उल्लेख एसपी से की शिकायत में किया है। उसका आरोप है वो घटना के बाद थाने गई लेकिन वहां कोतवाल उसकी सुनी ही नहीं। थक हारकर वो एसपी से न्याय की गुहार लगाने पहुंची।

एसपी ने एसएचओ को केस दर्ज करने के निर्देश दिए। आरोप है कि थाने पहुंचने पर एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने अनीता से कहा जो तहरीर लेकर आई हो इस पर केस दर्ज नहीं करूंगा चाहे जो भी आदेश करे। उसके बाद उन्होंने आरोपी को लाभ पहुंचाते हुए अपने अनुसार तहरीर लिखवा कर ली और केस दर्ज किया। इस मामले में कोतवाल ने बताया कि केस दर्ज विवेचना की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कवि को मिला सम्मान

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जयपुर में रविवार को साहित्य मंजूषा और राव बिहारी पाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि आई ए एस व वरिष्ठ साहित्यकार टीकम चन्द्र बौहरा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त सलाहकार गोविंद देव व्यास ने की तथा संचालन कवयित्री ममता जाट ने किया। कार्यक्रम में विनीता लवानिया की पुस्तक **परिवरिश से बनते बिगड़ते रिश्ते** और राव शिवराज पाल सिंह के कविता संग्रह और साहित्य मंजूषा पत्रिका के 63वें अंक का विमोचन हुआ। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से तीस से अधिक कवि एवं साहित्यकारों ने भाग लिया। सीकरी के गांव नगला दधिराम के कवि एवं शिक्षक विजय सिंह धाकड़ ने मनमोहक काव्य पाठ किया उत्कृष्ट काव्य रचना हेतु विजय सिंह धाकड़ को **काव्य भूषण** सम्मान से सम्मानित किया गया। अपने क्षेत्र के कवि को यह सम्मान मिलने पर लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाइयां प्रेषित कीं।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. भिलाई स्टील प्लान्ट के विभिन्न गड़ढो से सूखे एवं गीले मिल – स्केल का अलगाव करके एजेन्सी के अपने खर्चो पर सूखे मिल – स्केल का संग्रहण करके लादना तथा उसे थर्मिट पोर्शन प्लान्ट, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ के परिसर तक पहुचाना व थर्मिट पोर्शन प्लान्ट, उत्तर रेलवे, चारबाग लखनऊ के आवश्यकता अनुसार निर्धारित भण्डार गृह में उतार करके व्यवस्थित करना। |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. प्रीफैब्रिकेटेड थ्री पीस मोल्ड, लूटिंग सैंड और ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न मदो की नमी मुक्त पैकिंग हेतु प्लेन पॉलीथिन का थर्मिट पोर्शन प्लान्ट, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ के स्पेशिफिकेशन/डिजाइन/ड्राइंग/नमूना के अनुसार उत्पादन और आपूर्ति। |
| 2 | अनुमानित लागत 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. रु. 17137212.36 (रु. एक करोड़ इकहत्तर लाख सैतीस हजार दो सौ बारह और छत्तीस पैसा मात्र) |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. रु. 68677096.44 (रु. छः करोड़ छियासी लाख सतहत्तर हजार छियानबे और चौवालिस पैसा मात्र) |
| 3 | धरोहर राशि 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. रु. 235700.00 |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. रु. 491900.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. 05.07.2024 |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. 05.07.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. निविदा 19.07.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15.30 बले खोली जायेगी। |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. निविदा 19.07.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15.30 बले खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्ते |
| अ | तकनीकी 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों मे से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रुपये में N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 1. "कोई भी इंजीनियरिंग कार्य" या "परिवहन कार्य" |
| | 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–25 | 2. "प्रीफैब्रिकेटेड मोल्ड/कुसिबल चार्ज/ए.टी. वेल्डिंग थिम्बल का उत्पादन और आपूर्ति" या "स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य" |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियंता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ |

नोटः 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.–02 एंड 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2024–2025
दिनांकः 24.06.2024 1906/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## धर्मवीर सिंह बग्गा ने लावारिस शव का किया अंतिम संस्कार



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद के जैतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक लावारिस शव मिला उसकी पहचान न होने के कारण उस लाश का कोई वारिस नहीं हुआ पुलिस टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया पहचान न होने के कारण जैतपुर थाने के कांस्टेबल रामप्रवेश के द्वारा सेवा ही धर्म टीम के संस्थापक धर्मवीर सिंह बग्गा को सूचना दिया। धर्मवीर सिंह बग्गा ने पोस्टमार्टम हाउस जाकर पोस्टमार्टम करवा के उस लावारिस शव का अंतिम संस्कार किया..।

अंतिम संस्कार में समाजसेवी नीरज मौर्य, समाजसेवी रमेश मौर्य, सरफराज अहमद, अविनाश,हिमांशु आदि लोग उपस्थित रहे..।

# जिलाधिकारी ने बच्चों को पिलाई विटामिन ए की खुराक

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**




जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अमरौला अकबरपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए दिए जाने के सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चो को विटामिन ए पीलाकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विटामिन ए0 सम्पूरण कार्यक्रम प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को निशुल्क टीकाकरण सत्र पर पिलाया जायेगा। विटामिन ए0 सम्पूरण कार्यक्रम 26 जून से 1 माह तक चलेगा। आप लोग से विशेष अपील है कि अपने 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर विटामिन ए0 की खुराक अवश्य पिलायें।विटामिन ए से फायदे रतौंधी एवं अंधापन से बचाव एवं कुपोषण से बचाव तथा रोगों से लड़ने हेतु प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है जनपद में विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम अभियान में 287559 बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 9 माह से 5 वर्ष तक के लक्षित सभी बच्चों को विटामिन %ए% की दवा पिलवाया जाना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि विटामिन-ए की खुराक से बच्चों को आवश्यक पोषण मिलता है और अनेक प्रकार के रोगों से बचाव होता है। इसका सेवन रतौंधी जैसे रोगों से बचाता है। विटामिन-ए शरीर में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विकास और हड्डियों के विकास और त्वचा और दृष्टि के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। विटामिन-ए की कमी होने से रतौंधी, कुपोषण सहित कई गंभीर बीमारियां हो जाती हैं।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की भी पहचान कर उनका समुचित उपचार किया जाए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी बच्चों को विटामिन **ए** की दवा पिलाई। इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजकुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामानन्द सिद्धार्थ सामु0 स्वा0केन्द्र अकबरपुर अधीक्षक डा0 नूर अहमद, स्वा0 शिक्षा अधिकारी संजय कुमार बी0पी0 एम0 पवन वर्मा, डी0पी0 एम0 अनिल मिश्रा, डी0सी0पी0 एम0 प्रीतम विकम् डब्लू0एच0ओ0 से एस0एम0ओ0 अंशु सिंह, यूनीसेफ से आरती यादव विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र प्रताप, सहायक अध्यापक श्याम कुमारी उपस्थित रहे।

## रमेश चंद्र राय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जनपद की दीवानी न्यायालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद जनपद मुख्यालय के निवासी रमेश चन्द्र राय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में एक बार फिर शासन के न्याय अनुभाग यूपी पेटी अफेन्स ट्रायल वाय स्पेशल जुडिशियल मजिस्ट्रेट रूल्स 1997 के नियम 4 के तहत विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट दीवानी न्यायालय मऊ के लिए नामित किए गये हैं। इनके साथ कुल 11 विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट नामित हुए है। शासन का पत्र जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट इलाहाबाद के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा 24 जून 24 को आदेश जारी करते हुए श्री राय को जनपद न्यायालय मऊ में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। इसके पूर्व दीवानी न्यायालय जौनपुर के मुख्य प्रशासनिक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद दीवानी न्यायालय जौनपुर में ही विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाये गये थे, दूसरी बार स्थाई लोक अदालत के न्यायिक सदस्य बने थे।

# पौटा कलां में बिना मानचित्र नक्शा पास कराए काटी जा रही अवैध कॉलोनियां, नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा



जिला पंचायत कार्यालय ने बरखेड़ा ग्राम क्षेत्र के पौटा कला निवासी काफील अहमद पुत्र छोटई पहलवान एव अनीस अहमद पुत्र लाईक अहमद आदि ने बगैर नक्शा मानचित्र पास कराए अवैध तरीके से व्यवासायिक कालौनी काटी। वहीं जिला पंचायत कार्यालय ने अवैध कालौनी का व्यवसायिक व्यापार करने वाले पर नकेल कसी।

जारी नोटिस मे बताया गया उत्तर प्रदेश सरकारी गजट नोटीफिकेशन 11 अक्टूबर 2014 जिला पंचायत पीलीभीत मे प्रभावी होने के फलस्वरूप जनपद पीलीभीत के ग्राम क्षेत्रो मे बनने वाले विभिन्न प्रकार के सरकारी व निजी आवासीय-व्यवासायिक भवनो कालोनियो संस्थाओ आदि के प्रस्तावित व निर्मित भवनो के मानचित्र व भूमि पर भूखण्डो का आवंटन करने हेतू उसका की -प्लान, ले-आउट, प्लान आदि के मानचित्रो को जिला पंचायत पीलीभीत से स्वीकृत पास व अनुज्ञा पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही निर्माण कराए जाने की व्यवस्था की गई है। तथा भवन निर्माण के उपरांत मानचित्र स्वीकृत किए जाने पर अतिरिक्त शुल्क वसूली के उपरांत मानचित्र स्वीकृत किए जाने की व्यवस्था निहित है अन्यथा की स्थिति मे भवन स्वामी संस्था के विरोध है कि बीस से पचास प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क वसूली के उपरांत मानचित्र स्वीकृत किए जाने सी0आर0पी0सी की धारा-133 के तहत वैधानिक कार्रवाई अमल मे लाते हुए।अवैध निर्माण कार्य को बल पूर्वक अवरुद्ध/ जमींदोज कराए की व्यवस्था निहित है।

वहीं तदसन्दर्भ मे अवर अभियन्ता व राजस्व निरीक्षक जिला पंचायत पीलीभीत द्वारा अपने क्षेत्रीय विभागीय निरीक्षक के दौरान कार्यालय के संज्ञान मे लाया गया है की पौटा कलां, विक्रमपुर, पड़री खमड़िया मे मदरसा के निकट व्यवासायिक कालौनी का अवैध निर्माण कराया गया है।

जिसका भवन मानचित्र- नक्शा जिला पंचायत से पास नही कराया है। जबकि उक्त नियमो के कम से कम उक्त निर्मित-निर्माणधीन व्यवासायिक कालौनी/ कॉम्प्लेक्स आदि मानचित्र जिला पंचायत पीलीभीत कार्यालय के द्वारा स्वीकृत कराए जाना अति आवश्यक है तथा एक सप्ताह के अंदर अवैध निर्माण कालौनी के नक्शा मानचित्र जिला पंचायत कार्यालय मे स्वीकृत करा ले अन्यथा उपरोक्त के विरोध वैधानिक कार्रवाई अमल लाई जाएगी। वही जिला पंचायत कार्यालय से जारी नोटिस से अवैध कालौनी माफियाओ मे हड़कंप मचा हुआ है। वहीं सूत्रो के द्वारा बताया गया है की इससे पूर्व मे कफील अहमद, अनीस अहमद के द्वारा कई अवैध कालौनिया का बिना मानचित्र नक्शा पास कराए निर्माण कराया गया था।

## पड़ोसी को बचाने आयी सास व गर्भवती बहू को घर में दबंगो ने पीटा

**बरखेड़ा।** गाँव मे पड़ोसी के घर मे बैठे ग्रामीण को दबंगो ने घर मे घुसकर पीटने पर बचाने आई गर्भवती महिला व एक अन्य महिला के साथ भी मारपीट की गई है। वही थाना बरखेड़ा पुलिस को पीड़ित ने तहरीर देते हुए थाना क्षेत्र के गांव अमखेड़ा लखनऊ निवासी महिला गीता देवी ने बताया हैं कि 25 जून की शाम 7 बजे के समय गाँव के ही मोहनलाल पुत्र श्रीराम मेरे घर किसी काम से बैठे थे।

तभी अचानक गाँव का भगवान दास पुत्र रीतराम, आशीष, अंकित पुत्र भगवान दास एक राय होकर मोहनलाल पर हमलावर होकर लाठी डंडो मारपीट करने लगे। घर मे कोई पुरुष नही होने के कारण मैं तथा मेरे बेटे की गर्भवती पुत्रवधू क्रांति देवी बचाने को पहुचे तब हमलावर हम दोनों लोगो को भी लाठी डंडो से मारने लगे।वही शोर-शराबा होने पर भीड़ को एकत्र देख कर जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर फरार हो गए।

तहरीर में दबंगो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर पर जांच कर कार्यबाही शुरू कर दी हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अलग-अलग गांवों में गिरने से महिला और किशोर की मौत

**जन एक्सप्रेस/मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पैर फिसलने से गिरने के कारण एक महिला और एक किशोर की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी 64 वर्षीय आशा देवी मंगलवार की शाम चार बजे घर में पैर फिसलने से जमीन पर गिरने से अचेत हो गईं। परिजन उन्हें सीएचसी राजगढ़ ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सोनभद्र जिले के कर्मा थाना क्षेत्र के बिसहार गांव की है। गांव निवासी 16 वर्षीय दीपक की गांव में ही परचून की दुकान है। मंगलवार की शाम छह बजे दुकान से बाहर निकलकर वे ग्राहक को सामान देने जा रहे थे। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से गिर गए। परिजन उन्हें सीएचसी राजगढ़ ले गए। जहां डॉ. अनूप कुमार ने मृत घोषित कर दिया। डॉ. अनूप ने बताया कि बेहोशी की हालत में अस्पताल आए दो लोगों की मौत हो गई।

### शास्त्री पुल पर बड़े वाहनों पर रोक से भटौली पर बढ़ा दबाव

**जन एक्सप्रेस/मिर्जापुर।** पूर्वांचल के जिलों को मिर्जापुर से जोड़ने वाले शास्त्री पुल का पाथवे क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत होने तक उस पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। यह रोक मंगलवार को भी जारी रही। बड़े वाहनों के लिए डायवर्जन लागू किया गया है। यह व्यवस्था पुल की मरम्मत होने तक जारी रहेगी। उधर, शास्त्री पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक के कारण भटौली पुल पर दबाव बढ़ गया है। भटौली पुल पर वैसे तो छोटे माल वाहक वाहनों को आवागमन की अनुमति दी गई है, लेकिन उस पर से बसें और ट्रकें भी गुजर रही हैं। मिर्जापुर को पूर्वांचल के जिलों से जोड़ने वाले दुद्धी-लुंबिनी मार्ग पर स्थित शास्त्री पुल के पाथ वे 22 जून को देर रात बालू लादकर औराई की ओर जा रहा ट्रक चढ़ गया था। इससे पाथवे लगभग चार मीटर तक क्षतिग्रस्त हो गया था। उसमें ट्रक भी फंस गया। पुलिस ने क्रेन मंगाकर ट्रक को खिंचवाकर बाहर निकालवाया। इसके बाद 24 जून को दोपहर में पाथवे क्षतिग्रस्त होने का मामला तूल पकड़ने लगा तो अधिकारियों ने शास्त्री पुल पर आवागमन पर रोक लगा दी। हालांकि शाम को आवागमन शुरू करा दिया गया। इसके साथ ही सिर्फ दो, तीन तथा चार पहिया वाहनों के आवागमन की अनुमति दी गई और बसों तथा भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई। भारी वाहनों के लिए यातायात विभाग की तरफ से रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। इसके तहत भारी वाहन वाराणसी जाने के लिए बथुआ तिराहा, राबर्ट्सगंज तिराहा, बरकछा, चुनार, नरायनपुर तिराहा, टेंगरा मोड़, राजातालाब होते हुए वाराणसी जाएंगे। भटौली पुल से छोटे मालवाहक वाहनों के आवागमन की अनुमति दी गई है, परंतु भटौली पुल से रोडवेज बसों के अलावा ट्रकों को भी जाने दिया जा रहा है। इससे भटौली पुल तथा उस ओर जाने वाले मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। उधर, शास्त्री पुल के क्षतिग्रस्त पाथवे के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर उसे लोहे की चादर से ढक दिया गया है। उधर, सेतु निगम के सहायक अभियंता रियाज हुसैन ने उप जिलाधिकारी को क्षतिग्रस्त पुल के बारे में पत्र लिखकर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लोडेड 14 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर शास्त्री पुल के पाथवे पर चढ़ गया। इससे बाईं तरफ पाथवे चार मीटर लंबाई में क्षतिग्रस्त हुआ है। पाथवे का उपयोग पैदल और साइकिल सवार करते रहे हैं। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ट्रक चढ़ने से सिर्फ पुल का पाथवे क्षतिग्रस्त हुआ है। मुख्य पुल को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची है। पाथवे की मरम्मत में 10 दिन का समय लग सकता है। मरम्मत का काम पूरा होने तक पाथवे के क्षतिग्रस्त हिस्से के चारों तरफ बैरिकेडिंग कराकर वाहनों का आवागमन चालू रखा जा सकता है।

### मकान की छत से गिरने से युवक घायल

**जन एक्सप्रेस/मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के लूसा गांव में सोमवार की रात मकान की छत से गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सीएचसी राजगढ़ ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. शशिकांत जैसल ने घायल को मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया। लूसा गांव निवासी 32 वर्षीय हरि मोहन भोजन करने के बाद सोमवार की रात अपने मकान की छत पर सोए हुए थे। रात करीब तीन बजे लघुशंका करने के लिए उठे और नींद में छत से नीचे गिर गए। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें निजी साधन से सीएचसी राजगढ़ ले गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया।

### पीयु ने जारी किया मुख्य परीक्षा तिथि दो पाली में होगी परीक्षा

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** सरायख्वाजा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय में संचालित यूजी द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा पीजी द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम के मुख्य परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है।परीक्षा का आयोजन दो पाली में तीन घंटे की समयावधि में कराया जाऐगा। परीक्षा नियंत्रक अजित सिंह ने बताया की पूर्वाचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रहे आजमगढ, गाजीपुर, प्रयागराज समेत मऊ मे अध्यनरत स्नातक द्वितीय वर्ष भूतपूर्व व व्यक्तिगत के छात्रो की वार्षिक परीक्षा 8 जुलाई से प्रारम्भ होगी। यह परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच में होगी।तथा स्नातक तृतीय वर्ष (संस्थागत, भूतपूर्व, व्यक्तिगत) की वार्षिक परीक्षा दो पाली में 8 जुलाई से शुरू होगी। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से आयोजित होगी। इसके साथ ही स्नातकोत्तर के एमए,एम.एस.सी,एम.काम द्वितीय वर्ष की संस्थागत, भूतपूर्व व व्यक्तिगत की वार्षिक मुख्य परीक्षा 15 जुलाई से प्रथम पाली सुबह 9 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 सम्पन्न होगी।सभी परीक्षा तीन घंटे के समयावधि में आयोजित होगी।

### जिले में बनाई गईं 37 बाढ़ चौकियां

**जन एक्सप्रेस/मिर्जापुर।** जिला प्रशासन ने बाढ़ से राहत के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए जिले के दो तहसील क्षेत्रों में कुल 37 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ से पहले और बाद पैदा होने वाली समस्याओं को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी है। हालांकि वर्ष 2023 में जिले में बाढ़ का प्रभाव नहीं था। गंगा का अधिकतम जलस्तर 73.66 मीटर तक पहुंचा था, जबकि जिले में गंगा में खतरे का निशान 77.724 मीटर तथा चेतावनी बिंदु 76.724 मीटर पर है। बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए जिला स्तर पर फ्लड स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया जा चुका है। कमेटी के निर्देशानुसार जिले में 37 बाढ़ चौकियां खोली गई हैं। जिले की दो तहसीलों सदर और चुनार के तहत आने वाली 404 ग्राम पंचायतें बाढ़ से प्रभावित होती हैं। इनमें सदर तहसील की 220 और चुनार की 184 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन की तरफ से सदर में 14 और चुनार में 23 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इन बाढ़ चौकियों पर राहत संबंधी सभी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि जिले में कुल 10 नदियां हैं। इनमें मुख्य नदी गंगा है। अन्य नौ नदियां छोटी हैं। बाढ़ से जिले की दो तहसीलों सदर और चुनार के दायरे में आने वाले सिटी, कोन, छानबे, मझवां, सीखड़, पहाड़ी, जमालपुर तथा नरायनपुर विकास खंड के गांव प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि सदर तहसील में बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 05442-220188 और चुनार में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 05442-222413 है।

# धान की रोपाई कर रहे किसान की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत

* मजदूरी पर धान की रोपाई करने गया था ग्रामीण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



धान की रोपाई करने गया मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। घटना से स्वजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मटैहना कलोनी नम्बर एक निवासी सरवन (45) पुत्र पारस बुधवार गांव के ही धनेज यादव के खेत में मजदूरी पर धान की रोपाई करने गया था।सभी मजदूर हरदोई ब्रांच नहर के किनारे स्थित खेत में धान की रोपाई कर रहे थे।इसी दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। मजदूर कुछ समझ पाते इससे पहले बादलों की तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई।धान की रोपाई कर रहा किसान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। पड़ोस में ही मौजूद अन्य मजदूर बाल बाल बच गए। आनन-फानन में गंभीर रूप से झुलसे मजदूर को खेत से घर लाया गया। जिसके बाद स्वजन गंभीर रूप से झुलसे मजदूर को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लेकर पंहुचे।जहां चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।पति की मौत से ईश्वरावती व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।मृतक सरवन के तीन पुत्र धर्मेंद्र, जितेंद्र, राहुल व एक पुत्री शीतवंती है।वह मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही जनपद के थाना सुनगढी क्षेत्र में भी एक युवक की बिजली गिरने से मौत हो गई पूरा मामला थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुरहा में पांच बच्चे बुधवार अपराह्न करीब 11 बजे खेत देखने गए थे। इन बच्चों पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे झुलसकर 17 वर्षीय अर्जुन की मृत्यु हो गई। इसके साथी धर्मेंद्र, विपिन गंभीर घायल हो गए है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तमंचे के बल पर युवती को अगवा कर ले गए दबंग

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

पिता की गैर मौजूदगी में अवैध असलह के साथ घर में घुसे तीन दबंग युवती को जबरन अगवा कर ले गए। पत्नी ने घटना की जानकारी मजदूरी करने पंजाब गए पति को दी। पीड़ित युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि वह मजदूरी करने पंजाब गया हुआ था। पत्नी और पुत्री घर पर थी। 23 जून को रात्रि लगभग 11 बजे गांव का ही एक युवक दो अज्ञात साथियों के साथ अवैध तमंचा लेकर जबरन घर में घुस आया। तमंचे के बल पर आरोपियों ने युवती को अगवा कर लिया। आप है की पत्नी के शोर मचाने पर दबंगों ने गोली मारने की धमकी दी। आरोपियों के डर से पत्नी सहम गई। आरोपी पीड़ित की पुत्री को अगवा कर फरार हो गए। पत्नी ने घटना की जानकारी मजदूरी करने पंजाब गए पति को दी।

## धोखाधड़ी के 2 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 5 मोबाईल 3 जियो सिम 5 एटीएम कार्ड व 55500 रुपये बरामद



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बदलापुर प्रभारी निरीक्षक रोहित कुमार मिश्रा मय हमराह उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह व कास्ट्रेवल अमरजीत यादव व शशि चौहान तथा स्वाट टीम प्रभारी रामजनम यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल संदीप सिंह,विनोद सिंह व औरंगजेब खान व कास्ट्रेवल सुनील यादव,आनन्द सिंह की टीम द्वारा सरोखनपुर अंडर पास सर्विस रोड़ के पास से धोखाधड़ी के 2 अभियुक्त विवेक कुमार मिश्रा पुत्र राजेश कुमार मिश्रा निवासी नाभीपुर थाना सिंगरामऊ जनपद तथा पवन कुमार पाण्डेय पुत्र बजरंग बहादुर पाण्डेय निवासी अनुसार थाना सिंगरामऊ को पुलिस टीम ने गिरफ्तार करते हुए जिनके कब्जे से आनलाईन धोखाधड़ी से सम्बंधित 5 मोबाईल फोन,3 जियो सिम, 5 एटीएम कार्ड व 55500 रुपये नगद बरामद किया। पुलिस बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया है।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों पर लगी रोक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुजानगंज क्षेत्र के भीलमपुर ग्राम प्रधान मधु सिंह पर अपने पुत्र, पुत्री ,देवर और देवरानी का जॉब कार्ड बनवाकर फर्जी तरीके से पैसे निकलवाने का आरोप ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया था जिसके मामले में जांच करते हुए जिलाधिकारी ने अंतिम जांच तक इनके वित्तीय और प्रशासनिक कार्यों पर रोक लगा दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलमपुर ग्राम प्रधान मधु सिंह ने अपनी पुत्री मनु सिंह और तनु सिंह तथा देवर संदीप सिंह देवरानी सोनी का जॉब कार्ड बनवाकर कार्य न करके अवैध रूप से 133703.00 रुपया निकाल लिया गया था। जिसके खिलाफ उक्त गांव निवासी सूर्यभान सिंह, भुवाल सिंह व अन्य ने एक शिकायती पत्र दिया जिसकी प्रारंभिक जांच उपायुक्त श्रम रोजगार जौनपुर के द्वारा की गई जिसमे बीडीओ समेत कई अन्य ब्लॉक के कर्मचारी भी शामिल रहे। इसी बीच शिकायत कर्ता ने इसके खिलाफ एक रिट उच्च न्यायालय में भी दाखिल की।

जिसके एवज में ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर 21 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया। सोमवार को जिलाधिकारी जौनपुर ने उक्त मामले की जांच जिला विकास अधिकारी को सौपते हुए ग्राम प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक कार्यों पर रोक लगा दिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी श्याम नारायण चतुर्वेदी ने बताया कि मुझे भी व्हाट्सएप पर ऐसे जानकारी हुई है।

## आलू की टिक्की, ना खिलाने पर पत्नी ने घर में किया क्लेश, युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** आलू की टिक्की ना खिलाने से घर में हुआ जमकर क्लेश युवक की गई जान बताते चलेगी जनपद के अमरपाल पुत्र तिलक राम 26 वर्षीय निवासी थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव पूरवा भूडा का था।रोज की तरह मजदूरी कर कर शाम को अपने घर आ जाता था बताते चलें कि मंगलवार शाम को अमरपाल अपने घर पहुंचा तभी अचानक घर पर पत्नी से लड़ाई होने लगी बात सिर्फ इतनी सी थी कि अमरपाल पत्नी के लिए आलू की टिक्की नहीं लेकर आया इसी बात को लेकर उसकी पत्नी घर में कलेश करने लगी बात इतनी बढ़ गई की पत्नी ने अपने पति का फोन फोड़ दिया फिर अमरपाल ने गुस्से में आकर मोटरसाइकिल तोड़ी और फ्रिज भी तोड़ डाला। रोज की तरह माता-पिता शाम को दूसरे घर जाकर सो जाते थे उसे दिन भी माता-पिता दूसरे घर पर थे।

## ट्रक ने मारी ऑटो में टक्कर: एक की मौत, चार घायल, शादी समारोह से वापस लौट रहा था परिवार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



गौराबादशाहपुर की सीमा पर हुए एक हादसे में मंगलवार की आधी रात शादी समारोह से ऑटो रिक्शा रिजर्व कर वापस लौट रहे जूता व्यवसाई के परिवार की सामने आ रही ट्रक से भिड़ंत हो गई। घटना में व्यवसाई की मौत हो गई जबकि ऑटो रिक्शा में बैठे चार अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर निवासी चांद शू सेंटर नाम से जूता व्यवसाई इजहार अपने परिवार के साथ आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के बकेश गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जहां से वह रात 11:30 बजे अपने घर के लिए ऑटो रिक्शा रिजर्व करके वापस आ रहे थे। जिवली देवगांव मार्ग पर, पारा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक में ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दिया। घटना में ऑटो रिक्शा में बैठे इजहार 55 पुत्र नबीउल्लाह, महजबीन 40, मोहिसिन खातून 18, सोफिया खातून 22, केसरी बेगम 35 बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से सभी को उपचार हेतु जिला अस्पताल जौनपुर भिजवाया जहां चिकित्सकों ने इजहार को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजन इजहार का शव लेकर वापस चले आए जिसे सूचना पर पहुंची बरदह पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया। ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया जिसे बरदह पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

# अखिल भारतीय किसान महासभा ने पूरनपुर एसडीएम को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव अफरोज आलम के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। उन्होंने आपी मांगों को लेकर पूरनपुर एसडीएम को ज्ञापन दिया। इसमें संगठन के कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने, दर्ज मुकदमें में धारा 307 बढ़ाने और पीड़ित ग्रामीण व उसके परिवार को सुरक्षा दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पहले गांव लाह में धार्मिक स्थल की पैमाइस करने गए लेखपाल के साथ कुछ लोगों ने मारपीट थी। संगठन के कार्यकर्ता नरेश कुमार और उनके चाचा श्रीकृष्ण ने बचाया। लेखपाल द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में इन दोनों लोगों को गवाह बनाया। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर 23 जून को नरेश कुमार पर घर में घुसकर हमला किया गया। लोहे की राड से उनका पैर तोड़ दिया। बचाने आए उनके चाचा श्रीकृष्ण के सिर में धारदार हथियाल मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। अफरोज आलम ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी ज्ञापन दिया गया है। संगठन के कार्यकर्ता को न्याय दिलाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में भाकपा माले नेता सईद खां, ब्लाक सचिव देवीदयाल, बालकराम, बालकराम, जगदीश, सोनपाल वर्मा, सोनू, रतनलाल आदि शामिल रहे।

## बेशकीमती हरे सागौन के पेड़ कटे

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** लाखों रुपये के बेशकीमती सागौन के हरे पेड़ काटकर जड़ो को मिट्टी से दबाकर ठेकेदार गायब हो गया हैं।वही सूचना मिलने पर वनविभाग की टीम मौके पर पहुची और ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के गांव उमराखानसिंह में दो दिन पूर्व सोमवार की रात में गाँव के पेड़ मालिक द्रोपदी देवी पत्नी मंगली प्रसाद से 5 पेड़ों का सौदा कर रातों रात हरे सागौन के पेड़ गायब कर और उनकी जड़ो को मिट्टी से दबाकर वनविभाग लगाया। वहीं सूचना मिलने पर पहुँची वनविभाग की टीम ने जानकारी जुटाई। महिला ठेकेदार का नाम नही बता पा रही हैं। पूछे जाने पर वनविभाग के कर्मचारी ने बताया कि ठेकेदार का पता करके उसके विरुद्ध कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।

# जिलाधिकारी को गुमराह करने को लोक सुनवाई मीटिंग के आयोजन से आमजनता को रखा गया दूर

जन एक्सप्रेस। हरिओम वर्मा




**बरखेड़ा।** बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल में प्रस्तावित आसवनी उधोग के लिये क्षेत्रीय प्रदूषण विभाग बरेली द्वारा आयोजित पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनबाई की मीटिंग 26 जून को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दोपहर 1 बजे बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के प्रांगण में शुरू हुई।

जिसमे शुगर मिल प्रशासन ने अधिकतर लोग मिल में नौकरी कर रहे क्षेत्रीय गाँव के परिजनों को ही बुलाकर बैठा लिया। इस लोक सुनवाई की क्षेत्र में किसानों को आम सूचना नही दी गयी। क्षेत्र के कुछ चुनिन्दा किसानों को बुलाकर स्वीकृति दिलाने का मिल प्रशासन ने प्रयास किया। इस मीटिंग में गैर जनपद के अधिकतर किसानों को भी बुलाया गया जिससे जिलाधिकारी के समक्ष स्वीकृति किसानों या क्षेत्रीय लोगों की सहमति दिखाकर गुमराह किया गया।वही बरेली से पर्यावरण सलाहकार मनोज गर्ग ने एथनाल इकाई लगने से होने बाले वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जलप्रदूषण से विभाग की तैयारी की विस्तृत जानकारी मौजूद किसानों को दी। मीटिंग में मौजूद लोगों से हाथ उठवा कर स्वीकृति प्रदान करवायी। बजाज मिल के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय शर्मा ने किसानों को पेमेंट को शीघ्र दिलाने के लिये इस डिस्लेरी को लगाने की मजबूरी दर्शायी। ज्ञात रहे बजाज चीनी मिल किसानों के पेमेंट देने में काफी लंबे समय से जलालत झेलती आ रही हैं। जिसके कारण पूर्व में किसानों ने कई बार धरना प्रदर्शन भी किया था। मौजूदा चीनी मिल प्लांट एवं एनर्जी प्लांट से क्षेत्र के गावों में काली राख ब अमेड़ी नदी में प्रदूषित पानी से क्षेत्र वासी त्रस्त हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी संजय कुमार ने मीटिंग में किसानों ब क्षेत्रीय लोगों को आश्वासन दिया कि जनमानस के स्वास्थ्य हितों को ध्यान में रखते हुये उधोग को अनुमति दी जाएगी। शिकायतो को निस्तारण के बाद ही उधोध को मंजूरी दी जाएगी।

# तहसील संविदा कर्मी पर जानलेवा हमले में पिता की जमानत, पुत्र को 14 दिन के लिए जेल

**तहसील के संविदा कर्मचारियों में रोष पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल।**

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील के संविदाकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर संजीव उर्फ छोटू पाल अपनी जमीन पर मकान का निर्माण कार्य कर रहे थे उसी समय गांव के दबंग परिवार द्वारा फावड़ा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया था गांव वालों ने चीख पुकार सुनकर किसी तरह से दबंग के चंगुल से तहसील कर्मी व उसकी मां को घायल अवस्था में बिल्हौर थाने ले आई और ताबड़तोड़ छापेमारी कर दबंग को देर रात तक कुलदीप व आसाराम को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं पर बुधवार को आशाराम की एसीपी कार्यालय से जमानत हो गई दबंग कुलदीप को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। बिल्हौर पुलिस की इस कर्य शैली से संविदा कर्मचारियों में रोष देखने को मिला उन्होंने बताया कि जानलेवा हमला करने वालों को पुलिस यहीं से जमानत दे रही है जबकि संविदा कर्मी तहसील में ही रहकर 24 घंटा तहसील की सेवा करता है। इसके बाद भी वीडियो देखकर हर कोई सहम जाता है कि जिस संविदा कर्मी पर जानवर जैसा हमला किया गया इसके बाद भी उनको जमानत मिल गई तो हमलावर जल्दी कोई दूसरी भी घटना कर्मी के साथ कारित कर सकते हैं।

दबंग पिता पुत्र की जमानत के लिए आधा दर्जन अधिवक्ता/ मुंशी दबंग कुलदीप की जमानत कराने के लिए एसीपी कार्यालय में मौजूद थे। दबंग कुलदीप की भी जमानत कराने के लिए लगे हुए थे लेकिन एसीपी अजय त्रिवेदी का तबादला होने की वजह से उनके प्लान कामयाब नहीं हो सके और वह 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया।

## पुलिस परीक्षा के लिए केंद्र चयन 27 तक कर लें: डीएम

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा संबंधी गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार परीक्षा केन्द्रो का चयन दो श्रेणी में किया जाना है। श्रेणी ए में समुचित आवश्यक सुविधाओ वाले राजकीय माध्यम विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज राज्य/ केन्द्र के विश्वविद्यालय /पॉलिटेक्निक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय मेडिकल कालेज सम्मिलित होगें। श्रेणी बी में ऐसी ख्याति प्राप्त तथा सुविधा सम्पन्न वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाये ही सम्मिलित होगीं, जो पूर्व में संदिग्ध व विवादित या काली सूची में न रही हों। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केंद्र यथा संभव नगरीय क्षेत्र में हो, आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा केंद्र का चयन नगरीय क्षेत्र के 10 किमी के व्यास में मुख्य मार्ग पर स्थित हो।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित समिति के सदस्यो को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवम् प्रोन्नत बोर्ड लखनऊ द्वारा निकट भविष्य में प्रस्तावित आरक्षी नागरिक पुलिस के चयन परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी शासनादेश को गहनता से अध्यनन कर लें। बस स्टैण्ड/रेलवे स्टेशन/कोषागार से शासन द्वारा निर्धारित दूरी एवं मानकों के अनुरूप आने वाले परीक्षा केंद्रों का चयन कार्य 27 जून, 2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर सूची उपलब्ध करायी जाये। परीक्षा केंद्र की किसी भी दशा में निगेटिव रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्न पत्रों की भांति सुरक्षा व्यवस्था हेतु कड़े इंतजाम किये जायें। परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ट्रेजरी में अलग कक्ष की व्यवस्था की जाए। कक्ष की डबल लॉक में और उसकी सीसीटीवी प्रत्येक समय निगरानी की व्यवस्था की जाये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एसएसओ की मौत पर मुआवजे के लिए जाम की सड़क

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

**पुरवा।** बिछिया बाजार में बारूद में विस्फोट से एसएसओ की मौत पर परिजनों ने मुआवजे के लिए उन्नाव-पुरवा मार्ग पर जाम लगाकर एक घंटे हंगामा किया। आश्वासन पर परिजन शांत हुए। दुकान मालिक और आतिशबाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली के गांव बिछिया बाजार में गुड्डू की वेल्डिंग की दुकान में सोमवार शाम 7¬30 बजे बारूद और पटाखों में तेज धमाका हुआ था। जिसमें बिजली विभाग में एक ठेका कंपनी के माध्यम से तैनात एसएसओ (सब स्टेशन अफसर) सुनील गौतम (40) की मौत हो गई थी। साथी संजय (35) झुलस गया था। पुलिस को जांच में मौके पर अधबने गोले और अनार मिले थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शाम करीब 4¬45 बजे सुनील का शव उन्नाव-मोहनलालगंज मार्ग पर बिछिया गांव के सामने रखकर जाम लगा दिया। आर्थिक सहायता देने की मांग की गई।

सूचना पर एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सोमेंद्र विश्वास और कई थानों की पुलिस पहुंची। एसडीएम ने बिजली और राजस्व विभाग से अधिक से अधिक आर्थिक मदद दिलाने का लिखित आश्वासन दिया और प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई न करने की बात कही। शाम 5:55 बजे शव उठाया गया। शव का अंतिम संस्कार बुधवार को गांव में ही किया जाएगा।

उधर, मृतक की पत्नी सुमन की तहरीर पर पुलिस ने दुकान मालिक गुड्डू और आतिशबाज सकरन गांव निवासी राजेश उर्फ राजा कटियार पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दुकान स्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आतिशबाज फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### बायें पैर से दिव्यांग है दुकान मालिक

वेल्डिंग दुकानदार गुड्डू साल 2010 में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था। इसे उसका बायां पैर खराब हो गया था। इससे उसका पैर घुटने से काटना पड़ता था। तब से वह दिव्यांग है। वह अपनी मार्केट बनवाने के साथ खुद दुकान कर अपना खर्च चलाता था।

### 12.500 ग्राम बारूद के पटाखा बेचने का है लाइसेंस

पुलिस की जांच में पता चला है कि सकरन निवासी पटाखा दुकानदार राजेश उर्फ राजा कटियार के पास सिर्फ 12.500 ग्राम बारूद के पटाखा बेचने का अस्थायी लाइसेंस है। सूत्रों की माने तो पुलिस को वहां से भारी मात्रा में बारूद भी मिला है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## झील की झाड़ियों में फंसा मिला युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस



**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

यूपी के उन्नाव जिले में झील की झाड़ियों में शव फंसा मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है।

उन्नाव जिले में पुरवा कोतवाली क्षेत्र के घूरखेत गांव के पास नहर में करीब 45 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों में हत्या कर शव फेंकने की चर्चा है। पुलिस शव नहर में बहकर आने की बात कह रही है। शव मिलने की सूचना पर सीओ सोमेंद्र विश्वास और कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस के मुताबिक शव दो-तीन दिन पुराना है और जाहिरा तौर पर चोट के निशान नहीं दिख रहे हैं। मृतक कच्छा, हल्के नीले रंग की शर्ट पहने हुए है। पुलिस के मुताबिक शव, नहर के पानी के साथ बहकर आने की संभावना है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से आसपास के जिलों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## नियमों का कड़ाई से पालन करें कोटेदार, वरना होगी कार्रवाई: एसडीएम

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम ने तहसील सभागार में बुलाई गई एक बैठक में उचित दर विक्रेताओं और परिवहन ठेकेदारो की एक संयुक्त बैठक में राशन वितरण की समीक्षा की और मिल रही शिकायतों को साझा करते हुए कड़े निर्देश जारी किए। परिवहन ठेकेदार को कडाई से निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहन के द्वारा उचित दर दुकानों पर राशन पहुंचाये तथा दुकान से दूर डिलेवरी प्वांइण्ट बनाकर उचित दर विक्रेताओं को राशन देने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। परिवहन ठेकेदार अपने वाहन के साथ इलेक्ट्रानिक कौटा रखेगें, उसी कॉटे से विक्रेताओं को राशन तौल कराकर देगें किसी भी स्थिति में पर्मकोंटा पर जाकर तौल कराये जाने के लिए विक्रेताओं को बाध्य नहीं किया जायेगा। परिवहन ठेकेदार उचित दर विक्रेताओं को खराब गुणवत्ता का राशन नहीं देंगें तथा भीगा गेहूँ, चावल किसी विक्रेता को नहीं दिया जायेगा। तथा विक्रेता से खराब राशन की शिकायत आने पर उसे वापिस कराया जायेगा। उचित दर विकेताओं को निर्देशित किया गया कि वह परिवहन ठेकेदार से कम राशन प्राप्त होने की शिकायत राशन प्राप्ति के समय करेंगे।

उचित दर विकेता को यह भी निर्देशित किया गया कि राशन प्राप्ति के समय उसे रिसीविगं एप या ई पास मशीन से आनलाइन भी राशन प्राप्ति करेंगे। उचित दर विकेताओं की निरन्तर शिकायतें आने पर उन्हें निर्देशित किया गया कि वह अपनी दुकान पर पुराने इलेक्ट्रानिक कॉटा नहीं रखेगें तथा नये इलेक्ट्रानिक कॉटों पर राशन देते समय बाल्टी, ईंट व अन्य सामान नहीं रखेंगे। यदि जाँच में उपरोक्त स्थिति पायी जाती है तो विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। राशन काडधारकों द्वारा यह शिकायतें भी प्राप्त होती है कि विक्रेताओं द्वारा ई पास मशीन पर आधार प्रमाणीकरण के समय राशन नही दिया जाता है बल्कि एक दो दिन बाद कार्डधारकों को राशन दिया जाता है, के सम्बन्ध में विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वह आधार प्रमाणीकरण के उपरान्त उसी समय कार्डधारकों को राशन वितरण करेंगे। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, विभाग के सभी अधिकारी और राजस्व प्रशासन के अफसर मौजूद रहे।

## एलपीजी गैस टैंकर डिवाइडर से टकराकर पलटा

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



तेज रफ्तार टैंकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। एलपीजी गैस का टैंकर होने के कारण स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्रेन बुलवाकर टैंकर को सीधा कराया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। घटना औरैया कन्नौज रोड पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के फगुआ भट्ठा के पास हुई। यहां एलपीजी गैस का टैंकर तेज रफ्तार के कारण डिवाइडर से टकरा गया और फिर अनियंत्रित होकर पलट गया। तेज रफ्तार टैंकर पलटने से आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। टैंकर पर एलपीजी लिखा होने के कारण लोगों ने तत्काल मामले की सूचना तिर्वा कोतवाली पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए और क्रेन मंगवा कर टैंकर को सीधा कराया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। एलपीजी गैस वाला ये टैंकर औरैया से कन्नौज की ओर जा रहा था। जैसे ही वह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के नजदीक पहुंचा, तभी डिवाइडर से टकरा गया।

## अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा




**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पांडे गुट) के शिक्षकों का जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर कार्यालय के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री राहुल मिश्रा ने बताया कि दो माह से जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार लगातार आश्वासन देते चले आ रहे है। परंतु शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर का एक वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी जी एन के इंटर कॉलेज के चौथे नम्बर के शिक्षक को प्रधानाचार्य बनाये हुये है, जिसकी चर्चा पूरे कानपुर नगर मे हो रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण जल्द न होने की स्थिति में यह धरना जारी रखा जाएगा। धरने में प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री बृजभूषण मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह लल्ला, जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, जिलामहामंत्री राहुल मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष चित्रांशी सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राकेश भारद्वाज आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## लेखपाल से धक्कामुक्की, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

**सफीपुर।** तहसील समाधान दिवस में डीएम से की गई भूमि विवाद की शिकायत का निस्तारण करने गए लेखपाल के साथ कब्जेदारों ने धक्कामुक्की और गालीगलौज की। सीमांकन के निशान भी मिटा दिए। लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तहसील क्षेत्र के अंधेलिया निवासी गिरधारी का उसके भाई ब्रजकिशोर से भूमि विवाद चल रहा है। इसमें गिरधारी ने 19 जून को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थनापत्र सौंपा था। डीएम से मिले आदेश के अनुपालन में लेखपाल आलोक बाजपेयी अंधेलिया गांव पहुंचे। उन्होंने विपक्षी ब्रजकिशोर को बुलाया। ब्रजकिशोर मौके पर आने के कुछ देर बाद चला गया। इसके बाद लेखपाल ने ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि की नाप जोख कर सीमांकन करते हुए अस्थायी निशान लगा दिए।

इसी बीच ब्रजकिशोर फिर मौके पर आया और निशान मिटा दिए। जब लेखपाल ने विरोध किया तो ब्रजकिशोर ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ धक्कामुक्की कर हंगामा काटा। इसके बाद लेखपाल ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को जानकारी दी। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ब्रजकिशोर के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पूजा सामग्री विसर्जित करने गये किसान की डूबकर मौत



**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में भागवत कथा सामग्री विसर्जन के दौरान एक किसान गहरे पानी में डूब गया। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। यहां बुधवार को एनडीआरएफ की टीम पहुंची और पानी में तलाश शुरू कर दी। ऐसे में घटनास्थल से 6 किलोमीटर की दूरी पर टीम ने शव बरामद किया।

सौरिख थाना क्षेत्र के राजारामपुर नगरिया गांव के रहने वाले गजेंद्र सिंह के यहां 17 जून को भागवत कथा शुरू हुई थी। 24 जून को कथा समापन हुआ और 25 जून को भंडारे का साथ ही कथा सामग्री विसर्जित की जानी थी। इसके लिए गांव के तमाम महिला-पुरुष और बच्चे ट्रैक्टर पर सवार होकर खड़िनी के पास निचली गंग नहर पहुंचे। यहां पूजन सामग्री विसर्जन के बाद श्रद्धालु नहर में स्नान करने लगे। इस बीच औरैया जिले के एरवा कटरा गांव के रहने वाले 55 वर्षीय शिवपाल सिंह पानी के तेज बहाव में चले गए। देखते ही देखते वह पानी की धार के साथ बह गए। ये देखकर वहां मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।

### देर शाम तक गोताखोर करते रहे तलाश

सूचना मिलते ही सौरिख थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और देर शाम तक स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी में शिवपाल सिंह की खोज कराई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। ऐसे में बुधवार सुबह पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम बुला ली। टीम ने पानी में खोजबीन की। घटनास्थल से करीब 6 किलोमीटर दूर सकतपुर बम्बा के पास शिवपाल सिंह का शव पानी में दिखाई दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के कारण शिवापल के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### होटल में मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** फजलगंज थाना अंतर्गत एक होटल के कमरे में युवक का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को जनपद के फजलगंज थाना क्षेत्र के कालपी रोड स्थित होटल सन्नी के कमरा नंबर 205 में आनंदपुरी टीपी नगर थाना जूही निवासी गौरव अग्रवाल 30 वर्ष पुत्र संतोष अग्रवाल का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल शुरू की। वहीं होटल के मैनेजर ने बताया कि मृतक दो दिन से होटल में ही रुके हुए थे। जानकारी मिलने पर डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम और एसीपी स्वरूप नगर शिखर और फ़ारेंशिक टीम जाँच मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना कर दी गई है वहीं एसीपी स्वरूप नगर शिखर ने बताया कि फजलगंज स्थित चार खम्भा चौराहे के पास सनी होटल के कमरा नम्बर-205 में एक व्यक्ति के मृत पाये जाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने शव का का पंचायतनामा भरकर विधि कार्रवाई की जा रही है।

### पनकी के महंतों ने दर्ज कराई रंगदारी की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** पनकी महंत कृष्ण दास और जितेंद्र दास ने इलाके के कुछ युवकों पर एक लाख रुपए रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों महंतों ने आरोपितों पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पनकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पनकी महंत कृष्ण दास और जितेंद्र दास गत 15 जून को मंदिर प्रांगण में बैठे थे। इसी दौरान नहर पट्टी पनकी बी ब्लॉक निवासी विनोद शुक्ला अपने कुछ खास साथियों के साथ मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां पर आरोपितों ने दोनों महंतो से एक लाख रुपए महीने रंगदारी के मांगे हैं। इस मामले में जिन पर मुकदमा दर्ज हुआ है उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनका पक्ष नहीं आ सका है।

### मरीजों के हित में किया गया अनुबंध

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** गणेश शंकर विद्यार्थी चिकित्सा महाविद्यालय के सी.आर.एस कमेटी कक्ष में आर.ई.सी. फाऊंडेशन गुरुग्राम हरियाणा एवं चिकित्सा महाविद्यालय के मध्य आर.ई.सी.फाउंडेशन के सी.एस.आर. फंड से रोग हित में अति गंभीर रोगियों के उपचार में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों को प्रदान किए जाने के संबंध में बुधवार को अनुबंध किया गया। आर.ई.सी. फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व शंभू शंकर गुप्ता, सुचि गोयल, ईशा सिंह, रोहित यादव तथा चिकित्सा महाविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला, डॉ.आर.के.सिंह, डॉ. संतोष बर्मन, डॉ. संजय वर्मा, अपूर्व अग्रवाल, जी.डी.यादव, जे.एस.कुशवाहा, डॉ. आर.के.जौहरी, अरुण आर्या, डॉ.शालिनी मोहन उपस्थित रहे। इस अनुबंध पर शंभू शंकर गुप्ता एवं डॉ.संजय काला द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

## कल्याणी नदी का ड्रोन से होगा सर्वे



**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

जिला प्रशासन ने कल्याणी नदी का ड्रोन से सर्वे कराएगा। अगले हफ्ते से सर्वे शुरू कराने की तैयारी है। पूर्व में कराए गए स्थलीय सर्वे से नदी की पूरी स्थिति स्पष्ट न होने से यह निर्णय लिया गया है। इस बार खुदाई भी मनरेगा की बजाय मशीनों से कराई जाएगी।

हरदोई के माधौगंज से निकलने वाली कल्याणी नदी गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। जिले के गंजमुरादाबाद, बांगरमऊ, फतेहपुर चौरासी, सफीपुर व सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के लगभग 32 गांवों से यह नदी निकलती है। पिछले कई सालों से इस नदी के प्रवाह क्षेत्र पर कटरी के भू और खनन माफियाओं ने कब्जा करके अवैध तरीके से खनन किया। कई स्थानों पर कब्जा कर इसे समतल कर खेती भी शुरू कर दी गई।

इससे पड़ोसी जिले हरदोई और उन्नाव के कई गांवों के लिए कभी जीवनदायिनी रही कल्याणी नदी अब विलुप्त सी हो गई है। नदी का अस्तित्व केवल कागजों पर ही बचा है। कहीं नाले तो कहीं तालाब का रूप ले चुकी इस नदी के पानी से दो दशक पहले तक फसलें सींची जाती थीं। 80 किलोमीटर लंबी यह नदी क्षेत्र के भूगर्भ जलस्तर को भी सहेजे थी। यह नदी बिठूर के पास पहुंचकर गंगा नदी में मिलती है।

पूर्व में अमर उजाला ने इस नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए अभियान चलाया। इससे नदी का पुनरुद्धार कराने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू की थी। 2022 में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बांगरमऊ के एक गांव से फावड़ा चलाकर पुनरुद्धार कार्य की शुरुआत की थी। इसके बाद कुछ गांवों में मनरेगा से खुदाई भी की गई लेकिन बारिश, फिर चुनाव और आखिर में अफसरों के तबादलों से नदी को पुराने स्वरूप में लाने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अब एक बार फिर से डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने धूल खा रही फाइल को बाहर निकलवाकर अध्ययन कराया तो पता चला कि पूर्व में जो सर्वे हुआ था, वह अफसरों के स्थलीय निरीक्षण के आधार पर था। इससे नदी की वास्तविक लंबाई व चौड़ाई की स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। क्योंकि कई जगह झाड़ियां उगी थीं, जिस कारण अफसर वहां तक पहुंच नहीं पाए थे। इसलिए अब इसकी वास्तविक जानकारी के लिए ड्रोन से सर्वे कराया जाएगा। साथ ही एक्सपर्ट एजेंसी की भी मदद ली जाएगी। अगले हफ्ते से सर्वे का काम शुरू करने की तैयारी है।

### नदी का क्षेत्र व्यापक, मनरेगा से काम होना मुश्किल: सीडीओ

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा का कहना है कि नदी काफी बड़ी है। क्षेत्र ज्यादा है। इसलिए मनरेगा से नदी की खुदाई कराना मुश्किल नजर आ रहा है। अन्य जिलों में भी नदी की पुनरुद्धार योजना की जानकारी करने पर पता चला है कि कहीं पर भी मनरेगा से काम नहीं हुआ है। वैसे भी नदी की खुदाई मजदूरों के भरोसे नहीं कराई जा सकती। इसलिए खुदाई मशीनों से कराने पर विचार विमर्श चल रहा है। इसके लिए अलग से कार्ययोजना तैयार कराई जाएगी। जिसे शासन से मंजूर कराकर बजट भी आवंटन कराया जाएगा।

### खुदाई के साथ नदी को पानी से लबालब करना भी जरूरी

सीडीओ के मुताबिक, कल्याणी नदी की खुदाई के साथ उसे पानी से लबालब करना भी जरूरी है। अभी जो जानकारी सामने आई है, उसके तहत नदी में पानी कहीं बांध से नहीं आता है। साथ ही पानी का कोई प्राकृतिक सोर्स भी नहीं है। कुछ जगहों पर छोटे-छोटे नालों से पानी आता था, वहां या तो जगह बंद हो गई है या जलकुंभी व झाड़ियां उगी हैं। ड्रोन सर्वे में इसकी जानकारी होने पर पहले इसे साफ कराया जाएगा। फिर पानी की उपलब्धता के लिए कई स्थानों पर छोटे-छोटे चेकडैम भी बनवाए जाएंगे। पूर्व में मात्र दो चेकडैम का निर्माण ही प्रस्तावित था। जो इस नदी के क्षेत्र को देखते हुए नाकाफी हैं।

## लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर कमसान गांव के समीप गर्मी के कारण हाई टेंशन लाइन नीचे लटकी

**बिजली विभाग ने बोर्ड लगाकर पल्ला झाड़ा ग्रामीण दहशत में।**

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**




बिल्हौर तहसील क्षेत्र से गुजरे लखनऊ इटावा राजमार्ग पर कमसान गांव के समीप पूर्व डीआईजी रामनारायण यादव के मकान के समीप से गुजरे हाई टेंशन लाइन इस वर्ष अधिक गर्मी पड़ने के कारण तार लटक गए हैं इससे जमीन की दूरी पहले से कम हो गई है। वहां से निकलने वाले वाहन रुक कर गुजरते हैं कमसान प्रधान जयसिंह की शिकायत पर बिजली विभाग ने रोड पर दोनों छोर में चेतावनी बोर्ड तो लगा दिए हैं लेकिन इनके तार के कसने का कोई इंतजाम नहीं हुआ है आखिरकार गांव के लोग कब तक दहशत में है कि किसी भी समय कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है या झूलते तार बड़े वाहनों से टकरा सकते हैं या तार स्वयं टूट कर जमीन पर गिर कर गांव में आग लग सकती है। आखिरकार बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है इस संबंध में बताया कि पिछले 10 दिन पहले इन्हीं तारों से 100 मीटर दूरी पर एक ट्रक में रात लगभग 10:00 बजे के बाद अचानक आग लग गई थी और ट्रक धूं-धूं कर जलने लगा था जिसको पुलिस की सतर्कता के चलते अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने आज पूजा कर ट्रक को पूरा जलने से बचाया था वहीं पर ग्रामीण मान रहे थे कि अगर आधा मिनट बाद इस ट ट्रक में आग लगती तो इन्ही तारों के नीचे पहुंच जाता ट्रक तो ऐतिहासिक घटना घटती जिसको हमेशा लोग दहशत में रहते हैं। मिश्रिख सांसद अशोक रावत के प्रतिनिधि रवि वाजपेई ने बताया कि बिजली विभाग से इस संबंध में पहुच कर मजबूत हल निकाला जाएगा।

# 120 घंटे बाद पुलिस, जांच व न्यायिक व्यवस्था का बदलेगा चेहरा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के सूत्रों के मुताबिक, तीनों कानूनों के प्रावधानों के लागू होने की तिथि एक जुलाई 2024 निर्धारित की गई है।

तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, एक जुलाई 2024 से लागू होंगे। इन विधेयकों को वर्ष 2023 में संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया था। तीन नए कानूनों को लेकर लोगों के जेहन में कई तरह के सवाल हैं। महज चार दिन बाद पुलिस, जांच और न्यायिक व्यवस्था का चेहरा बदल जाएगा। कई तरह के मामलों में इन कानूनों का व्यापक असर पड़ेगा। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है। सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर जांच पूरी होगी। अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से समन की तामील की जा सकेगी। इससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होगी और सभी संबंधित पक्षों के बीच समुचित संवाद सुनिश्चित होगा। 19 फरवरी 2024 को ई-संपर्क के माध्यम से 7 करोड़ से अधिक नागरिकों को जागरूक करने के लिए एक ई-मेल भेजा गया है।

केंद्र सरकार के सूत्रों के मुताबिक, तीनों कानूनों के प्रावधानों के लागू होने की तिथि एक जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। गृह मंत्रालय ने 25 दिसंबर, 2023 को तीनों नए आपराधिक कानूनों की अधिसूचना के तुरंत बाद पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है। इसका मकसद, तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाना और इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। चूंकि नए आपराधिक कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसलिए राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो ने मौजूदा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क्स एंड सिस्टम्स एप्लिकेशन में 23 फंक्शनल सुधार किए हैं। एनसीआरबी ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की निरंतर समीक्षा और सहायता के लिए 36 सपोर्ट टीमें और कॉल सेंटर बनाए हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाइयों और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की तामील की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन एप विकसित किए हैं।

पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर सभी हितधारकों के साथ साझा किए हैं। बीपीआरएंडडी ने 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/वेबिनार/सेमिनार भी आयोजित किए हैं। इनमें 40,317 अधिकारियों/कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। ब्यूरो के मार्गदर्शन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने 5,84,174 कर्मियों की क्षमता निर्माण का काम भी किया, जिनमें जेल, फॉरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन पक्ष के 5,65,746 पुलिस अधिकारी और कर्मी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश के नागरिक परिवर्तनकारी सुधारों के बारे में जागरूक हों और विशेषकर महिलाओं और बच्चों पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा हो, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय ने वेबिनारों के माध्यम से नए कानूनों का प्रचार-प्रसार किया, जिनमें लगभग 40 लाख जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विधिक मामलों के विभाग ने राज्यों की राजधानियों में चार सम्मेलन भी आयोजित किए, जिनमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों और विधि विशेषज्ञों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उच्चतर शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नए कानूनों के बारे में शिक्षकों और छात्रों को विषय से अवगत कराने के लिए 1,200 विश्वविद्यालयों और 40,000 कॉलेजों और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने लगभग 9,000 संस्थानों को नए कानूनों के बारे में सूचनात्मक फ़्लायर्स प्रसारित किए।

### इतने सांसदों ने भाग लिया था

संसद की स्थायी समिति ने विधेयकों के विभिन्न प्रावधानों पर व्यापक विचार-विमर्श किया है। समिति ने विषय विशेषज्ञों, उच्च न्यायालयों, अनुसंधान केंद्रों, शिक्षाविदों, वकीलों, सिविल सोसाइटी, विधि विश्वविद्यालयों आदि के सुझाव प्राप्त किए और उन पर विचार किया है। इसने विभिन्न राज्य सरकारों/केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासनों, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों और अन्य निजी व्यक्तियों/संगठनों के विचार भी प्राप्त किए। इन विधेयकों के परीक्षण के दौरान समिति ने 12 बैठकें कीं हैं। समिति ने 10 नवंबर 2023 को तीनों विधेयकों पर अपनी सिफारिशें दी। समिति की अधिकांश सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गईं। वर्ष 2023 में संसद द्वारा अपने शीतकालीन सत्र में विधेयकों पर विचार किया गया। विधेयकों पर चर्चा में लोकसभा से कुल 37 सांसदों और राज्यसभा से 40 सांसदों ने भाग लिया। संसद द्वारा पारित किए जाने के बाद इन विधेयकों को भारत की राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया गया और 25 दिसंबर 2023 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2024 को इन तीनों कानूनों के प्रावधान लागू होने की तिथि निर्धारित की है।

- **महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान:** महिलाओं के विरुद्ध कुछ अपराधों में पीड़िता के बयान, जहां तक संभव हो, महिला मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए और अगर महिला मजिस्ट्रेट अनुपस्थित हों, तो महिला की उपस्थिति में पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए, ताकि संवेदनशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके तथा पीड़ितों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके। (बीएनएस की धारा 183)
- **तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान:** नए कानूनों में मामलों के निश्चित रूप से तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान की व्यवस्था है, जिससे कानूनी प्रणाली में जनता का विश्वास बढ़ेगा।
- **त्वरित जांच:** नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है, ताकि सूचना दर्ज होने के दो महीने के भीतर जांच पूरी हो सके।( बीएनएस की धारा 193)
- **जेंडर-न्यूट्रल अपराध:** महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध विभिन्न अपराधों को बीएनएस में जेंडर-न्यूट्रल बना दिया गया है, जिसमें जेंडर का ध्यान रखे बिना सभी पीड़ितों और अपराधियों को शामिल किया गया है।
- **पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना:** पीड़ितों को 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार है। इस प्रावधान से पीड़ितों को सूचित रखा जा सकेगा और वे कानूनी प्रक्रिया में शामिल रहेंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विश्वास बढ़ेगा। (बीएनएस की धारा 193)
- **पीड़ितों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा उपचार:** नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। यह प्रावधान चुनौतीपूर्ण समय में पीड़ितों की कुशलता और स्वास्थ्य लाभ को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक चिकित्सा देखभाल तक तत्काल पहुंच सुनिश्चित करता है। (बीएनएस की धारा 397)
- **इलेक्ट्रॉनिक समन:** अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से समन की तामील की जा सकती है, जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, कागजी कार्रवाई कम होगी और सभी संबंधित पक्षों के बीच समुचित संवाद सुनिश्चित होगा। (बीएनएस की धारा 64, 70, 71)
- **जेंडर समावेश:** जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल हैं, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। (बीएनएस की धारा 2(10))
- **एफआईआर की नि:शुल्क प्रति:** पीड़ितों को एफआईआर की नि:शुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। (बीएनएस की धारा 173)

## ये हैं तीन कानूनों के प्रमुख बिंदु

- **ऑनलाइन घटनाओं की रिपोर्ट करना:** अब कोई व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है, इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। इससे रिपोर्टिंग आसान और त्वरित होगी, जिससे पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई सुगम होगी। (बीएनएस की धारा 173)
- **किसी भी पुलिस स्टेशन पर एफआईआर दर्ज करना:** जीरो एफआईआर शुरू होने से, कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस स्टेशन पर प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, चाहे उसका क्षेत्राधिकार कुछ भी हो। इससे कानूनी कार्यवाहियां शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और अपराध की तुरंत रिपोर्ट करना सुनिश्चित होगा। (बीएनएस की धारा 173)
- **गिरफ़्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार:** गिरफ़्तारी की स्थिति में, व्यक्ति को उनकी इच्छा के व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार है। इससे गिरफ़्तार व्यक्ति को तत्काल सहायता और सहयोग सुनिश्चित होगा। (बीएनएस की धारा 36)
- **गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना:** गिरफ्तारी का विवरण अब पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्रों को महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से मिल सकेगी। (बीएनएस की धारा 37)
- **फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी:** मामले और जांच को मजबूत करने के लिए, फॉरेंसिक विशेषज्ञों का गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थलों का दौरा करना और साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य हो गया है। इसके अतिरिक्त, साक्ष्यों से छेड़छाड़ को रोकने के लिए अपराध स्थल पर साक्ष्य संग्रह की प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी की जाएगी। इस द्विआयामी नीति से जांच की गुणवत्ता और विश्वसनीयता काफी बढ़ जाएगी और निष्पक्ष रूप से न्याय दिलाने में योगदान मिलेगा। (बीएनएस की धारा 176)
- **अपराधों के लिए जुर्माना अपराध की गंभीरता के अनुरूप:** नए कानूनों के तहत कुछ अपराधों के लिए लगाए गए जुर्माने को अपराध की गंभीरता के अनुरूप बनाया गया है, ताकि निष्पक्ष और आनुपातिक दंड सुनिश्चित हो सके, भविष्य में अपराध करने से रोका जा सके तथा कानूनी प्रणाली में जनता का विश्वास बना रहे।
- **सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं:** कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है ताकि उन्हें समझना और उनका पालन करना आसान हो सके, निष्पक्ष और सुलभ न्याय सुनिश्चित हो सके।
- **पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना:** आरोपी और पीड़ित दोनों को 14 दिनों के भीतर एफआईआर, पुलिस रिपोर्ट/चार्जशीट, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने का अधिकार है। (बीएनएस की धारा 230)
- **सीमित स्थगन:** मामले की सुनवाई में अनावश्यक देरी से बचने के लिए न्यायालय अधिकतम दो स्थगन प्रदान कर सकते हैं, जिससे समय पर न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। (बीएनएस की धारा 346)
- **गवाह सुरक्षा योजना:** नए कानूनों में सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएस की धारा 398)
- **सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना:** नए कानूनों में सभी कानूनी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचालित करके, पीड़ितों, गवाहों और अभियुक्तों को सुविधा प्रदान की गई है, जिससे पूरी कानूनी प्रक्रिया सुव्यवस्थित और त्वरित होगी। (बीएनएस की धारा 530)
- **बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग:** पीड़िता को अधिक सुरक्षा प्रदान करने तथा बलात्कार के अपराध से संबंधित जांच में पारदर्शिता लाने के लिए पुलिस पीड़िता का बयान ऑडियो-वीडियो माध्यम से रिकॉर्ड करेगी। (बीएनएस की धारा 176)
- **पुलिस स्टेशन जाने से छूट:** महिलाओं, 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएस की धारा 179)
- **महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध:** महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और उनके लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। (बीएनएसका अध्याय ङ)
- **सामुदायिक सेवा:** नए कानून में छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा की शुरुआत की गई है, जिससे व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा मिलता है। सामुदायिक सेवा के तहत, अपराधियों को समाज में सकारात्मक योगदान देने, अपनी गलतियों से सीखने और मजबूत सामुदायिक बंधन बनाने का मौका मिलता है। (बीएनएस की धारा 4, 202, 209, 226, 303, 355, 356)

# रिज क्षेत्र में पेड़ों के कटान पर डीडीए को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई

**जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

दिल्ली के रिज क्षेत्र में 1100 पेड़ों को काटे जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा है कि इस मामले में बड़े नामों को बचाने की कोशिश की जा रही है, जबकि छोटे अफसरों पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

दिल्ली के रिज क्षेत्र में 1100 पेड़ों को काटने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में लगातार सुनवाई जारी है। इस बीच शीर्ष अदालत ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा है कि इस मामले में डीडीए द्वारा बड़े नामों को बचाने की कोशिश की जा रही है, जबकि छोटे अफसरों पर आरोप लगाए जा रहे हैं।



### 'डीडीए की तरफ से घोर लापरवाही'

शीर्ष अदालत ने कहा 'ये घोर डीडीए की तरफ से घोर लापरवाही है। आप एक सामान्य दस्तावेज को ढूंढ नहीं पाए। जिस तरह से घटनाएं घटित हुई हैं, उस पर हमें संदेह है। हमने उस ईमेल के पहले भाग को देखा है, जिसमें उप राज्यपाल के दौरे की बात बताई गई है। क्या डीडीए को इस मामले में कार्रवाई नहीं करनी चाहिए थी? डीडीए का काम सिर्फ बड़े अधिकारियों को बचाना और छोटे अधिकारियों पर आरोप लगाना है।

### शीर्ष अदालत की डीडीए को फटकार

शीर्ष अदालत ने कहा कि डीडीए ने रिज क्षेत्र में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के दौरे को लेकर जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई। अदालत ने आगे कहा कि डीडीए द्वारा इस मामले में बड़े अधिकारियों को बचाया जा रहा है जबकि छोटे अधिकारियों पर आरोप लगाए जा रहे हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। पीठ ने कहा कि इस मामले में डीडीए द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है। उपराज्यपाल ने 3 फरवरी को रिज क्षेत्र का दौरा किया था। अदालत का कहना है कि इस बारे में डीडीए द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई।

### तमाम दलीलों के बाद अदालत का आदेश

शीर्ष अदालत में दिल्ली के निवासी बिंदु कपूरिया की याचिका पर सुनवाई की जा रही थी। यचिका में आरोप लगाए गए हैं कि अदालत द्वारा अनुमति न मिलने के बाद भी पेड़ों को काटा गया। अदालत में डीडीए की तरफ से वकील के रूप में मनिंदर सिंह पेश हुए। उन्होंने कहा कि अदालत को गलत जानकारी दी गई है। सिंह ने कहा कि दिल्ली के उप राज्यपाल ने रिज क्षेत्र का नहीं बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बलों के अस्पताल का दौरा किया था। जब अदालत ने सिंह से पूछा कि उप राज्यपाल के दौरे के दौरान उनके साथ कौन अधिकारी मौजूद था।

# जमानत का विरोध करने का नहीं दिया मौका, सुप्रीम कोर्ट से बोली ईडी



**जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जल्दबाजी में थे और इस वजह से उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध करने के लिए अभियोजक को उचित अवसर नहीं दिया।

कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि केजरीवाल को नियमित जमानत देने वाले ट्रायल कोर्ट का 20 जून का आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 के तहत पहले से अनिवार्य शर्तों का पालन न करने के कारण अनुचित था। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 21 जून को दिए गए अंतरिम स्थगन को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका में दायर प्रवर्तन निदेशालय के जवाबी हलफनामे को रिकॉर्ड पर लिया।

### 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए थे केजरीवाल

बता दें कि इससे पहले बुधवार को दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले के सिलसिले में सीबीआई को केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने की अनुमति दी थी। जबकि आप नेता को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और 20 जून को ट्रायल कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत दे दी थी। वहीं अपने जमानत आदेश में ट्रायल कोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया केजरीवाल का अपराध अभी साबित नहीं हुआ है और ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपराध की आय से उन्हें जोड़ने वाले प्रत्यक्ष सबूत पेश करने में विफल रहा है।

### महत्वपूर्ण अपील दायर करेंगे केजरीवाल के वकील

इस दौरान पीठ ने केजरीवाल को अपनी याचिका वापस लेने की भी अनुमति दी, क्योंकि उनकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वे एक महत्वपूर्ण अपील दायर करेंगे, क्योंकि उच्च न्यायालय ने 25 जून को जमानत आदेश पर रोक लगाते हुए अंतिम आदेश सुनाया है। वहीं शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को महत्वपूर्ण अपील दायर करने की स्वतंत्रता दी।

### पीएमएलए की धारा 45 में अनिवार्य हैं दो शर्तें

इस दौरान अपने हलफनामे में, ईडी ने बताया कि पीएमएलए की धारा 45 में दो अनिवार्य शर्तें हैं - सरकारी वकील को जमानत का विरोध करने का अवसर दिया जाना चाहिए और जहां सरकारी वकील जमानत आवेदन का विरोध करता है, तो अदालत को खुद को संतुष्ट करना होगा कि यह मानने के लिए उचित आधार मौजूद हैं कि आरोपी ऐसे अपराध का दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके कोई अपराध करने की संभावना नहीं है। जबकि 20 जून के आदेश को खारिज करने की मांग करते हुए याचिका में कहा गया है, इस मामले में अभियोजन एजेंसी ने विशिष्ट और संक्षिप्त कथनों के साथ विशिष्ट आधार उठाया है, जिससे पता चलता है कि ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश जल्दबाजी में थे और उन्होंने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को जमानत का विरोध करने का उचित अवसर नहीं दिया।

### मनी लॉन्ड्रिंग एक विशिष्ट और गंभीर अपराध: ईडी

इस पर जांच एजेंसी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग एक विशिष्ट और गंभीर अपराध है, इसलिए जमानत दिए जाने या न दिए जाने की स्थिति में पीएमएलए के तहत आवश्यकताएं दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों को दरकिनार कर देती हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि जमानत के लिए आवेदन पर विचार करने वाली अदालत को अपनी संतुष्टि दर्ज करनी चाहिए, जो अदालत की तरफ से बनाए गए इस विश्वास पर आधारित होनी चाहिए कि आरोपी ऐसे अपराध का दोषी नहीं है। जांच एजेंसी ने आगे कहा कि इसका मतलब अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड, जांच के कागजात, दर्ज की गई शिकायत की जांच करना होगा, क्योंकि ऐसे रिकॉर्ड के जांच के आधार पर ही अदालत इस उचित फैसले पर पहुंच सकती है कि आरोपी मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध का दोषी नहीं है।

### एजेंसी ने कहा

अगर इन सभी पूर्व-आवश्यक अनिवार्य शर्तों में से किसी का भी अनुपालन नहीं किया जाता है, तो आदेश अधिनियम की धारा 45 के अधिदेश का गैर-अनुपालन होगा और केवल उसी आधार पर उल्लंघन होगा। जबकि उल्लंघन अनिवार्य शर्तों के गैर-अनुपालन के अलावा अन्य आधारों पर भी हो सकता है। ईडी ने कहा कि यह महज अभियोजन एजेंसी की दलील नहीं है, बल्कि यह एक स्वीकृत तथ्य है कि अभियोजन एजेंसी की तरफ से विशेष रूप से अनुरोध किए जाने के बावजूद ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश ने मामले के रिकॉर्ड की जांच नहीं की।




### आदेश जल्दबाजी में किया गया पारित- ED

ईडी ने बताया कि 20 जून को ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत की सुनवाई के दौरान, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश की तरफ से लगातार अपनी दलीलें संक्षिप्त करने के लिए कहा गया था। ईडी ने कहा कि आरोपित आदेश से भी यह पता चलता है कि आदेश जल्दबाजी में और निश्चित रूप से मामले के रिकॉर्ड को देखे बिना पारित किया गया है। यह सच है कि सुनवाई का अवसर शब्द को किसी विशेष समय सीमा के आधार पर परिभाषित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह सभी मामले के सबूतों पर निर्भर करेगा। एजेंसी ने कहा कि ये सभी सबूत दर्शाते हैं कि पीएमएलए की धारा 45 के तहत अनिवार्य शर्तों का गैर-अनुपालन करने के अलावा, जमानत आदेश के सबूत और कानून दोनों विपरीत है और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

# तमिलनाडु जहरीली शराब कांड पर डी.एम.के. नेता बोले- अब तक सात गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चेन्नई**

तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड पर डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसा पूरे देश में हो रहा है। लोगों ने इसकी कम लागत के कारण इसे चुना है। 2022 में, गुजरात में अवैध शराब पीने से 43 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसा यूपी, बिहार और राजस्थान में भी हुआ।

एलंगोवन ने कहा यह केवल तमिलनाडु तक ही सीमित नहीं है। लोगों को अपनी मानसिकता बदलने और यह समझने की जरूरत है कि उनके मरने के बाद परिवार को ही कष्ट होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दोषियों को सजा दिलाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस अधिकारियों का तबादला और निलंबन भी किया गया है।

### भारत का प्रमुख साझेदार है अफीका: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि अफीका, भारत का एक प्रमुख साझेदार है। इसका प्रमाण अफीका में भारतीय मिशनों की कुल संख्या से मिलता है। यहां पर भारतीय मिशन की संख्या 45 हो गई है। अफीका दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि अफीका आज बहुत तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ये मानव सभ्यता का उद्गम स्थल होने के साथ ही भविष्य की भूमि बनने की राह पर है। विदेश मंत्री ने कहा, यह सबसे युवा जनसांख्यिकी वाला महाद्वीप है, जिसमें विशाल प्राकृतिक संसाधन, बढ़ते बाजार और बढ़ती महत्वाकांक्षाएं हैं। अफीका दिवस 1963 में अफीकी एकता संगठन की स्थापना के रूप में मनाया जाता है।

### सेनाओं के आधुनिकीकरण पर देना ध्यान चाहिए: चौधरी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि भारत को सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर ध्यान देना चाहिए। कहा, वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य, सीमा विवाद और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों जैसी चुनौतियों से निपटने में यह कारगर साबित होगा। 'तीसरा विश्व युद्ध और एयरोस्पेस रणनीति' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों को आधुनिक युद्ध की विशेषता, तेजी से बढ़ती नई तकनीक, भू-राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों की व्यापक समझ की आवश्यकता है।

### ऑल इंडिया परमिट वाले वाहनों को न रोकें तमिलनाडु: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट (एआईटीपी) वाली बसों को बिना किसी रोकटोक के राज्य से गुजरने दे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां ने केआर सुरेश कुमार और अन्य की तरफ से दायर याचिका पर तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया और 12 अगस्त तक जवाब मांगा। राज्य सरकार ने 18 जून को जारी निर्देश में दूसरे राज्यों में पंजीकृत सभी बसों के लिए राज्य में परिचालन के लिए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण में पंजीकरण कराना अनिवार्य बना दिया है।

# हिजाब पर प्रतिबंध के कॉलेज के फैसले के खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**जन एक्सप्रेस। मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को मुंबई के एक कॉलेज द्वारा परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने पर प्रतिबंध का चुनौती देने वाली छात्राओं की याचिका खारिज कर दी। मुंबई के एक कॉलेज ने एक नियम लागू किया। जिसमें कॉलेज परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टॉल आदि पहनने को प्रतिबंधित किया गया था। यह ड्रेस कोड लागू करने बाद कुछ छात्राओं ने इसका विरोध किया। जब कॉलेज प्रशासन ने उनकी नहीं सुनी तो उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस एएस चंदुरकर और राजेश पाटिल की खंडपीठ ने मुंबई शहर के एक कॉलेज द्वारा लिए गए फैसले को चुनौती देने वाली नौ छात्राओं द्वारा याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले जुलाई में विज्ञान डिग्री कोर्स के दूसरे और तीसरे वर्ष में पढ़ने वाले छात्रों ने चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसायटी के एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज द्वारा जारी निर्देश के खिलाफ याचिका दायर की थी।

इसमें छात्राओं को परिसर के अंदर हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टॉल आदि पहनने पर रोक लगाने वाला ड्रेस कोड लागू किया गया था। कॉलेज के अधिकारियों ने दावा किया था कि यह निर्णय केवल अनुशासनात्मक था, न कि मुस्लिम समुदाय के खिलाफ। कॉलेज प्रबंधनक की ओर से मौजूद वरिष्ठ वकील अनिल अंतुरकर ने कहा कि ड्रेस कोड हर धर्म और जाति से संबंधित सभी छात्रों के लिए था। हालांकि लड़कियों ने अपनी याचिका में दावा किया कि ऐसा निर्देश शक्ति के रंग रूपी प्रयोग के अलावा और कुछ नहीं है। याचिका में छात्राओं ने कॉलेज के निर्णय को मनचाहा, अनुचित, कानून के विरुद्ध और विकृत बताया गया। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता अल्ताफ खान ने इस मामले में जूनियर कॉलेजों में हिजाब प्रतिबंध पर कर्नाटक उच्च न्यायाल के फैसले से अलग करते हुए कहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)